


हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

धनबाद व रांची से एक साथ प्रकाशित

गांधी जयंती आज...

धनबाद, बुधवार 02 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 181, मूल्य : 2 रूपए

www.koylanchalsamvad.com



सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

# आजादी का बिगुल फूंकने वाले


## अमर शहीदों के झारखण्ड में

## श्री नरेन्द्र मोदी

### माननीय प्रधानमंत्री

## जी का हार्दिक अभिनंदन और जोहार

### 2 अक्टूबर, 2024



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री



**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**श्री संतोष कुमार गंगवार**
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड

PR No. 337911 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## संक्षिप्त ख़बरें

### फुमियो किशिदा ने दिया इस्तीफा, शिगेरु इशिबा जापान के नए पीएम

टोक्यो (ईएमएस)। जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और उनके मत्रिमंडल ने इस्तीफा दे दिया। इसके बाद जापान की संसद ने सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख शिगेरु इशिबा को औपचारिक रूप से देश का नया प्रधानमंत्री चुना। इशिबा को लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी का नेता चुना गया था, ताकि वे किशिदा की जगह ले सकें। इसके साथ ही इशिबा 27 अक्टूबर को संसदीय चुनाव कराने की योजना बना रहे हैं। इशिबा ने अपने मंत्रिमंडल के गठन से पहले पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की घोषणा करते हुए चुनाव की तारीख का उल्लेख किया। किशिदा भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे हुए हैं।वित्त मंत्री के रूप में कात्सुनोबु काटो और मुख्य कैबिनेट सचिव के रूप में योशिमासा हयाशी के अपने पद पर बने रहने की संभावना है। जानकारी के अनुसार इशिबा के करीबी माने जाने वाले पूर्व रक्षा प्रमुख ताकेशी इवाया विदेश मंत्री का पद संभालने वाले है। जनरल नकातानी की रक्षा मंत्रालय में वापसी होगी। नकातानी 2016 में भी देश के रक्षा मंत्री थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सीनियर नेता योजी मुटो अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय का कार्यभार संभाल सकते है। इशिबा जापान के सबसे करीबी सहयोगी, संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ कूटनीति पर रहने वाला है। उन्होंने विभिन्न मंचों से बार-बार वाशिंगटन के साथ अधिक संतुलित संबंध कायम करने के संकेत भी दिए हैं। उन्होंने चीन को रोकने के लिए सामूहिक सुरक्षा समूह नाटो का एक एशियाई संस्करण बनाने का भी प्रस्ताव रखा है, एक ऐसा विचार जिससे बीजिंग नाराज हो सकता है।

### बैलिस्टिक मिसाइल का प्रदर्शन कर द.कोरिया ने उत्तर कोरिया को चेताया

सियोल (ईएमएस)। दक्षिण कोरिया ने अपने भव्य सशस्त्र बल दिवस समारोह के दौरान उत्तर कोरिया को निशाना बनाने में सक्षम अपनी सबसे शक्तिशाली बैलिस्टिक मिसाइल और अन्य हथियारों का प्रदर्शन किया। द.कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक यियोल ने चेतावनी दी कि अगर उत्तर कोरिया परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की कोशिश करता है, तब उसका शासन ध्वस्त होगा। दक्षिण कोरिया ने हथियारों का प्रदर्शन और यह चेतावनी तब दी है जब उसके चिर प्रतिद्वंद्वी देश ने नवंबर में अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव से पहले अपने यूरेनियम संवर्धन केंद्र और मिसाइलों के परीक्षण का खुलासा किया है।राष्ट्रपति यियोल ने एक सैन्य हवाई अड्डे पर एकत्रित हजारों सैनिकों से कहा, ''यदि उत्तर कोरिया परमाणु हथियारों का उपयोग करने का प्रयास करता है, तब हमारी सेना और (दक्षिण कोरिया)-अमेरिका गठबंधन की दृढ़ और जबरदस्त प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, ''उत्तर कोरिया सरकार को यह भ्रम छोड़ देना चाहिए कि परमाणु हथियार उनकी रक्षा करेंगे।''इस समारोह के दौरान दक्षिण कोरियाई सेना ने करीब 340 सैन्य उपकरण और हथियार प्रणालियों का प्रदर्शन किया। उनमें से सबसे शक्तिशली ह्यूनमो-5 बैलिस्टिक मिसाइल थी। पर्यवेक्षकों का कहना है कि करीब आठ टन पारंपरिक हथियार ले जाने में सक्षम यह मिसाइल धरती की गहराई में घुसकर उत्तर कोरिया के भूमिगत बंकरों को नष्ट कर सकती है। यह पहली बार है जब दक्षिण कोरिया ने इस मिसाइल का खुलासा किया है।

### अफ्रीदी देश रवांडा में मारबर्ग वायरस से हड़कंप, अब तक आठ लोगों की मौत

किगाली (ईएमएस)। अफ्रीदी देश रवांडा का कहना है कि इबोला जैसे और अत्यधिक संक्रामक 'मारबर्ग वायरस' से अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है। रवांडा का यह बयान देश में घातक रक्तस्रावी ज्वर के प्रकोप की घोषणा के कुछ ही दिनों बाद आया है। इस ज्वर का कोई अधिकृत अधिकृत टीका या उपचार नहीं है। इबोला की तरह मारबर्ग वायरस भी फल खाने वाले चमगादड़ों से पैदा होता है। संक्रमित व्यक्तियों के शारीरिक तरल पदार्थ या दूषित बिस्तर की चादरों जैसी सतहों के साथ संपर्क के जरिये लोगों के बीच फैलता है।मध्य अफ्रीका के देश रवांडा ने प्रकोप की घोषणा की तथा एक दिन बाद पहली छह मौतें दर्ज की गईं। स्वास्थ्य मंत्री सबिन सांजीमाना ने कहा कि अब तक 26 मामलों की पुष्टि हो चुकी है तथा आठ संक्रमित रोगियों की मौत हो चुकी है। लोगों से अपील की गई है कि वे संक्रमण फैलने से रोकने के लिए शारीरिक स्पर्श से बचें। वायरस से संक्रमित लोगों के संपर्क में आए करीब 300 लोगों की भी पहचान कर ली गई है और उनमें से कुछ को पृथकवास केंद्रों में रखा गया है।

### जिनपिंग ने फिर ताइवान राग अलाप जनता से तैयार रहने की अपील

बीजिंग (ईएमएस)। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने फिर ताइवान पर अपना दावा दोहराकर कहा कि ताइवान चीन का पवित्र क्षेत्र है, और बीजिंग ताइवान की स्वतंत्रता का कड़ा विरोध करता है। यह बयान राष्ट्रीय दिवस की पूर्व संध्या पर दिया। अपने संबोधन में जिनपिंग ने विभाजनकारियों को कड़ा संदेश देकर चीनी जनता से अपील की कि वे सभी अनिश्चितताओं और चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें।राष्ट्रपति जिनपिंग का यह बयान तब आया है जब ताइवान और चीन के बीच संबंधों में तनातनी बनी हुई है। ताइवान पर चीनी दावा लंबे समय से विवाद का विषय रहा है, जबकि ताइवान खुद को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मानता है, लेकिन चीन ताइवान को एक विद्रोही प्रांत के रूप में देखता है और इसके पुनर्मिलन का संकल्प बार-बार व्यक्त करता है।जिनपिंग ने नागरिकों से कहा कि चीनी लोग मानवता की शांति और विकास के लिए अहम योगदान देने वाले है। उनका यह भाषण पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हुआ, जो कि 1 अक्टूबर को चीन के राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### बैंकॉक में स्कूल बस में आग, छात्रों सहित 25 लोगों की जलकर मौत

बैंकॉक (ईएमएस)। बैंकॉक के पथुम थानी प्रांत में एक स्कूल बस आग की चपेट में आ गई, जिससे छात्रों सहित 25 लोगों की जलकर मौत हो गई। बस केंद्रीय उथाई थानी प्रांत से स्कूल टूर के लिए अयुथया जा रही थी। यह हादसा तब हुआ जब बस उत्तरी उपनगर से गुजर रही थी। परिवहन मंत्री सूर्या जुंगरुंगरुंगकिट ने घटना की पुष्टि की है।गृह मंत्री अनुतिन चार्नविराकुल ने बताया कि हादसे के बाद बस इतनी गर्म थी कि राहत और बचाव कार्य में जुटे सुरक्षाकर्मियों को बस के अंदर दाखिल होने में काफी कठिनाई हुई। इस हादसे में 25 लोगों की मौत की आशंका है, और जीवित बचे लोगों की संख्या के आधार पर मृतकों की संख्या बढ़ने की भी संभावना है।प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनावात्रा ने हादसे पर गहरी संवेदना व्यक्त की और सरकार की ओर से घायलों के इलाज का खर्च उठाने तथा पीड़ितों के परिवारों को मुआवजा देने की घोषणा की है। सोशल मीडिया पर इस दर्दनाक हादसे के वीडियो और तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जिनमें पूरी बस को आग की लपटों में घिरा हुआ देखा जा सकता है। प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि हादसे की वजह एक टायर का फटना और बस का सड़क अवरोधक से टकराना हो सकता है, जिसके बाद बस में आग लग गई।

### पश्चिम के क्रूर प्रतिबंधों के मुकाबले के लिए रूस का साथ जरुरी

तेहरान (ईएमएस)। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने पश्चिम के क्रूर प्रतिबंधों के मुकाबले के लिए रूस के साथ द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया है। उनके कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, पेजेशकियन ने रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्टिन के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में यह बयान दिया। बैठक का उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार और अन्य क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ाना था।रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति पेजेशकियन ने कहा कि ईरान और रूस के बीच राजनयिक आदान-प्रदान से द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती आएगी। बैठक के दौरान, रूसी प्रधानमंत्री ने भी ऊर्जा, उद्योग, कृषि, परिवहन, स्वास्थ्य और संस्कृति के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की मॉस्को की इच्छा जाहिर की। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में द्विपक्षीय व्यापार में अच्छी वृद्धि हुई है, जो दोनों देशों के लिए उत्साहजनक है। रूसी प्रधानमंत्री ने ईरान को रूस में होने वाले आगामी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया और मास्को-तेहरान व्यापक रणनीतिक समझौते पर हस्ताक्षर करने का भी प्रस्ताव रखा। वर्तमान में ईरान और रूस के बीच व्यापार 2.5 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। अरेफ ने उम्मीद जताई कि यह आंकड़ा भविष्य में और बढ़ेगा और दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रीय तंत्रों जैसे ब्रिक्स, शंघाई सहयोग संगठन और यूरेशियन संघ के माध्यम से सहयोग और सुदृढ़ होगा।

# हिजबुल्लाह ने मोसाद हेड क्वॉर्टर पर किया मिसाइल हमला



### इजराइल ने की पुष्टि, मची खलबली

बेरूत,(ईएमएस)। हिजबुल्लाह ने इजराइली सेना की खुफिया एजेंसी मोसाद के हेड क्वॉर्टर पर मिसाइल से हमला किया है। इस हमले से इजराइल में खलबली मच गई। हिजबुल्लाह के इस दावे की पुष्टि ईरानी मीडिया ने की है, वहीं इजराइल ने भी हमले की बात कही है, लेकिन हमला कहां हुआ इस संबंध में कुछ नहीं कहा गया है।इजराइल द्वारा हिजबुल्लाह के खिलाफ लगातार किए गए हमलों के बीच हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसने इजराइल के जमीनी अभियान के विरोध में दक्षिणी लेबनान पर मोसाद खुफिया एजेंसी के मुख्यालय को निशाना बनाते हुए मिसाइल दागी है। रिपोर्टों में कहा जा रहा कि हर्ज़लिया के पास ग्लिलोट बेस पर फादी-4 मिसाइलें दागीं गईं। इसके साथ ही बताया गया कि हिजबुल्लाह के इस हमले को राकने में आईडीएफ की सैन्य खुफिया इकाई और मोसाद मुख्यालय असफल रहे हैं। इस हमले के बाद इजराइल में हड़कंप मचा हुआ है। इस हमले के बाद नेतन्याहू की परेशानियां अपने ही देश में बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। ऐसा इसलिए है क्योंकि शांतिप्रिय लोग पहले से ही युद्ध के खिलाफ इजराइल सरकार को घेरते रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक मोसाद हेड क्वॉर्टर पर हिजबुल्लाह के किए गए हमले के दाबे के बाद इजराइल में मैगन डेविड एडोम एम्बुलेंस सेवा ने जानकारी दी कि रॉकेट की चपेट में आने के बाद एक सड़क अवरुद्ध हो गई है। एम्बुलेंस सेवा के सूत्रों की मानें तो घटनास्थल पर ही दो लोगों का इलाज किया गया, जिन्हें छर्रे लगे थे। इन घायलों में एक बस चालक और एक अन्य मोटर चालक शामिल था। बताते चलें कि फादी-4 मिसाइल हिजबुल्लाह की सबसे घातक मिसाइल मानी जाती है।

यहां ईरानी मीडिया ने भी मंगलवार सुबह बताया है कि इजराइल पर हिजबुल्लाह के मिसाइल हमले के बाद तेल अवीव में अलर्ट सायरन बज उठे। तेल अवीव समेत फिलिस्तीन के कब्जे वाले व पूरे मध्य क्षेत्र में सायरन बजने से लोगों में हड़कंप मच गया और लोग यहां-वहां अफरा-तफरी में भागते नजर आए। सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि तेल अवीव हवाई क्षेत्र में अनेक विस्फोट हुए हैं। इस दावे के साथ ही सोशल मीडिया पर भी कुछ वीडियो फुटेज नजर आए हैं, जिन्हें लेकर दावा किया जा रहा है कि हिजबुल्लाह की मिसाइलों ने इजराइल के कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्रों पर जोरदार हमला किया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार तेल अवीव की तरफ 5 मिसाइलें दागी गईं।

### इज़रायली सेना ने हमले की दी सूचना

इजराइल ने हिज़्बुल्लाह की ओर से किए गए मिसाइल हमले की पुष्टि की है। यह अलग बात है कि इस सेना के बयान में यह नहीं बताया गया है कि हमला मोसाद हेड क्वॉर्टर पर हुआ या किसी और जगह पर किया गया है। आईडीएफ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट करते हुए कहा, कि हिजबुल्लाह द्वारा दागी गई मिसाइल मध्य इज़रायल के कफ़्र कासेम में गिरी है। इसके साथ ही कहा जा रहा है कि यह पहली बार नहीं हुआ है जबकि इस क्षेत्र में हिजबुल्लाह ने मिसाइल दागी हो। हिज़्बुल्लाह पहले से इजराइलियों को नुकसान पहुंचाने ऐसे हमले करता आया है। इसके साथ ही इजराइल ने एक वीडियो फुटेज भी साझा किया है, जिसमें मिसाइल हमले से गुबार उठता दिख रहा है।

### थाईलैंड में तूफान के बाद 125 पालतू मगरमच्छों की करना पड़ी हत्या

बैंकॉक(ईएमएस)। क्रोकोडाइल एक्स के नाम पहचान बना चुके लाम्फुन में रहने वाले नट्टापक खुमकड़ अपने पाले हुए 125 मगरमच्छों को करंट लगाकर मार दिया। इसके पीछे का कारण ये हैं कि यहां तूफान आया था जिसके कारण उनके फार्म की दीवारे कमजोर हो गई थी। दीवार गिरने वाली थी। दीवार टूटने से मगरमच्छ आसपास के क्षेत्रों में फैल सकते थे, जिससे आम लोगों की जान को गंभीर खतरा हो सकता था। नट्टापक ने फार्म को सुरक्षित करने की बहुत कोशिश की, लेकिन कोई वैकल्पिक स्थान नहीं मिलने के कारण उन्हें इस कठिन कदम पर जाना पड़ा। नट्टापक का कहना था, मेरे परिवार और मैंने इस पर चर्चा की और महसूस किया कि अगर दीवार गिर जाती, तो हम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकते थे। उनकी जान बचाने के लिए हमें मगरमच्छों को मारना पड़ा। यह उनके लिए जीवन का सबसे कठिन फैसला था, क्योंकि वह पिछले 17 साल से इन मगरमच्छों का पालन-पोषण कर रहे थे।इस वर्ष का सबसे शक्तिशाली तूफान टाइफून यागी ने थाईलैंड और दक्षिण-पूर्व एशिया के कई इलाकों में भारी तबाही मचाई।

## नेपाल में मूसलाधार बारिश, अब तक 215 से अधिक लोगों की मौत



काठमांडू (ईएमएस)। नेपाल में मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचा दी है, इसमें बाढ़ और भूस्खलन के कारण अब तक 215 से अधिक लोगों की मौत हुई है, जबकि 28 लोग लापता हैं। यह आपदा गुरुवार को शुरू हुई और रविवार तक कई इलाकों में विनाश का कारण बनी रही, जिससे हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। बारिश के कारण पूर्वी और मध्य नेपाल के बड़े हिस्से जलमग्न हो गए हैं, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई है।हालांकि, काठमांडू में मौसम में सुधार के संकेत मिले हैं, जिससे आपदा प्रभावित लोगों को कुछ राहत मिली है। तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश ने काठमांडू घाटी सहित कई इलाकों में बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति उत्पन्न कर दी है, जहां मरने वालों की संख्या 50 से अधिक हो चुकी है। मंगलवार सुबह तक मरने वालों की कुल संख्या 217 तक पहुंच गई है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ऋषिराम तिवारी ने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं के चलते अब तक 28 लोग लापता हैं और 143 लोग घायल हुए हैं।नेपाल की सुरक्षा एजेंसियों ने 20,000 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया है, जो खोज, बचाव और राहत कार्यों में लगे हुए हैं। सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री का वितरण सुनिश्चित करने और अवरुद्ध सड़कों को फिर से चालू करने के लिए प्राथमिकता दी है। घायलों का कई स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज चल रहा है, और सरकार आपदा प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

## नफरती भाषण देने वाला जाकिर नाइक का पाकिस्तान में रेड कार्पेट स्वागत

### 28 अक्टूबर तक पाकिस्तान में रहकर सार्वजनिक भाषण देगा



इस्लामाबाद (ईएमएस)। भारत में नफरती भाषण और सांप्रदायिक वैमनस्य भड़काने के आरोपों में वांछित विवादित इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक का पाकिस्तान में रेड कार्पेट स्वागत किया गया। नाइक पाकिस्तान में 28 अक्टूबर तक रहेगा और अपने बेटे फारिक जाकिर के साथ विभिन्न शहरों में सार्वजनिक भाषण देगा।इस्लामाबाद हवाई अड्डे पर नाइक का स्वागत पाकिस्तान के मंत्री राणा मशहूद, धार्मिक मामलों के मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव सैयद अत्ता-उर-रहमान, और धार्मिक मामलों के संसदीय सचिव शमशेर अली मजारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया। नाइक ने उप प्रधानमंत्री और विदेश मामलों के मंत्री मोहम्मद इशाक डार से भी मुलाकात की।नाइक को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के निमंत्रण पर बुलाया गया है, जाकिर प्रधानमंत्री शरीफ, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर, और पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज शरीफ सहित अन्य उच्च अधिकारियों से मुलाकात करेगा।साथ ही नाइक इस्लामाबाद, कराची और लाहौर में सार्वजनिक सभाओं को संबोधित करेगा। इसके अलावा, वह शुक्रवार को जुमे की नमाज का नेतृत्व भी करेगा और लोगों को संबोधित करेगा। नाइक फिलहाल मलेशिया में रह रहा है, जहाँ वह 2016 में भारत से भागकर पहुँचा था, जब भारतीय एजेंसियों ने उसके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियों (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया था। भारत ने नाइक के प्रत्यर्पण का अनुरोध किया है, लेकिन मलेशिया ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

# ईरानी जासूस इजराइल को पहुंचा रहे खुफिया जानकारीः अहमदीनेजाद

### मोसाद ने ऑपरेशन के तहत घुसपैठ की, परमाणु दस्तावेजों को भी चुराया




तेहरान,(ईएमएस)। इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने हैरान करने वाला कारनामा कर दिखाया है। पूर्व ईरानी राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद ने खुलासा किया है कि मोसाद ने ईरान की खुफिया एजेंसी के शीर्ष स्तरों पर घुसपैठ की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि ईरान में जासूसों का एक ग्रुप जो इजराइल के लिए काम कर रहा था को मोसाद ने अपने साथ मिला लिया था। ये ईरानी जासूस अब मोसाद के लिए डबल एजेंट के रूप में काम कर रहे थे।

मीडिया रिपोर्ट में अहमदीनेजाद ने एक दावा किया कि मोसाद ने एक ईरानी खुफिया एजेंसी के प्रमुख के रूप में अपने एक एजेंट को बैठा दिया था, जो सारी जानकारी इजराइल को पहुंचा रहा था। उन्होंने कहा कि मोसाद का यह ऑपरेशन ईरान के परमाणु कार्यक्रम के बारे में जानकारी चुराने का उद्देश्य था। उन्होंने खुलासा किया कि ईरानी खुफिया मंत्रालय में काउंटर-इजराइल यूनिट का प्रमुख भी एक इजराइली एजेंट था। उन्होंने कहा कि मोसाद ने एक जटिल ऑपरेशन के तहत ईरानी खुफिया सेवाओं में घुसपैठ की, जिसमें महत्वपूर्ण परमाणु दस्तावेजों को चुराना भी शामिल था।रिपोर्ट के मुताबिक अहमदीनेजाद ने बताया कि ईरान की खुफिया एजेंसी में करीब दो दर्जन ईरानी मोसाद के लिए जासूसी का काम कर रहे थे। यह पहली बार नहीं है जब इजराइल की मोसाद ने ईरान के अंदर अपने जासूस बनाए हैं। 2018 में इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने घोषणा की थी कि इजराइल ने ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम से संबंधित फाइलों का खजाना प्राप्त किया है। यह अभियान आधी रात को तेहरान में चलाया गया था, जहां मोसाद के एजेंटों ने ईरान के परमाणु हथियारों के विकास का विवरण देने वाले 100,000 से अधिक दस्तावेज चुरा लिए थे।छह घंटे के ऑपरेशन में दो दर्जन से ज्यादा एजेंटों ने दस्तावेजों तक पहुंचने के लिए गोदाम में तिजोरियों को काटा था। बाद में नेतन्याहू ने इन दस्तावेजों को तेल अवीव में प्रस्तुत किया, जिसने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान के साथ 2015 के परमाणु समझौते से बाहर निकलने के लिए प्रेरित किया। इस प्रकार, मोसाद के सफल ऑपरेशनों ने ईरान के लिए सुरक्षा चुनौतियां पैदा की हैं और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में तनाव को बढ़ा दिया है।

### रूसी सुखोई-35 लड़ाकू विमान अमेरिकी एफ-16 के पास गुजरा, बाल-बाल बचे

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। यूक्रेन युद्ध के चलते अमेरिका और रूस की सेनाओं के बीच तनाव बढ़ रहा है। हाल ही में अमेरिका के अलास्का राज्य के पास समुद्र में एक खतरनाक घटना हुई, जब रूसी सुखोई-35 लड़ाकू विमान अमेरिकी वायुसेना के एफ-16 विमान के पास से गुजरा गया। इस घटना से टकराव का खतरा पैदा हो गया है। अमेरिकी वायुसेना के मुताबिक एफ-16 विमान रूस के दो टीयू-95 बमवर्षकों का पीछा कर रहे थे, जो अलास्का के पास पहुंच गए थे। इसी दौरान रूसी सुखोई-35 अचानक से एफ-16 विमानों के बीच से निकला।इस नाटकीय घटना का वीडियो अमेरिकी वायुसेना ने साझा किया है, जो पहले काला सागर में हुई एक घटना की तरह दिखाई देती है। वीडियो में देखा जा सकता है कि सुखोई-35 विमान एफ-16 के पास से गुजरते हुए आगे बढ़ता है, जिससे टकराने से बाल-बाल बचा गया। यह घटना 23 सितंबर को घटित हुई थी। अमेरिकी अधिकारियों ने रूसी पायलट के व्यवहार को असुरक्षित और गैर पेशेवराना करार दिया है। अमेरिकी वायुसेना ने बताया कि अमेरिकी विमान उस क्षेत्र में सामान्य गश्त कर रहे थे।अलास्का में अमेरिकी वायुसेना के कमांडर ने इस घटना की निंदा की है, बताया गया कि रूसी विमान अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में बने रहे और अमेरिकी या कनाडाई हवाई क्षेत्र में नहीं घुसे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अलास्का में रूस की गतिविधियां सामान्य रूप से होती रहती हैं और इसे हमेशा खतरे के रूप में नहीं देखा जाता है। अमेरिका ने रूसी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एक व्यापक रक्षा नेटवर्क स्थापित किया है, जिसमें उपग्रह, ज़मीन आधारित और हवाई रडार और फाइटर जेट शामिल हैं।यूक्रेन युद्ध के बाद से अमेरिका और रूस के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है, जिसमें रूस की वायुसेना और युद्धपोतों ने अलास्का के पास चक्कर लगाना शुरू कर दिया है। हाल ही में, चीन के युद्धपोत भी रूसी युद्धपोतों के साथ अलास्का के पास पहुंचे गए थे, जिससे यह साफ होता है कि रूस और चीन दोनों ही अमेरिका पर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

### सुपर टाइफून की आहट जापान और फिलीपींस हाईअलर्ट पर

टोक्यो(ईएमएस)। जापानी मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में दो सुपर टाइफून का आगमन होने वाला है। इनमें से एक, क्रैथॉन, की गति 215 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक होने की संभावना है। लेकिन सबसे अधिक चिंता का विषय जेबी तूफान है, जिसने 100 साल पहले जापान में 195 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तबाही मचाई थी, जब लाखों घर उड़ा दिए गए थे। जापान, फिलीपींस और अन्य देशों ने इस तूफान को लेकर हाईअलर्ट घोषित किया है।जापान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इन तूफानों से होने वाली तबाही का अनुमान लगाना मुश्किल है। सोमवार सुबह लगभग 6 बजे, जेबी टाइफून चिचिजिमा से लगभग 220 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में था। जबकि इसकी रफ्तार फिलहाल कम है, लेकिन यह मिनटों में अपनी गति बढ़ा सकता है। जेबी टाइफून को सबसे घातक तूफानों में चौथे स्थान पर रखा जाता है।

## चीन की बढ़ी म्यांमार में धाक, एफटीसी 2000जी लड़ाकू विमान किए डिलेवर



रंगून,(ईएमएस)। भारत के पड़ोसी देश म्यांमार में चीन ने फिर अपनी मौजूदगी को मजबूत करते हुए म्यांमार को छह मध्यम श्रेणी के लड़ाकू विमानों की डिलीवरी की है। म्यांमार की सेना इन विमानों का इस्तेमाल विद्रोहियों पर बमबारी के लिए कर सकती है, जबकि हाल के दिनों में जातीय विद्रोहियों ने कई बड़े शहरों को अपने कब्जे में ले लिया है। इस स्थिति के चलते म्यांमार की सेना ने विद्रोहियों के खिलाफ हवाई हमले तेज कर दिए हैं, जिससे बड़ी संख्या में आम नागरिकों को नुकसान पहुंच रहा है।म्यांमार ने एफटीसी-2000जी विमानों का ऑर्डर 2020 में दिया था। कोविड महामारी और लॉकडाउन के चलते डिलीवरी में देरी हुई। नवंबर 2022 में म्यांमार की सेना को पहले बैच में छह लड़ाकू विमानों की डिलीवरी मिली थी। अगस्त 2023 में दूसरे बैच के विमानों की डिलीवरी के साथ ही पायलटों की ट्रेनिंग भी शुरू हो गई है।एफटीसी-2000जी एक हल्का मल्टीरोल ट्रेनर/लड़ाकू विमान है, जिसे गुइझोऊ एविएशन इंडस्ट्री कॉरपोरेशन द्वारा डिजाइन किया गया है। यह विमान चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी एयर फ़ोर्स और सूडानी सेना के साथ भी सेवा में है। दो सीटों वाला यह जेट फाइटर हमले, प्रशिक्षण, हवाई निगरानी, गश्ती मिशन, टोही और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के लिए प्रयोग किया जाता है। यह तीन टन तक के हथियारों को ले जाने की क्षमता रखता है और मुख्य रूप से ज़मीनी लक्ष्यों पर हवाई हमले करने के लिए डिजाइन किया गया है।विश्लेषकों के मुताबिक एफटीसी-2000जी विमान कम ऊंचाई पर उड़ान भरने की क्षमता रखता है, लेकिन इसकी अधिकतम ऊंचाई 16 मीटर मीटर है, जो इसे पोर्टेबल सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के लिए असुरक्षित बनाता है। चीन का यह कदम म्यांमार की राजनीतिक स्थिरता और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर चिंताओं को जन्म दे रहा है, जबकि विद्रोहियों के खिलाफ म्यांमार की सेना की कार्रवाई जारी है।

### इजराइल बम बरसाकर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सकता, हम भी देंगे जवाब

बैरुत,(ईएमएस)। लेबनान की सीमा पर इजराइली सेना की हालिया कार्रवाइयों से हिज्बुल्लाह पर दबाव बढ़ गया है। हिज्बुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह की मौत के बाद हिज्बुल्लाह की प्रतिक्रिया का इंतजार था। इस बीच हिज्बुल्लाह के डिप्टी लीडर शेख नईम कासिम ने बयान जारी किया है जिसमें उसने इजराइली हमलों का सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा है।कासिम ने कहा कि यदि इजराइल उनकी सरजमीं में दाखिल होता है, तो हिज्बुल्लाह उसका सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। हम उसको जवाब जरुर देंगे। उन्होंने यह भी साफ किया कि संगठन नागरिकों और कमांडर्स की मौत के बावजूद झुकने वाला नहीं। उनका कहना था कि हम गाजा का समर्थन करना जारी रखेंगे और अपने लोगों की रक्षा करेंगे। कासिम के बयान से यह साफ हो गया है कि हिज्बुल्लाह अपनी सैन्य क्षमता में कोई कमी नहीं आने देना चाहता। उन्होंने कहा कि संगठन नसरल्लाह के मार्ग पर ही चलेगा और इजराइल से मुकाबला करने का विश्वास जताता है जैसे कि 2006 में हुआ था।कासिम ने इजराइली आक्रमणों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इजराइली सेना ने लेबनान के गांवों और रिहाइशी इलाकों को निशाना बनाया है, जिसमें निर्दोष नागरिकों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि इजराइल यदि सोचता है कि वह बम बरसाकर अपने मंसूबों में कामयाब हो जाएगा, तो वह भ्रम में है। कासिम ने यह भी कहा कि हिज्बुल्लाह के नए नेता का चुनाव जल्द ही किया जाएगा, जिससे संगठन की स्थिरता बनी रहेगी। उन्होंने यह तय किया कि हिज्बुल्लाह इजराइल के हमलों का जवाब देने के लिए तैयार है और इसे एक लंबे संघर्ष के रूप में देखा जा सकता है।हाल के घटनाक्रमों ने लेबनान और इजराइल के बीच तनाव को और बढ़ा दिया है। हिज्बुल्लाह की तैयारी और इजराइली आक्रामकता के बीच, क्षेत्रीय स्थिरता की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इस नए मोड़ पर हिज्बुल्लाह के कार्यों पर नजर रखना महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि यह सुरक्षा और राजनीति दोनों के लिए महत्वपूर्ण परिणाम ला सकता है।

हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
धनबाद व रांची से एक साथ प्रकाशित
गांधी जयंती आज...
धनबाद, बुधवार 02 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 181, मूल्य : 2 रूपए
www.koylanchalsamvad.com

# पूर्व की सरकारों ने जलसहिया दीदियों को अधिकार से वंचित रखा : हेमंत सोरेन

### राज्य स्तरीय जलसहिया क्षमतावर्द्धन-सह-स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में सीएम हुए शामिल

### जलसहिया को स्मार्ट मोबाइल फोन केलिए डीबीटी के माध्यम से 12 हजार रुपये हस्तांतरण किया

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय जलसहिया क्षमतावर्द्धन-सह-स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए. इस मौके पर उन्होंने झार-जल एप के माध्यम से कार्य करने की सुविधा के लिए जलसहिया को स्मार्ट मोबाइल फोन के क्रय के लिए डीबीटी के माध्यम से 12 हजार रुपये हस्तांतरण किया. इसके साथ ही जल सहियाओं को अब मानदेय एक हजार रुपये से बढ़ाकर 2 हजार रुपये करने के सरकार के निर्णय ये अवगत कराया. उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए जल सहियाओं, मुखिया व स्वयं सहायता समूहों के बीच प्रशस्ति पत्र का वितरण किया. इस मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता, मिथिलेश कुमार ठाकुर, दीपिका पांडेय सिंह, सांसद महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन, राजेश कच्छप,



राजेश ठाकुर, प्रधान सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एमआर मीणा सहित कई शामिल हुए.

### जलसहिया दीदियों की समस्याओं पर राज्य सरकार का पूरा ध्यान है

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने जलसहिया दीदियों को उनका हक-अधिकार से वंचित रखने का काम किया था. मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आम नागरिक और सरकार के विभिन्न अंग को अपने साथ खड़े होने के लिए उन्हें उनका हक और अधिकार दे रही है. जलसहिया दीदियों की समस्याओं पर राज्य सरकार का पूरा ध्यान है. हमारी सरकार एक-एक समस्याओं का निदान करने का काम कर रही है. हमारी सरकार ने ग्राम स्तर पर कार्यरत जलसहिया दीदियों की मानदेय राशि को बढ़ाकर 2 हजार रुपए प्रतिमाह किया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में आप सभी जलसहिया दीदियों के माध्यम से राज्य सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाएं गांव-गांव तथा घर-घर तक पहुंचता है. मुख्यमंत्री ने कहा कि आप याद कीजिए वह दिन जब पूर्व की सरकार में छोटे से कार्यकाल के भीतर मेरे मंत्री रहते आप सभी जलसहिया दीदियों की नियुक्ति हुई थी. आपकी समस्याओं को मुझसे ज्यादा कोई नही समझ सकता है.

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा का मेनिफेस्टो फाइनल तीन को होगा जारी : हिमंता

रांची : असम के सीएम सह भाजपा झारखंड के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश भाजपा का मेनीफेस्टो (घोषणा पत्र) फाइनल हो चुका है. तीन अक्तूबर को इसे जारी किया जाएगा. इस घोषणा पत्र को 30 सितंबर यानि सोमवार को हुए मैराथन बैठक में अंतिम रूप दिया गया. वे मंगलवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे.

#### जेएसएससी-सीजीएल के पांच अभ्यर्थी पीएम से मिलेंगे

हिमंता ने कहा कि प्रधान मंत्री दो अक्तूबर को झारखंड आ रहे हैं. वे हजारीबाग में परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में शिरकत करेंगे. पीएम से जेएसएससी-सीजीएल के पांच अभ्यर्थियों की मुलाकात भी हो सकती है. ये अभ्यर्थी पीएम के समक्ष परीक्षा के पूरे प्रकरण को रखेंगे. बताते चलें कि भाजपा नें पेपर लीक मामले को भी अहम मुद्दा बनाया है. उन्होंने बताया कि पीएम कई आदिवासी नेताओं से भी मुलाकात करेंगे.

### आईपीएस आरके मल्लिक और मुरारी लाल मीणा को डीजी रैंक में मिली प्रोन्नति

रांची : आईपीएस मुरारी लाल मीणा और आरके मलिक को डीजी रैंक में प्रोन्नति दिया गया. मीणा को डीजी रेल बनाया गया जबकि मलिक को डीजी हेडक्वार्टर के पद पर पदस्थापित किया गया. गौरतलब है कि ये दोनों आईपीएस अधिकारी जनवरी 2025 में सेवानिवृत हो जाएंगे. मुरारी लाल मीणा 1993 बैच के आईपीएस हैं जबकि आरके मल्लिक 1992 बैच के आईपीएस हैं.

### पीएम मोदी ने की नेतन्याहू से फोन पर बात

नई दिल्ली (ईएमएस)। इजरायल की ओर से चौतरफा जंग का आगाज किया गया है। हर तरफ तबाही मची हुई है। अब ये बात होने लगी हैं कि आखिर इजरायल कब रुकने वाला है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बातचीत नई चर्चा को जन्म दे दिया है। पीएम मोदी को लेकर पहले ही चर्चा हैं कि वे रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध रोकने के लिए कोशिशों में लगे हैं। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी का इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू से फोन पर बात करना फिर से चर्चाओं को शुरू कर चुका है। दरअसल, पीएम मोदी ने इजरायली प्रधानमंत्री से बात करने के बारे में जानकारी देकर कहा कि पीएम नेतन्याहू से पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों के बारे में बात की। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। क्षेत्रीय तनाव को रोकने और सभी बंधकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करना अहम है। भारत शांति और स्थिरता जल्द बहाल करने की कोशिशों को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं इसके पहले नेतन्याहू ने ईरान के लोगों से कहा कि हर दिन, आप उस शासन को देखते हैं जो आपको अपने अधीन कर लेता है। अगर उन्हें आपकी परवाह है, तब वह पूरे मिडिल ईस्ट में बेवजह के युद्धों पर अरबों डॉलर बर्बाद करना बंद करेगा। आपके जीवन में सुधार करना शुरू कर देगा। जब आखिर में ईरान आज़ाद होगा और वह पल बहुत जल्द आएगा, तब हमारे दो देश-इस्राइल और ईरान शांति से रहने वाले है।

### भारत दौरे पर आने वाले जमैका के पहले पीएम होलनेस, पीएम मोदी से की मुलाकात

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को हैदराबाद हाउस में जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस के साथ चर्चा की। पीएम होलनेस की नई दिल्ली यात्रा का ऐतिहासिक महत्व है। वे भारत दौरे पर आने वाले जमैका के पहले पीएम हैं। उनकी चार दिवसीय यात्रा 3 अक्टूबर तक जारी रहेगी। इसके पहले दिन में होलनेस ने राजघाट पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। विदेश मंत्रालय ने तस्वीरें साझा कर लिखा, राष्ट्रपिता का सम्मान!

जमैका के पीएम एंड्रयू होलनेस ने मंगलवार को राजघाट पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। जमैका के प्रधानमंत्री राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और अन्य उच्च पदस्थ अधिकारियों और व्यापारिक नेताओं से भी मुलाकात करने वाले है। होलनेस के भारत दौरे पर कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है, जिससे द्विपक्षीय सहयोग और मजबूत होगा। दोनों देशों का औपनिवेशिक अतीत साझा है, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता और क्रिकेट के प्रति जुनून दोनों देशों में देखने को मिलता है। यात्रा से भारत-जमैका के बीच कूटनीतिक संबंधों के मजबूत होने की उम्मीद है।

### बम ब्लास्ट में 7 बच्चे घायल

भागलपुर(ईएमएस)। भागलपुर में मंगलवार को एक मैदान में ब्लास्ट हुआ है। यहां खेल रहे 7 बच्चे इस ब्लास्ट की चपेट में आए हैं। इनमें से 3 बच्चे ज्यादा झुलसे हैं, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए बच्चों को मायागंज अस्पताल रेफर किया गया है। घायलों में मोहम्मद इरसाद के दो बेटे मन्नू और गोलू की स्थिति नाजुक है। बाकी बच्चे की अभी पहचान नहीं हो पाई है। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज 1 किमी दूर तक सुनाई दी। धमाके के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल है। सिटी एसपी के. रामदास के मुताबिक, मौके पर फॉरेंसिक टीम मौजूद है। ब्लास्ट हबीबपुर थाना क्षेत्र के शाहजंही मैदान में हुआ है।



## संक्षिप्त ख़बरें

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वृद्धजनों को फुल और शॉल देकर किया गया सम्मानित



गिरिडीह :- मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, श्रीमती स्नेह कश्यप के द्वारा वृद्धाआश्रम में वृद्धजनों को समाज में उनके योगदान हेतु धन्यवाद किया गया तथा उन्हें फुल और शॉल देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त वृद्धजनों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के द्वारा वृद्धाआश्रम में कैंप के माध्यम से उनका स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है। स्वास्थ्य जांच कैंप के माध्यम से वृद्धजनों का बीपी जांच, आंख जांच, दांत जांच, अनीमिया की जांच, मोतियाबिंद की जांच आदि की जांच की जा रही है। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि हमारे वरिष्ठ नागरिकों के अमूल्य योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान बाल संरक्षण पदाधिकारी, डीसीपीयू काउंसलर, समाज कल्याण के अधिकारी समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया

हाजीपुर, (ईएमएस)। मंगलवार दिनांक 01 अक्टूबर को रेल मुख्यालय, हाजीपुर में 02 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। पूर्व मध्य रेल के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

### नदियां उफान पर, कई गांव बने तालाब राहत व बचाव कार्य जारी



पटना,(ईएमएस)। बिहार में कोसी समेत प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। यहां बाढ़ से 16 जिले प्रभावित हैं, जिससे करीब 9 लाख लोगों की जिंदगी पर संकट आ गया है। राहत और बचाव कार्यों में जुटी एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में लगातार काम कर रही हैं।बाढ़ पीड़ितों के लिए 43 राहत शिविर बनाए गए हैं, जहां 11 हजार से ज्यादा लोगों को पहुंचाया गया है। बाढ़ का सबसे ज्यादा असर बिहार के उत्तर-पूर्वी इलाके में दिख रहा है, जहां पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी और दरभंगा में तटबंधों के टूटने के कारण बाढ़ का पानी चार सौ से ज्यादा गांवों में भर गया है। खगड़िया और मधेपुरा जिलों के भी कई गांव बाढ़ के पानी में डूबे हुए हैं।आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, अररिया, किशनगंज, गोपालगंज, शिवहर, सीतामढ़ी, सुपौल, सिवान, मधेपुरा, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, मधुबनी, दरभंगा, सारण और सहरसा जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। राहत और बचाव की टीमें नावों के माध्यम से सुरक्षित स्थानों पर लोगों को ले जा रही हैं। आपदा प्रबंधन मंत्री संतोष कुमार खुद बाढ़ की स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।नीतीश सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कम्युनिटी किचन की शुरुआत की है, जिसके तहत जिला प्रशासन 127 केंद्रों के जरिए रोज करीब 50 हजार लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक करीब 55 हजार लोगों को राशन के पैकेट बांटे जा चुके हैं और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आठ सौ नाव चलाई गई हैं जो लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रही हैं।इसके अलावा, डॉक्टरों टीम भी तैनात की गई है, बोट एंबुलेंस को भी मौके पर भेजा गया है। महामारी से बचाव के लिए लोगों को ब्लीचिंग पाउडर दिया जा रहा है ताकि डेंगू और अन्य बीमारियों का प्रकोप न फैले। बिहार सरकार राहत कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही है, ताकि बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद की जा सके और उनकी जीवन रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित

**बैठक में अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया**

**अवैध खनन रोकने की दिशा में सख्त कदम उठाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए**




गिरिडीह,:-मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, बीडीओ, गांडेय, पीरटाड़/डुमरी, सीओ, डुमरी/बेंगाबाद समेत संबंधित थाना प्रभारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान अवैध पत्थर उत्खनन, अवैध बालू/कोयला/अभ्रक उत्खनन के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी द्वारा की गयी कार्रवाई का ब्यौरा लिया गया। इस दौरान सीसीएल के पट्टा क्षेत्र, वन क्षेत्रों हो रहे मायका अभ्रक के अवैध उत्खनन व अन्य क्षेत्रों में कोयलें के अवैध उत्खनन व प्रेषण की रोकथाम व अन्य पर विचार विमर्श किया गया। बालू घाटों के संचालन एवं बालू के अवैध भंडारण उठाव एवं परिवहन के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा जिले में अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त के द्वारा जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन करने वाले पर प्राथमिकी दर्ज करने तथा वन क्षेत्र में भी खनन करने वाले लोगों पर भी प्राथमिकी दर्ज कर उचित करवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही अवैध रूप से खनिज लदे वाहनों की भी जांच करने का निर्देश दिये गए। बैठक में उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन रोकने की दिशा में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी से समन्वय बनाकर संबंधित विभाग कड़ा रूख अख्तियार करें। उन्होंने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए सख्त कदम उठाएं। जांच-पड़ताल के साथ छापेमारी अभियान चलाएं।

### रोहतास में महिला डांसर की गोली मारकर हत्या

रोहतास, (ईएमएस)। बिहार के रोहतास में अज्ञात बदमाशों ने एक महिला डांसर की गोली मारकर हत्या कर दी। सोमवार रात आक्रोशित परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर सासाराम पोस्ट ऑफिस चौक को जाम कर दिया। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमुहार के पास की है। मृतक महिला डांसर का नाम आरती कुमार है और उसकी उम्र करीब 20 साल बताई गई है। वह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के विश्रामपुर की रहने वाली थी। घटना को लेकर इलाके में भय का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार किसी ने आरती को फोन कर मोबाइल देने के लिए बुलाया था। इसके बाद उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। उधर मृतक के भाई का आरोप है कि उसकी बहन आरती अपने पति आदित्य के साथ जाने के लिए तैयार नहीं थी। उसे जबरन ले जाया गया। रविवार को दोनों साथ गए। सोमवार को आरती मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कंचनपुर गांव के बाहर बेहोशी की हालत में मिली। स्थानीय लोगों ने उसे जमुहार अस्पताल में भर्ती कराया।

# दुर्गापूजा के मद्देनजर विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर उपायुक्त बैठक

गिरिडीह,:- आज समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा क्रमवार सभी अनुमंडल/प्रखंडों व थानों से जिले में दुर्गा पूजा विधि व्यवस्था से संबंधित तैयारी के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। जिसमें सभी अनुमंडल पदाधिकारी/सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व थाना प्रभारी के द्वारा बताया गया कि शांति समिति की बैठक पूर्ण किया जा चुका है। पूजा पंडाल समितियां के साथ भी बैठक किया जा चुका है। संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है। सहित अपने-अपने तैयारी के विषय में विस्तृत जानकारी दिया गया। इसके अलावा बैठक के दौरान समाज के गणमान्य नागरिकों ने जिला प्रशासन से दुर्गा पूजा के दौरान बिजली, पानी, यातायात व अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का अनुरोध किया। बैठक के दौरान उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में विधि व्यवस्था संधारण हेतु आज की बैठक आयोजित की गई है। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया जाए। पंडालों में समुचित लाइट की व्यवस्था, एंट्री और एग्जिट के लिए समुचित रास्ते, पंडाल के समीप वाहन पार्किंग ना हो, इसका भी विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। साथ ही ज्वलनशील पदार्थ पर भी विशेष रूप से निगरानी रखी जाए। सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे भी अवश्य रूप से लगाया जाए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करें। इसके साथ ही पूजा पंडालों में होने वाले भीड़ का आकलन कर लें तथा बिजली के लटकते तारों को ठीक करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी प्रशासनिक पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को दुर्गा पूजा की तैयारी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख नंबर सभी पदाधिकारी आपस में साझा करेंगे ताकि आवश्यकता पड़ने पर समन्वय स्थापित किया जा सके। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जाए। किसी भी प्रकार का भड़काऊ पोस्ट या व्हाट्सएप ग्रुप में भड़काऊ मैसेज करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई करने हेतु भी निर्देशित किया गया। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार के द्वारा बताया गया कि त्योहारों के दौरान पूरे शहर एवं जिले के हर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि जिन थानों में अभी तक शांति समिति की बैठक नहीं हुई है, वो अपने यथाशीघ्र शांति समिति की बैठक करें। दुर्गा पूजा के मद्देनजर हमें सुरक्षा के सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान देना होगी ताकि कोई अप्रिय घटना न घटित हो। इसके साथ ही जिला प्रशासन की नजर सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर बनी रहेंगी। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा में सुरक्षा के दृष्टिकोण से कंट्रोल रूम संचालित की जाएगी। साथ ही उन्होंने आगजनी जैसे अप्रिय घटनाओं से बचने हेतु पूजा समिति के सदस्यों को समुचित पानी एवं बालू आदि की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित करने को कहा। साथ ही अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी को भी इस प्रकार के अप्रिय घटनाओं से बचने हेतु पूरी मुस्तैदी के साथ तैयार रहने हेतु निर्देशित किया गया। उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को पूजा पंडाल के सदस्यों को अपने-अपने पूजा स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा निश्चित तौर पर अधिष्ठापित करने हेतु निर्देशित करने को कहा गया। इसके अलावा बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी, श्रीकांत या विस्पुते के द्वारा बताया गया कि दुर्गा पूजा को लेकर सभी आवश्यक तैयारियों को दुरुस्त कर लें। उन्होंने कहा कि मूर्ति विसर्जन वालो रूटों का भ्रमण कर लेंगे। सभी पंडालों में फायर सेफ्टी और पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। साथ ही साउंड सिस्टम में सीमित साउंड का संधारण करेंगे। इसके साथ ही रावण दहन सार्वजनिक स्थल पर न हो, यह सुनिश्चित कराएंगे। तथा यातायात व्यवस्था को लेकर सारी तैयारियां सुनिश्चित कर लेंगे। साथ ही विभिन्न थाना प्रभारियों एवं बीडीओ/सीओ को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही गई। सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने सूचना तंत्र मजबूत व सक्रिय रखे जाने की बात कही गई। सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी थाना अध्यक्षों को पूजा स्थल एवं विसर्जन स्थलों के रूट चार्ट को वेरीफाई कर लेने की बात कही गई एवं कोई भी जुलूस का संचालन बिना पुलिस बलों के संचालित नहीं करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपरोक्त के अलावा उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, गिरिडीह जिला, प्रभारी पदाधिकारी, गोपनीय शाखा सहित शांति समिति के सदस्य और समाज के गणमान्य नागरिक के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित/कर्मी थे।


### उपायुक्त की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

गिरिडीहः- उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में शहरी परिवहन, यातायात एवं सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओ की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान सड़क सुरक्षा समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने पेंडिंग हिट एंड रन केस के मामलों में जल्द उचित कारवाई कर निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में सड़क हादसों को कम करने के उदेश्य से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के अलावा आईआरएडी एप पर सड़क दुर्घटनाओं में मृत व घायलों से जुड़ी जानकारी को अपडेट रखने का निदेश दिया। आगे जिले में दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सभी घटनाओं के डेटा को संग्रहित कर एनालेसिस करने का निर्देश दिया। इसके अलावे बैठक के दौरान शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए ब्लैक स्पॉट को चिन्ह्ति करते हुए उन स्थानों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कार्य करने का निदेश दिया गया, ताकि ब्लैक स्पॉट की जगह हादसों में कमी लाई जा सके।

### रामचंद्र झा मर्डर केस में हाईकोर्ट ने निचली अदालत का फैसला पलटा

पटना,(ईएमएस)। पटना के मशहूर मार्बल कारोबारी रामचंद्र झा की हत्या मामले में हाईकोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने निचली अदालत द्वारा सुनाई गई उम्रकैद की सजा के फैसले को निरस्त कर दिया है। निचली अदालत ने सात आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी, जिसके खिलाफ आरोपियों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।यह सुनवाई जस्टिस आशुतोष कुमार और जस्टिस जितेंद्र कुमार की खंडपीठ ने की। इस मामले पर सुनवाई के बाद खंडपीठ ने अपने फैसले को 11 सितंबर 2024 तक सुरक्षित रखा था। इस फैसले ने न केवल आरोपियों की न्यायिक स्थिति को प्रभावित किया है, बल्कि यह मामले में आगे की कानूनी प्रक्रियाओं के लिए भी महत्वपूर्ण हो सकता है।बता दें यह घटना 12 सितंबर 2016 की है, जब रामचंद्र झा रात 8 बजे अपनी बाइक से घर जा रहे थे।

### बिहार में अगले विधानसभा चुनाव में नीतीश सीएम कुर्सी से हो जाएंगे बेदखलः प्रशांत



पटना,(ईएमएस)। राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर (पीके) बिहार के सीएम नीतीश कुमार पर लगातार हमले बोल रहे हैं। प्रशांत ने दावा किया है कि नीतीश कुमार अगले विधानसभा चुनाव में सीएम कुर्सी से बेदखल हो जाएंगे और इसके प्रशांत ने तीन मुख्य कारण भी बताए हैं। पीके कहना है कि नीतीश की हार की वजह बनेंगे शराबबंदी नीति की विफलता, भ्रष्टाचार से ग्रस्त भूमि सर्वेक्षण और जबरन प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाना।पीके ने सीएम नीतीश के शासन को चुनौती देते हुए कहा कि सीएम मुट्ठी भर सेवानिवृत्त नौकरशाहों के जरिए सरकार चला रहे हैं। उन्होंने यकीन से कहा कि 2025 के विधानसभा चुनावों में उनकी जन सुराज पार्टी सत्ता में आएगी और पार्टी के गठन के 15 मिनट के अंदर ही शराब प्रतिबंध हटा दिया जाएगा। उन्होंने 2 अक्टूबर को अपने विजन और पार्टी अध्यक्ष के नाम की घोषणा करने की बात भी कही।प्रशांत ने साफ किया कि उनकी जन सुराज पार्टी सभी प्रमुख राजनीतिक दलों से समान दूरी बनाए रखते हुए बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि अगर हमें 130 सीटें भी मिलती हैं तो मैं इसे अपनी व्यक्तिगत हार मानूंगा। उनका मानना है कि अकेले सरकार बनाना पर्याप्त नहीं है। दो-तिहाई बहुमत के समर्थन की जरुरत है ताकि प्रमुख नीतियों को लागू किया जा सके।उन्होंने नीतीश कुमार की नीतियों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि ट्रिपल एस शराबबंदी, भूमि सर्वेक्षण और स्मार्ट मीटर लगाना नीतीश सरकार के ताबूत में आखिरी तीन कीलें साबित होंगी। प्रशांत किशोर ने अपनी पैदल यात्रा के दौरान बिहार के 60फीसदी हिस्से को कवर करने की जानकारी दी और उन्होंने कहा कि पार्टी के गठन के बाद भी यह यात्रा जारी रहेगी।पीके का यह दावा बिहार की राजनीति में नया मोड़ लाने की संभावना को दर्शाता है और वे चुनावी रणनीति के तहत नीतीश कुमार की नीतियों को चुनौती देते हुए चुनावी मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**NATIONAL HIGHWAYS DIVISION,**
**(Combined Building Campus), Dhanbad-826001**

**VERY SHORT NOTICE INVITING QUOTATION**

Quotation Ref. No.: NH/DHANBAD/05/2024-25 Date: 28.09.2024

The undersigned invites sealed quotations from eligible individual firms / Agencies / Company for hiring of vehicles (Innova Top Model-1 No.) on monthly rent basis for use in supervision / inspections and allied purposes in relation to execution of National Highways Projects. Quotation in sealed envelope shall be submitted in the office of the undersigned latest by 15.00 Hrs on 08.10.2024 Will be opened on the same date and venue at 15.30 Hrs. Quotationers or their authorized representatives whosoever desire may remain present at the time of opening.

- Detailed Terms and Conditions can be seen on office notice board and website www.jharkhand.gov.in
- For any queries contact 7667250916 or e-mail- eenhdhanbad-jhr@nic.in.

Executive Engineer
National Highways Division, Dhanbad.

PR 337805 Road(24-25)#D

**कार्यालय नगर पंचायत, जामताड़ा**
**Email Id- Jamtaranagarpanchayat@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना सं0 NPJ-05/2024–25**

नगर पंचायत, जामताड़ा में आवश्यक कार्य हेतु क्षेत्र भ्रमण एवं दैनिक कार्यो के सफल निष्पादन हेतु किराये पर एक चार पहिया (बिना चालक) वाहन (**Mahindra Scarpio /Mahindra SUV/ Mahindra Bolero / Mahindra TUV 300 with AC**) की आवश्यकता है। नगर पंचायत, जामताड़ा द्वारा वाहन को भाडे पर लेने में प्रथम स्थान पर **Mahindra Scarpio,** द्वितिय स्थान पर **Mahindra SUV,** तृतीय स्थान पर **Mahindra Bolero** एवं चतुर्थ स्थान पर **Mahindra TUV 300** चार पहिया वाहन को प्राथमिकता दी जायेगी। जिसके लिए ऑफलाईन कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता वाहन के आवश्यक कागजातों (वाहन निबंधन प्रमाण–पत्र, इंश्योरेंस, रोड टैक्स एवं प्रदुषण प्रमाण–पत्र) सहित दर के साथ बन्द लिफाफे में अपना कोटेशन दिनांक 08/10/2024 को अपराह्ण 01:00 बजे तक कार्यालय में जमा कर सकते है। प्राप्त कोटेशनदाताओं से दर प्राप्त होने के उपरान्त न्यूनतम दर दाता को स्वीकृति प्रदान करते हुए कार्यादेश निर्गत की जायेगी। वाहन का चयन होने के उपरांत वाहन मालिक के साथ तीन वर्ष हेतु एकरारनामा किया जायेगा। वाहन परिचालन के दौरान होने वाली सभी तरह की खराबी, सर्विसिंग की तत्काल जिम्मेवारी संबंधित वाहन मालिक की होगी। कोटेशन दिनांक 08/10/2024 अपराह्ण 03:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष कार्यालय नगर पंचायत, जामताड़ा में खोली जाएगी। इस संबंध में नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

किसी भी समय इस कार्य को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र0सं0 | वाहन का प्रकार | दर (प्रतिदिन) | दर (प्रतिमाह) |
|---|---|---|---|
| 01 | | | |

**नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।**

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, जामताड़ा

PR.NO.337728 Urban Development and Housing(24-25):D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल धनबाद**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–05/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एमं पदनाम :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल, धनबाद।
2. परिमाण विपत्र विक्री की अन्तिम तिथि एवं समय:– दिनांक–08.10.2024 को 1.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–09.10.2024 को 3.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–09.10.2024 को 3.30 बजे अपराहन।
5. निविदा बिक्री का स्थान :– (i) सदर थाना, धनबाद का कार्यालय। (ii) अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल, हजारीबाग का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (i) सदर थाना, धनबाद का कार्यालय। (ii) अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल, हजारीबाग का कार्यालय।
7. कार्यो की सूची :–

| क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Official Chamber in Campus of Officer's Colony Quarter No. D/1 & D/2 for Dy. S.P cum Police Station Incharge- Anti Corruption Bureau, Dhanbad. | 14,80,650.00 | 29,700.00 | 2,500.00 | 03 माह। |
| 2 | Construction of Meeting Hall in Fishery Office at Dhanbad. | 11,79,800.00 | 23,600.00 | 2,500.00 | 03 माह। |

नोट :–1) निविदा की शर्ते :– www.iprdjharkhand.in/iprd123@gmail.com/iprd@sify.com/jharkhandiprd@yahoo.com एवं सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2) परिमाण विपत्र दिनांक 08.10.2024 को 04:00 बजे से सदर थाना धनबाद में दिया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, धनबाद

PR 337802 (Building)24-25*D

**E-Procurement cell**
**Office of the Executive Officer, Nagar Parishad Mihijam, Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**

**e-procurement Notice, Very Short Tender notice**
**NIT No. – 05/2024-25, Date:-01.10.2024**

| SL. No. | E-TENDER REF NO. | NAME OF WORK | TENDER VALUE | TIME OF COMPLETION | EARNEST MONEY DEPOSIT | BID DOCUMENT FEES |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NPM/SBD/02/2024-25 | मिहिजाम नगर परिषद अन्तर्गत फुटबॉल स्टेडियम निर्माण | 49064100.00 | 12 Month | 490641.00 | 10000.00 |
| 2 | Date of Publication of tender on website | | | 04.10.2024 | | |
| 4 | Closing date and time for receipt of tender on website | | | 08.10.2024 at 11.00 AM | | |
| 5 | Opening date and time of opening of technical bid | | | 09.10.2024 at 11.00 AM | | |
| 6 | Name and address of office inviting tender | | | Office of Executive Officer, Nagar Parishad Mihijam | | |
| 7 | Helpline number of e-procurement cell | | | +91 7261817234 | | |

NOTE: AUTHORITY RESERVES THE RIGHT TO CANCEL TENDER WITHOUT SIGHTING ANY REASON THEREOF. FURTHER DETAILS CAN BE SEEN ON WEBSITE HTTP://jharkhandtenders.gov.in

Executive Officer
Nagar Parishad Mihijam

PR 337822 Urban Development and Housing(24-25)#D


सत्यमेव जयते

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

भारत सरकार

# मेक इन इंडिया

## इनोवेशन और विकास के 10 साल



भारत में EASE OF DOING BUSINESS को बढ़ाने के लिए **42,000 अनुपालनों को कम किया गया और 3800 से अधिक कानूनी प्रावधानों का गैर-अपराधीकरण किया गया**

भारत एशिया में **सबसे कम टैक्स दरों** वाले देशों में से एक है, जो इसे वैश्विक स्तर पर आकर्षक बनाता है

**2014-15 में 5,978 से बढ़कर 2023-24 में 1 लाख** से अधिक पेटेंट जारी हुए, यह 17 गुना वृद्धि का एक उत्कृष्ट उदाहरण है

2014-15 की तुलना में खिलौनों के निर्यात में **227% की हुई वृद्धि**

राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के अंतर्गत **12 नई औद्योगिक स्मार्ट सिटी स्वीकृत जिनसे 10 लाख प्रत्यक्ष और 30 लाख तक अप्रत्यक्ष रोजगार उत्पन्न होने की संभावना**

**वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट** से सूक्ष्म-उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा





CBC 05201/13/0019/2425

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

## सबसे बड़े अमीर कहलाने से डरने लगे हैं बड़े-बड़े उद्योगपति

चीन और भारत में पूंजीपतियों को लेकर एक जैसे हालात चीन और भारत में देखने को मिलने लगे हैं। इस कारण भारत के उद्योगपति भी इन दिनों भयभीत हैं। भारतीय उद्योगपतियों में सरकार का डर भय बना हुआ है। ईडी, सीबीआई और आयकर जैसी संस्थाएं तथा सरकार द्वारा बार-बार कानून में बदलाव किए जाने से उद्योगपति भयभीत हैं। उद्योगपतियों को सुनयोजित रूप से सरकार द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। जनता के बीच में भी उद्योगपतियों की छवि खराब बनाई जा रही है। इस स्थिति को देखते हुए चीन और भारत से हजारों रिच मैन हर साल बड़ी संख्या में चीन और भारत छोड़कर विदेश की नागरिकता लेकर अपने देश से पलायन कर रहे हैं। हाल ही में चीन में एक बहुत बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है। जैसे ही कोई सबसे बड़ा सुपर रिच मैन बनता है। उसके बाद वह अपनी कंपनी के शेयरों के दाम गिराकर सुपर रिच मैन की सूची से तुरंत नीचे आने का प्रयास करने लगता है। पिछले दिनों चीन की ई-कॉमर्स कंपनी के दिग्गज डीडीडी के संस्थापक कोलिन हुआंग जो चीन में हमेशा सुर्खियों में बने रहते हैं। हाल ही में चीन के सबसे बड़े अमीर व्यक्ति बनने के बाद, उन्होंने खुद ही अपनी कंपनी के बारे में निवेशकों से कहा, भविष्य में उनकी कंपनी के लाभ में कमी होगी। जिसके बाद उनके शेयरों की बिकवाली शुरू हो गई। एक झटके में उनकी कंपनी के शेयर के दाम गिरे। वह सबसे बड़े कारोबारी की सूची में नीचे आ गए। इसको सारी दुनिया में आश्चर्य के रूप में देखा जा रहा है। हुआंग ने अपने ही एक बयान से अपनी कंपनी का 14 अरब डॉलर का नुकसान किया। सरकार और जनता की निगाह में आने से बचने के लिए उन्होंने यह काम जानबूझकर किया। ऐसा चीन में कहा जा रहा है। उनके इस कृत्य ने दुनिया के सभी सुपर रिचमैनो को आश्चर्यचकित कर दिया है। 1970 के दशक तक चीन में कम्युनिस्ट राज था। 1970 में चीन के नए राष्ट्रपति जियाओपिंग सर्वोच्च नेता बने। उन्होंने उदारवादी दृष्टिकोण अपनाया। उन्होंने पूंजीवादी व्यवस्था को भी स्वीकार किया। जिसके कारण चीन में पूंजीवादी व्यवस्था भी बनना शुरू हुई। आज चीन सबसे बड़ा पूंजीवादी देश के रूप में विकसित हुआ है। कई विकासशील देशों की तुलना में चीन ने सबसे ज्यादा पूंजी का निर्माण किया है। चीन के उद्योगपति सारी दुनिया के देशों में पिछले तीन दशकों में बड़ी तेजी के साथ पहुंचे। 2000 आते-आते तक चीन ने अपनी धाक पूरी दुनिया के देशों में बना ली। चीन के दो बड़े उद्योगपतियों की कुल संपत्ति 2010 तक 10 अरब डॉलर के ऊपर पहुंच गई थी। चीन की शासन व्यवस्था में बदलाव आया। बड़े उद्योगपतियों के ऊपर चीन की सरकार की निगाहें खराब हुई। भ्रष्टाचार के आरोप में चीन के कई उद्योगपतियों को जेल भेजा गया। सत्ता में बैठे हुए चीनी नेताओं ने पूंजी पतियों को अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया। उसके बाद बड़े-बड़े पूंजीपति चीन छोड़कर दूसरे देशों में जाकर शरण लेने लगे। वर्तमान में चीन के जो उद्योगपति हैं। वह सरकार और जनता की निगाह में सबसे बड़े सुपर रिच मैन की भूमिका में नहीं आना चाहते हैं। जिसके कारण वहां अब कोई रिच मैन बनने के लिए तैयार नहीं होता है। जिसका असर अब चीन में देखने को मिल रहा है। पिछले 10 वर्षों में यही स्थिति भारत में देखने को मिल रही है। भारत से पिछले 10 सालों से हर साल हजारों पूंजीपति देश छोड़कर विदेशों में शरण ले रहे हैं। वहां की नागरिकता ले रहे हैं। वहां पर भारी निवेश कर रहे हैं। भारत सरकार की निगाहें दो बड़े पूंजीपतियों को छोड़कर, अन्य पूंजीपतियों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराने वाली नहीं हैं। जिसके कारण भारत छोड़कर जाने वाली पूंजीपतियों की संख्या हर साल हजारों में हो गई है। लाखों पूंजीपति उद्योगपति भारत छोड़कर विदेश की नागरिकता ले चुके हैं। जिस तरह से क्रोनि पूंजीबाद का असर भारत में देखने को मिल रहा है। महंगाई बेरोजगारी और अर्थव्यवस्था को लेकर जो असंतुलन बना है, उसके बाद भारत से पूंजीपतियों का पलायन बड़ी तेजी के साथ होने लगा है। इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है। शारजाह के प्रॉपर्टी मार्केट में भारतीयों की हिस्सेदारी 29 फ़ीसदी पर पहुंच गई है। भारत के बड़े-बड़े पूंजीपति यूएई, शारजाह, कनाडा, ब्रिटेन, अमेरिका और जर्मनी में भारी निवेश कर रहे हैं। भारत में भारतीय पूंजीपति निवेश नहीं कर रहे हैं। दुनिया भर के देशों में आर्थिक मंदी की जो लहर देखने को मिल रही है। महंगाई बेरोजगारी और कर्ज की समस्या चीन और भारत जैसे देशों की सबसे बड़ी समस्या है। जनता और सरकार दोनों ही पूंजीपतियों को निशाना बना रही हैं। जिसके कारण अब कोई सुपर रिचमैन बनकर निगाहों में नहीं आना चाहता है। यह स्थिति पहली बार चीन में देखने को मिल रही है। भारत में जिस तरह से आम जनता के बीच में अडानी और अंबानी को लेकर माहौल बन रहा है। चीन जैसी स्थिति यदि भारत में भी भविष्य में देखने को मिलती है, तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा। महंगाई, बेरोजगारी और कर्ज की समस्या से पूंजीबाद के खिलाफ एक बार फिर जनता का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। विश्व के कई देशों में इसका असर भी खुलकर देखने को मिला है। जिसके कारण दुनिया भर के बड़े-बड़े लोगों में अब सुपर रिचमैन बनने की प्रतिस्पर्धा में कमी देखने को मिलने लगी है।

## कर्म से ही जीवन की गतिशीलता

**ओपी श्रीवास्तव**

कर्म से जीवन में गति आती है, मानसिक और शारीरिक सक्रियता आती है। यह रजोगुण के लक्षण हैं। इस स्थिति में मनुष्य नई कामनाएँ करता है और उनकी पूर्ति के प्रयास करता है। इसमें जीवन के संघर्ष, द्वंद्व व तनावों से सामना होता है। यह अनुभव होता है कि कोई भी कामना पूर्ति कुछ समय तक ही सुख देती है फिर उसका स्थान नई कामना ले लेती है और फिर वही दुष्चक्र प्रारंभ हो जाता है। कई ऐसी कामनाएँ होती हैं जो पूरे पुरुषार्थ से काम करने पर भी पूरी नहीं होतीं। तब मनुष्य को सृष्टि में अपनी तुच्छता और असमर्थता समझ में आती है और वह ईश्वर से सहयोग की प्रार्थना करता है। उसमें दूसरों को अपने जैसा समझने, उनका भला करने और सहयोग करने का भाव आता है। ऐसे कर्मों को गीता में यज्ञ कहा गया है। यह रजोगुण से सतोगुण में प्रवेश है। इस अवस्था में भगवान् कहते हैं कि तुम मेरी ओर से, मेरे एजेंट के रूप में काम करो - निमित्तमात्रं भव सव्यसाचिन (11.33)। इसके बाद मनुष्य को अनुभव होता है कि वह निमित्त अवश्य है परंतु कर्ता भी स्वयं है। तब वह इससे भी मुक्ति चाहता है और जीवन का सारा भार भगवान् पर छोड़ देता है – सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं ब्रज (18.66) । इस अवस्था में वह तीनों गुणों से परे हो जाता है और उसके सारे कर्म ईश्वर प्रेरणा से संचालित होने लगते हैं। अब वह कर्म करता नहीं है उसके माध्यम से कर्म होने लगते हैं। यह कर्मयोग की सर्वोच्च स्थिति है। इसी अवस्था को प्राप्त करने का विचार वेदों के अंतिम भाग 'उपनिषद' में किया गया है । यह संग्रह से त्याग तक की यात्रा है। जीवन के चार आश्रम भी इसी क्रम में बने हैं। पहले 25 वर्ष ब्रह्मचर्य आश्रम में मेहनत करना, सेवा करना, विद्याध्ययन करना है। इसमें प्रकृति प्रदत्त तमस (आलस्य, अकर्मण्यता की स्वाभाविक प्रवृत्ति) समाप्त होती है। फिर 50 वर्ष की अवस्था तक गृहस्थ आश्रम में ज्ञान का व्यवहारिक उपयोग करना, संसार के उत्पादन में योगदान देना, धन संपत्ति अर्जित करके कामनाओं की पूर्ति करना है। यह रजोगुण की अवस्था है। फिर शुरू होती है वानप्रस्थ अवस्था जिसमें संसार से पृथक् होने की तैयारी, समाज को अपने अनुभवों से मार्गदर्शन देना शामिल है। यह सतोगुण की अवस्था है। इसके बाद संन्यास आश्रम आता है जिसमें सब कुछ त्यागकर एकमात्र ईश्वर के लक्ष्य के लिए साधना करना है। यह तीनों गुणों से पार जाने की अवस्था है। गीता में भी भगवान् ने अर्जुन से ऐसा ही आह्वान किया है - निस्त्रैगुण्यो भवार्जुन (2.45)। सारे वैदिक ग्रंथ इसी जीवनचर्या को अनुशंसित करते हैं। इसमें चमत्कारों और अंधविश्वासों के लिए कोई स्थान नहीं है। विवेकानन्द जी कहते थे कि लोग उनके पास साधु बनने के लिए आते थे तो वह उनसे पूछते थे कि तुम्हारे पास त्यागने के लिए अभी है क्या ? न तो बलिष्ठ शरीर है, न धन है, न अहं है, फिर त्यागोगे क्या? वह कहते थे कि पहले कुछ अर्जित तो करो। पहले तमोगुण के पशुवत जीवन से निकलकर मनुष्य बनो तब तो साधु बनोगे। प्रसिद्ध संत प्रेमानंद जी महाराज के पास एक श्रद्धालु पीठ दर्द का इलाज पूछने गया तो उन्होंने कहा कि पीठ दर्द है तो डॉक्टर के पास जाओ, इसमें बाबा क्या करेगा? यही सत्यता है। पहले पुरुषार्थ से बल, धन, शक्ति की प्राप्ति, संग्रह और फिर श्रद्धा, जिज्ञासा और विवेक बुद्धि पर आधारति साधना से उनकी निरर्थकता की अनुभूति कर उनका लोक कल्याण के लिए त्याग।

# हॉं मैं धार्मिक हूं और धर्मनिरपेक्ष भी

**एल.एस. हरदेनिया**

### महात्मा गांधी और भारत की असली धर्मनिरपेक्षता

### गाँधी जयंती पर विशेष

इस समय सम्पूर्ण देश में इस बात पर बहस जारी है कि सेक्युलरिज्म भारतीय मूल्य है या यूरोपीय है। इस बात पर बहस तमिलनाडू के राज्यपाल द्वारा प्रारंभ की गई। परंतु जिस सेक्युलरिज्म को हम मानते हैं, जिस सेक्युलरिज्म को इस देश की बहुसंख्यक जनता मानती है वह पूरी तरह से भारतीय है। हम सेक्युलरिज्म की इस परिभाषा को मानते हैं जो बापू ने की है। उनका धर्मनिरपेक्षता या सेक्युलरिज्म के प्रति जो विचार था वह ही हमारा विचार है। गाँधीजी की नज़र में धर्मनिरपेक्षता क्या है? उन्होंने अनेक अवसरों पर इसकी परिभाषा की थी। हमारा तमिलनाडू के राज्यपाल से अनुरोध है कि वे भी गाँधीजी द्वारा परिभाषित सेक्युलरिज्म को स्वीकार करें। गांधीजी की समाज व्यवस्था का आधार था धर्मनिरपेक्षता। उनसे एक विदेशी पत्रकार ने पूछा कि ''यह कैसे हो सकता है कि आप धार्मिक हैं और धर्मनिरपेक्ष भी''। उनका उत्तर था ''हां मैं धार्मिक हूं और धर्मनिरपेक्ष भी। मेरी मेरे सनातन धर्म में अगाध आस्था है। यदि कोई मेरी आस्था पर हमला करेगा तो मैं अपने धर्म की रक्षा करते हुए अपनी जान भी दे दूंगा। परंतु यदि मेरे पड़ोस में किसी अन्य धर्म का पालन करने वाला परिवार रहता है और उसकी आस्था पर कोई हमला करता है तो मैं उसकी रक्षा करते हुए भी अपनी जान दे सकता हूं''। यह है गाँधी जी का सेक्युलरिज्म अर्थात भारत का सेक्युलरिज्म। इस समय हमारे देश में धर्म के आधार पर प्रायः संघर्ष की स्थिति निर्मित हो जाती है। परंतु ऐसी स्थिति में हम तटस्थ हो जाते हैं और मूक दर्शक बनकर खून-खराबा होने देते हैं। यहां तक कि हमारी पुलिस भी तमाशबीन बन जाती है। पिछले 70 वर्षों में हमारे देश में धार्मिक वैमनस्य के कारण हुए दंगों से देश काफी कमजोर हुआ है। गांधीजी ने साम्प्रदायिक दंगों को रोकने के लिए मैदानी संघर्ष किया। नौआखली और दिल्ली के दंगों के दौरान उनकी भूमिका इतिहास का हिस्सा बन गई। धार्मिक अल्पसंख्यकां की सुरक्षा और विकास गांधीजी की धर्मनिरपेक्षता का अभिन्न अंग था। एक अवसर पर गांधीजी ने कहा था ''यदि आजाद भारत में अल्पसंख्यक, दलित और स्त्रियां अपने आपको सुरक्षित महसूस नहीं करेंगीं तो वह भारत मेरे सपनों का भारत नहीं होगा। मेरे भारत में छुआछूत नहीं होगी। मेरे भारत में सभी को अपने धर्म का पालन करने का पूरा अधिकार होगा। मेरे भारत के नागरिकों को कोई यह आदेश नहीं देगा कि वह क्या खाए और क्या न खाए, क्या पहने और क्या न पहने। मेरे भारत की सरकार सभी धर्मों के अनुयायियों को बराबर सुरक्षा देगी और किसी एक धर्म को संरक्षण प्रदान नहीं करेगी''। गांधीजी की इच्छा थी कि भारत एक लोकतंत्र बने। उनकी मान्यता थी कि लोकतंत्र में ही धर्मनिरपेक्ष समाज का अस्तित्व हो सकता है। उनके लोकतंत्र में ऐसी राजनीतिक पार्टियों का कोई स्थान नहीं होगा जो संकुचित, स्वार्थों को बढ़ावा दें, जो सिर्फ पैसे की ताकत से सत्ता पर कब्जा करें और जो षड़यंत्र करके सत्ता हथियाएं। लोकतंत्रात्मक समाज में पुलिस और सेना की क्या भूमिका होगी इसके बारे में गांधीजी के स्पष्ट विचार थे। गांधीजी के अनुसार आजाद भारत में पुलिस व सेना पूरी तरह से निष्पक्ष होनी चाहिए। उसका मुख्य कर्तव्य देश में शांति और भाईचारा स्थापित करना होना चाहिए। उन्हें गरीबों और असहायों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए। उन्हें हमेशा अल्पसंख्यकों और दलितों के अधिकारों का संरक्षण करना चाहिए। स्वयं पुलिस व सेना के भीतर जाति तथा धर्म के आधार पर विभाजन नहीं होना चाहिए। गांधीजी का कहना था कि ''धार्मिक समरसता के साथ-साथ सभी के सिर पर छांव, सभी को भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा मिलनी चाहिए। सभी को सुलभता से न्याय प्राप्त होना चाहिए। सभी के बीच सीमेंट के समान एकता रहनी चाहिए। मैं स्वयं इस एकता के लिए सीमेंट की भूमिका अदा करने को तैयार हूं। इस एकता के लिए मैं अपना खून भी दे सकता हूं'' और गांधीजी ने ऐसा किया भी। नाथूराम गोडसे गांधीजी के इन्हीं विचारों से नाराज था और इसी के चलते उसने बापू की हत्या की और बापू ने यह सिद्ध कर दिया कि उन्होंने इस समरसता को कायम रखने के लिए सीमेंट का काम किया। जान ब्रिले, जिन्होंने 'गांधी' फिल्म की पांडुलिपि लिखी थी, से पूछा गया कि आपने 'गांधी' फिल्म की पांडुलिपि क्यों लिखी? उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि ''मुझे गांधीजी के अभूतपूर्व साहस, उनकी नम्रता, उनकी प्रतिबद्धता, सहनशीलता, उनकी दूसरों को अपनी ओर आकर्षित करने की चुंबकीय शक्ति, जिस शक्ति से गांधीजी विभिन्न संस्कृतियों के जीते-जागते प्रतीक जवाहरलाल नेहरू और हठ की हद तक दृढ़ निश्चयी और रूखे व्यक्तित्व के धनी सरदार पटेल को अपनी ओर आकर्षित कर सके। ''उनमें अद्भुत संगठन क्षमता थी, इसी क्षमता के बलबूते उन्होंने कांग्रेस को, जो शुरू में एक क्लब था, एक ताकतवर संगठन बना दिया। विरोध प्रकट करने के वे ऐसे तरीके निकालते थे जिनकी कोई कल्पना तक नहीं कर सकता था। नमक सत्याग्रह उनका ऐसा ही एक नायाब तरीका था। दांडी यात्रा के अंत में मुट्ठी भर नमक बनाते हुए उन्होंने यह कहा था कि इसके द्वारा मैंने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला दी है।

# क्यों बनीं गाय महाराष्ट्र की राजमाता

**राकेश अचल**



| आप मानें या न मानें लेकिन मुझे ये लग रहा है कि देश के तमाम चौपाये गाय की किस्मत से जल-भुन रहे होंगे,क्योंकि उसे महाराष्ट्र की सरकार ने राजमाता घोषित कर दिया है । राजमाता कहिये या राज्य माता अर्थ एक ही है। ये सम्मान पाने के लिए पुराने सामंतों परिवारों की महिलाएं तरस जाया करतीं थीं । पशुओं में तो किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि कलिकाल में जाकर गाय किसी राज्य की राजमाता बन जाएगी। मै देश-दुनिया के तमाम चौपाया परिवार की और से गाय को इस सम्मान के लिए दिल से बधाई देता हूँ।

गाय देश का सबसे निरीह चौपाया है ,लेकिन भारतीय समाज में गाय को माता का दर्जा हासिल है तो एक बड़े हिस्से में उसके मांस को बड़ी लज्जत के साथ भक्षण भी किया जाता है। सनातनी तो गाय की पूंछ पकड़ कर वैतरणी पार करने का यकीन रखते हैं। पहले ये विश्वास मनुष्यों तक सीमित था लेकिन अब सियासत में भी सियासी दल चुनावी वैतरणी पार करने के लिए गाय को ठीक उसी तरह राजमाता बना रहे हैं जैसे की गधे को वक्त पड़ने पर बाप बनाया जाता है। वैसे गाय और गधे की राशि एक ही है किन्तु दोनों के बीच लोई तुलना ,कोई बराबरी नहीं है। गाय को माता बनाया जाता है और गधे को बाप। ये सिद्धांत मेरे या आपके नहीं बल्कि भारतीय समाज के हैं। ये मानयताएं भी सनातन ही समझिये। जबसे मनुष्य ने गाय और गधे को अपना सहचर बनाया है शायद तभी से ये मान्यताएं,ये कहावतें समाज में प्रचलित हैं। अब यदि ये प्रचलित हैं तो निश्चित ही इनका कोई आधार भी रहा होगा। फ़िलहाल बात गाय की हो रही है।गाय और गधे में केवल एक ही समानता है की दोनों बड़े ही धैर्यवान हैं। हालाँकि दोनों को लात मारना आता है। गाय पर हमारे पुरखा पत्रकार स्वर्गीय राजेंद्र माथुर ने भी लिखा और साथी गिरीश पंकज ने भी। महात्मा गाँधी ने गाय के बजाय बकरी को प्राथमिकता दी ,लेकिन उनकी कांग्रेस ने गाय को ही नहीं उसके बछड़े को और उसके पति बैल को भी सम्मान दिय। एक जमाना था जब कांग्रेस का चुनाव चिन्ह दो बैलों की जोड़ी होता था और बाद में ये गाय-बछड़ा भी बना। इस सात्विक चौपाये ने कांग्रेस की हमेशा मदद की। कांग्रेस को अनेक बार चुनावी वैतरणी पार करायीं। कांग्रेस को हुए फायदे को देखकर अब महाराष्ट्र सरकार ने गाय को अपने सूबे की राजमाता घोषित कर दिया। महाराष्ट्रा में इस मर्तबा भाजपा की हालत पतली है। नबंवर में वहां विधानसभा के चुनाव होना हैं। ये चुनाव केवल कमल दिखाकर जीते नहीं जा सकते । किसी चेहरे को दिखाकर भी बात बनती नहीं दिखाई दे रही है ,ऐसे में गाय ही भाजपा और उसकी गठबंधन सरकार का एक मात्र सहारा है। गाय सबका सहारा होती है । जब हम सब छात्र हुया करते थे तब गाय हमारा भी सहारा थी। परीक्षा में हर बार गाय पर निबंध लिखने का विकल्प होता था और हम बच्चे किसी और विषय पर निबंध लिखने के बजाय गाय पर निबंध लिखना पसंद करते थे। गाय केवल एक पशु ही नहीं बल्कि हमारी मान्यता भी है । हमारे समाज में गाय को सबसे सीधा चौपाया माना जाता है। उसके इसी स्वभाव की वजह से कहावत तक बन गयी । हमारे यहां अक्सर सीधे पुरुष और महिला को गाय ही कहा जाता है । कृषि प्रधान देश में एक जमाने में गाय को सचमुच राजमाताओं जैसा सम्मान मिलता था ,क्योंकि वे कृषि के लिए बैल जनती थीं। उस जमाने में जिस किसान के घर जितनी ज्यादा गायें और जितनी ज्यादा बैल जोड़ियां होतीं थीं,उसे उतना समृद्ध माना जाता था। घर-घर में गौशालाएं थीं। तब गायों को सड़कों पर गलियों में आवारगी करने की न छूट थी और न मजबूरी।

कालांतर में भारत कृषि प्रधान देश तो है किन्तु आज न किसानों का सम्मान है और न गायों का। अब खेती बैलों की जोड़ियों से नहीं मशीनों से होती है । बैलों की जगह ट्रेक्टरों ने ले ली है। कटाई मजदूरों के पेट पर हार्वेस्टर लात मार चुके हैं। ऐसे में गायों और बैलों का बेरोजगार और महत्वहीन होना स्वाभाविक है। अब गाय और बैल पाले कौन ? आज कि समय में तो आदमी के लिए अपना पेट पालना ही मुश्किल हो रहा है । 85 करोड़ लोग पेट पालने कि लिए सरकार पर निर्भर हैं। सरकार अपने वोटर पाले या गाय ? यहां तक कि गाय को राजमाता का सम्मान देने वाले भाजपा के कार्यकर्ता और नेता तक गाय या बैल नहीं पालते । उन्हें या तो आवारगी के लिए सड़कों पर छोड़ दिया जाता है ,या वे कत्लगाहों के काम आते है। जहाँ उनके मांस को डिब्बों में बंद कर बाजारों में बेच दिया जाता है। आप हैरान होंगे कि गाय-बैल का मांस बेचने वाले विधर्मी नहीं बल्कि सनातन धर्म के मानने वाले ही हैं। महाराष्ट्र सरकार ने गाय को राज्यमाता का दर्जा दे दिया है। यह बड़ा कदम चुनाव से पहले उठाया गया है। सरकार ने कैबिनेट बैठक में यह फैसला सुनाते हुए कहा कि वैदिक काल से भारतीय संस्कृति में देशी गाय की स्थिति, मानव आहार में देशी गाय के दूध की उपयोगिता रही है। यह फैसला जारी करते हुए कहा गया कि वैदिक काल से भारतीय संस्कृति में देशी गाय की स्थिति, मानव आहार में देशी गाय के दूध की उपयोगिता, आयुर्वेद चिकित्सा,पंचगव्य उपचार पद्धति तथा जैविक कृषि प्रणालियों में देशी गाय के गोबर एवं गोमूत्र के महत्वपूर्ण स्थान को ध्यान में रखते हुए देशी गायों को अब से राज्यमाता गोमाता घोषित करने की मंजूरी दी गई है। हम महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को इस फैसले कि लिए बधाई देते हैं। हमें उम्मीद है कि देश में मणिपुर की जनता बचे या न बचे लेकिन अब महाराष्ट्र में तो गाय बच ही जाएगी । देश के जिन राज्यों में डबल इंजिन की सरकारें हैं वे भी आज नहीं तो कल गाय को राजमाता का दर्जा दे ही देंगीं। भारत को कोई भी नागरिक,कोई भी मतदाता गाय को दिए गए इस सम्मान का विरोध नहीं कर सकता। करना भी नहीं चाहिए । आखिर गौशालाओं कि नाम पर पलने वाले नेता और बाबा भी तो बहुत हैं। देश भले ही मंगल ग्रह पर पहुंच गया हो लेकिन विकास की हकीकत ये है कि आज भी सड़क परिवहन का एक बड़ा भाग आज भी बैलगाड़ी पर निर्भर है। देहाती ईंधन का अधिकांश भाग तथा शहरी ईंधन का लगभग 20 प्रतिशत भाग गोबर का होता है। गौ-दुग्ध में समस्त पोषक तत्व पाए जाते हैं। हरिजनों, पिछड़े वर्ग के लोगों और वनवासियों की आय का साधन भी गौ-वंश है। गाय से प्राप्त ऊर्जा पर्यावरण प्रदूषण फैलाने की जगह उसे रोकती है तथा दुग्ध पाउडर व रासायनिक खादों के रूप में देश से बाहर जाने वाली देशी मुद्रा की बचत करती। गाय केवल सियासत कि ही नहीं धार्मिक नेताओं कि काम भी आती है। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती हिंदुओं के लिए पूज्य गायों की रक्षा के लिए देशभर में एक लाख 'गौ ध्वज' स्थापित करने कि अभियान में लग गए हैं।हमारे प्रधानमंत्री जी को आपने हाल में ही एक बछिया को किस [चुम्मा] करते हुए देखा ही होगा। सरकारी आंकड़ों कि मुताबिक इस समय देश में गायों की संख्या 19 करोड़ से ज्यादा है। एक समय था, जब देश की जनसंख्या 38 करोड़ हुआ करती थी और गौ वंश 117 करोड़ हुआ करता था। आंकड़े बताते हैं कि बीफ एक्सपोर्ट में भारत अब विश्व में दूसरे नंबर पर पहुँच गया है। भारत 'मिथुन' और 'जलीय भैंस' का निर्यात कर रहा है। सन 2023 में भारत ने 1,475 टन बीफ और बछड़े का मांस एक्सपोर्ट किया है। खैर जो है सो है। अब यदि राजमाता बनने कि बाद हमारी गायों को राजमाताओं जैसा सुख भी मिलने लगे तो सबसे ज्यादा ख़ुशी मुझे होगी। क्योंकि मुझे भी गाय बहुत पसंद ह। मै यदि फ़्लैट में न रह रहा होता तो एक गाय जरूर पालता।

# महात्मा गांधी की भारत की आजादी में अहम् भूमिका थी

**संजय गोस्वामी**

### जन्मदिन पर विशेष

महात्मा गांधी, जिनका पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था, एक महान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और अहिंसा के पुजारी थे। उनका जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। गांधी जी ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में एक प्रमुख भूमिका निभाई और उन्हें "राष्ट्रपिता" के रूप में भी सम्मानित किया जाता है।गांधी जी की शिक्षा इंग्लैंड में हुई, जहां से उन्होंने कानून की पढ़ाई की। वकील बनने के बाद वे दक्षिण अफ्रीका गए, जहां उन्होंने भारतीय समुदाय के खिलाफ हो रहे भेदभाव का सामना किया और यहीं से उनके जीवन में सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों का बीजारोपण हुआ। दक्षिण अफ्रीका में 21 साल बिताने के बाद, गांधी जी भारत लौटे और ब्रिटिश शासन के खिलाफ विभिन्न आंदोलनों का नेतृत्व किया। महात्मा गाँधी द्वारा किए गए आंदोलन महात्मा गांधी, जिन्हें बापू के नाम से भी जाना जाता है, ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय योगदान दिया। उनके नेतृत्व में किए गए विभिन्न आंदोलनों ने न केवल भारत को स्वतंत्रता की दिशा में अग्रसर किया, बल्कि दुनिया को भी अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। महात्मा गांधी द्वारा किए गए ये आंदोलन न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण अध्याय हैं, बल्कि वे दुनिया को सत्य और अहिंसा की ताकत का अहसास भी कराते हैं। गांधी जी के नेतृत्व में किए गए ये आंदोलन भारत की स्वतंत्रता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुए और आज भी उनकी शिक्षाएं और आदर्श मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं। यहां महात्मा गांधी द्वारा किए गए प्रमुख आंदोलनों का वर्णन किया गया है: 1. चंपारण सत्याग्रह (1917) चंपारण सत्याग्रह महात्मा गांधी द्वारा भारत में किया गया पहला बड़ा आंदोलन था। यह बिहार के चंपारण जिले में हुआ, जहां ब्रिटिश ज़मींदार गरीब किसानों से जबरन नील की खेती करा रहे थे। इस अन्याय का सामना करने के लिए गांधी जी ने सत्याग्रह का मार्ग अपनाया, जिससे ब्रिटिश सरकार को नील की खेती के अत्याचार को समाप्त करने पर मजबूर होना पड़ा। यह आंदोलन भारतीय किसानों की पहली बड़ी जीत थी और गांधी जी के नेतृत्व को पूरे देश ने स्वीकारा। 2. असहयोग आंदोलन (1920-1922) जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद, गांधी जी ने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ असहयोग आंदोलन की शुरुआत की। इस आंदोलन का उद्देश्य ब्रिटिश सरकार की नीतियों का विरोध करना और स्वराज की प्राप्ति करना था। गांधी जी ने लोगों से अपील की कि वे सरकारी नौकरियों, विदेशी वस्त्रों, और ब्रिटिश संस्थानों का बहिष्कार करें। लाखों भारतीयों ने इस आंदोलन में हिस्सा लिया,




जिससे ब्रिटिश सरकार को भारी नुकसान हुआ। हालाँकि, चौरी चौरा कांड के बाद गांधी जी ने इस आंदोलन को वापस ले लिया, लेकिन इसने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण मोड़ लाया। 3. नमक सत्याग्रह (दांडी मार्च, 1930) महात्मा गांधी द्वारा चलाया गया नमक सत्याग्रह, जिसे दांडी मार्च के नाम से भी जाना जाता है, ब्रिटिश सरकार के नमक कर के खिलाफ एक अहिंसक विरोध था। 12 मार्च 1930 को गांधी जी ने साबरमती आश्रम से दांडी गांव तक 24 दिनों का पैदल मार्च किया और वहां समुद्र से नमक बनाकर ब्रिटिश कानून का उल्लंघन किया। इस आंदोलन ने ब्रिटिश शासन की जड़ें हिला दीं और यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण पड़ाव बना। 4. दलित आंदोलन (1932) महात्मा गांधी ने दलितों के अधिकारों के लिए भी संघर्ष किया। 1932 में उन्होंने अखिल भारतीय छुआछूत विरोधी लीग की स्थापना की और छुआछूत विरोधी आंदोलन की शुरुआत की। उनका उद्देश्य समाज से अस्पृश्यता को समाप्त करना और दलितों को समान अधिकार दिलाना था। इसके लिए उन्होंने उपवास और सत्याग्रह का सहारा लिया, जिससे भारतीय समाज में जागरूकता आई और दलितों के उत्थान के लिए कई सुधार किए गए। 5. भारत छोड़ो आंदोलन (1942) द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की, जिसका नारा था "करो या मरो"। इस आंदोलन का उद्देश्य भारत को ब्रिटिश शासन से तत्काल स्वतंत्रता दिलाना था। गांधी जी के इस आह्वान पर पूरे देश में लाखों लोगों ने अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन किया। इस आंदोलन ने ब्रिटिश सरकार को समझा दिया कि अब भारतीयों को अधिक समय तक गुलाम नहीं रखा जा सकता, और इसके बाद ही स्वतंत्रता के लिए अंतिम चरण की तैयारियां शुरू हुईं। भारत की आजादी के लिए ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ अनेक आंदोलन लड़े और भारत को आज़ादी दिलाई।गांधी जी के नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण आंदोलनों का आयोजन किया गया, जिनमें असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन प्रमुख हैं। उनकी नीतियों में सत्य, अहिंसा, स्वदेशी, और आत्मनिर्भरता का महत्व था। गांधी जी ने भारतीय समाज को जाति-भेद, छुआछूत, और सामाजिक अन्याय के खिलाफ जागरूक किया और स्वतंत्रता संग्राम को एक नैतिक आधार प्रदान किया। 1947 में भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी गांधी जी ने सामाजिक समरसता और शांति की दिशा में काम जारी रखा। 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे द्वारा उनकी हत्या कर दी गई, लेकिन उनके सिद्धांत और विचारधारा आज भी पूरी दुनिया में प्रेरणा का स्रोत हैं। गांधी जी का जीवन एक ऐसा मार्गदर्शक है, जो मानवता को सत्य, अहिंसा और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

# आर.एस.पी. कॉलेज के स्थानांतरण के विरोध में आजसू छात्र संघ ने किया प्रदर्शन




धनबादः 01 अक्टूबर को आजसू छात्र संघ धनबाद जिला के द्वारा आर.एस.पी. कॉलेज बेलगड़िया में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना की अध्यक्षता छात्र आजसू के जिला अध्यक्ष विकास कुमार तथा संचालन जिला महासचिव नितेश ने किया गया। धरना के माध्यम से बेलगड़िया स्थित आर.एस.पी. कॉलेज के स्थानांतरण के विरोध में तथा बेलगड़िया में ही कॉलेज रहने देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। इस धरना में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के धनबाद जिला अध्यक्ष श्री मंटू महतो जी उपस्थित हुए। मंटू महतो जी ने कहा पिछले सरकार के कार्यकाल में आर.एस.पी. कॉलेज को बेलगड़िया लाया जिसमे विरोध होने पर पिछले ही सरकार ने एक नया डिग्री कॉलेज झरिया क्षेत्र के लिए स्थापित कर दिया गया जो आज डिग्री कॉलेज जामाडोबा के रूप में सुचारू रूप से स्थापित है। आर.एस.पी. कॉलेज बेलगड़िया में आने से झरिया से विस्थापित होकर बसे हजारो लोग तथा आस पास के 23 पंचायत के हजारों लोगो में उच्च शिक्षा प्राप्त करने की आस जगी चूंकि नजदीक में उच्च शिक्षा के लिए कोई सरकारी कॉलेज नही है और यँहा के गरीब, दलित पिछड़े हजारो परिवारों में उतनी आर्थिक क्षमता नही है जिससे कि वो दूर जाकर उच्च शिक्षा की प्राप्ति कर सकें। इसलिए सरकार से मांग है कि यदि झरिया क्षेत्र में एक और कॉलेज स्थापित करते है तो स्वागत करते है लेकिन बेलगड़िया और बलियापुर क्षेत्र के लोगो को उच्च शिक्षा से वंचित होने की स्थिति न बनने दे। इसलिए बेलगड़िया में स्तिथ कॉलेज को बेलगड़िया में ही रहने दे। आगे वक्ताओं ने कहा कि झरिया एक्शन प्लान के तहत बेलगड़िया में 18 हजार क्वार्टर बनाये गए है जिसमे झरिया से विस्थापित करके लोगो को बसाया गया है। उन्हें बेहतर स्वास्थ्य बेहतर शिक्षा आदि मूलभूत सुविधाएं देने की बात कही गयी थी किंतु कोई सुविधा नही दी गयी। इस क्षेत्र में लोग बहुत पिछड़े हुए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवार रहते है जिसकी एक बड़ी आबादी उच्च शिक्षा के लिए इस कॉलेज पर निर्भर है। जो इससे प्रभावित होंगे। साथ ही नामांकित नियमित छात्रों को आवागमनके लिए भारीसमस्या उतपन्न हो जाएगी। इसके साथ ही कई अन्य बिंदुओं पर भी वक्ताओं ने कहा कि 1. बेलगड़िया 'भूमि अधिग्रहण, भू धसान तथा अग्नि प्रभावित क्षेत्र" की दृष्टिकोण से सुरक्षित है जिसका लाभ जिन आबादी को मिलना चाहिए उन्हें मिल रहा है। 2. जब से बेलगड़िया में आर.एस.पी. कॉलेज आया है तबसे आज तक कॉलेज के छात्र एवं कॉलेज प्रबंधन के द्वारा अनुशासित, शांतिपूर्ण तथा बिना किसी वाद - विवाद के संचालित किया जा रहा है। 3. आर.एस.पी. कॉलेज झरिया को डिगवाडीह के जिस क्षेत्र में स्थापित करने की योजना चल रही है उसके 500 से 700 मीटर के दायरे में भू धसान तथा अग्नि प्रभावित क्षेत्र है। इसी दायरे में ओपन कास्ट माइनिंग की परियोजना का कार्य चल रहा है। जिसमे भारी विस्फोट, प्रदूषण, ओबी डंप तथा भारी मालवाहनो का परिचालन होता है। जिससे कई तरह की दुर्घटना की आशंका व खतरा बना हुआ रहता है। 4. अधिसूचित क्षेत्र घोषित होने से डिगवाडीह झरिया क्षेत्र में लोगो के निवास हेतु भूमि निबंधन व जमीन की खरीद - बिक्री पर बंद है इसके विपरीत डिगवाडीह झरिया क्षेत्र से अपने जान - माल की सुरक्षा एवं सुरक्षित जीवन यापन करने के लिए आज भी विस्थापन व पलायन जारी है 5. आर.एस.पी. कॉलेज को बेलगड़िया से यदि हटाया जाता है तो इस कॉलेज की आधारभूत संरचनाओ को विकसित करने में जो खर्च हुआ है वो सरकारी पैसों का नुकसान होगा जिसे हम राज्य तथा देशहित में नुकसान महसूस कर रहे है 6. डिगवाडीह झरिया क्षेत्र में भी सुरक्षा की दृष्टि किसी स्थान पर चाहे तो राज्य सरकार इस स्तर के कॉलेज की स्थापना कर सकती है। हमलोग स्वागत करेंगे। इस धरना कार्यक्रम में : युवा आजसू के प्रदेश संयोजक हिरालाल महतो, छात्र आजसू के प्रदेश महासचिव विशाल महतो, युवा नेता सचिन, महतो, विक्की कुमार, आनंद कश्यप, कीर्ति गोप, समीर दास, भोला पासवान, विवेक महतो, मनोज रवानी, कुल्लू चौधरी, रतिलाल महतो, दिलीप सिंह, जीतू पासवान, संतोष पासवान, बलराम महतो, परमेश्वर महतो, अमर पासवान, सौरव महतो, रोहित रवानी, जादू महतो राज कुमार महतो, कैलाश रवानी, बजरंग रवानी, उज्ज्वल मंडल, उधम मोदक, चांद खान, सरताज खान, कालीचरण रवानी, अजय रवानी, सहित कई अन्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सोना हुआ सस्ता, चांदी की चमक बढ़ी

**सोना 75,550 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 91,900 रुपए के करीब**

नई दिल्ली (ईएमएस)। इस सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को सोने के वायदा भाव में नरमी, जबकि चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। मंगलवार को सोने के वायदा भाव 75,550 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 91,900 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई लेकिन बाद में चांदी के भाव में तेजी देखी जाने लगी। सोने के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रेक्ट 76 रुपये की गिरावट के साथ 75,535 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 62 रुपये की गिरावट के साथ 75,549 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 75,553 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 75,505 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 76,000 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 169 रुपये की तेजी के साथ 90,888 रुपये पर खुला। इस समय यह 187 रुपये की तेजी के साथ 90,906 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 90,929 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 90,860 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। इस साल चांदी के वायदा भाव ने 96,493 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। वैश्विक बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई, जबकि चांदी के वायदा भाव गिरावट के साथ खुलने के बाद तेज हो गए। कॉमेक्स पर सोना 2,656.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,659.40 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 2.10 डॉलर की गिरावट के साथ 2,657.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 31.42 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 31.45 डॉलर था। इस समय यह 0.07 डॉलर की तेजी के साथ 31.52 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली (ईएमएस)। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में एक बार फिर से बदलाव देखने को मिला। 01 अक्टूबर, 2024 के ताजा अपडेट के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतें स्थिर हैं, हालांकि, कुछ राज्यों में मामूली परिवर्तन देखने को मिल रहा है। ब्रेंट क्रूड की कीमत 71.77 डॉलर प्रति बैरल है, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड 68.20 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। भारत में सरकारी तेल कंपनियों ने प्रमुख महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। वहीं नई दिल्ली में पेट्रोल 94.72 प्रति लीटर, मुंबई में 104.21 प्रति लीटर, कोलकाता में 103.94 प्रति लीटर, चेन्नई में 100.75 प्रति लीटर है। वहीं डीजल की कीमतें नई दिल्ली में 87.62 प्रति लीटर, मुंबई में 92.15 प्रति लीटर, कोलकाता में 90.76 प्रति लीटर, चेन्नई में 92.34 प्रति लीटर है। भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों पर आधारित होती हैं। भारतीय ऑयल मार्केटिंग कंपनियां हर दिन सुबह कीमतों की समीक्षा करती हैं और उन्हें अपडेट करती हैं।

### बूथ स्तरीय कार्यकर्ता, पदाधिकारीयों की बैठक संपन्न



जरमुंडी । प्रखंड के तालझारी स्थित काली मन्दिर के निकट सभा स्थल युवा जनता दल का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता, पदाधिकारीयों की बैठक देवघर के जिला अध्यक्ष सुमित देव की अध्यक्षता में संपन्न हुई. इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल पांडे एवं युवा जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिन्हा उपस्थित थे. आगामी चुनाव को देखते हुए जदयू अपनी पूरी ताक़त जरमुंडी विधान सभा क्षेत्र में झोंक दी है. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा जदयू के महासचिव सुमंत पांडे ने निर्मल सिंह को उर्जावान व जुझारू नेता बताया. भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल पांडे ने युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा हीं किसी पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते हैं. आपमें वो क्षमता है आप विपरीत धारा को भी अपनी ओर मोड़ सकते हैं. विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित युवा जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिन्हा ने युवा कार्यकर्ता तथा पदाधिकारीयों को संगठन के बारे में विस्तृत से जानकारी देते हुए संगठन का विस्तार बूथ स्तर से जिला स्तर तक कैसे करना है इसे समझाया. इस बूथ स्तरीय बैठक में सर्वसम्मति से युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह को पार्टी की ओर से जरमुंडी सीट से प्रत्याशी के रूप में नाम प्रस्तावित किया गया. सभा को संबोधित करते हुए युवा प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह ने कार्यकर्ता पदाधिकारियों को राजनीति का गुर समझाते हुए संगठन की मजबूती पर ज़ोर देने के लिए कहा. चुनावी रणनीति को समझाते हुए प्रदेश अध्यक्ष नें एक दस बूथ का नारा दिया. उन्होंने पार्टी पदाधिकारीयों को जनता के साथ सीधा संपर्क स्थापित करने का मंत्र दिया. निर्मल सिंह ने नीतीश कुमार के कार्यों को जन- जन तक पहुंचाने की अपील की. कार्यक्रम को संबोधित करने वाले अन्य प्रमुख लोगों में प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनित वर्मा, महेश श्रीवास्तव, राजीव कुमार, शैलेंद्र कुमार, सरवां प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मीकांत, जिला सचिव संजीव तुरी शामिल थे. धन्यवाद ज्ञापन बासुकिनाथ के नगर अध्यक्ष आशुतोष झा ने किया.

## सड़क दुर्घटना में महिला की हुई मौत को लेकर 9 घंटे बाद सड़क जाम समाप्त



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा में सोमवार को सड़क दुर्घटना में महिला की हुई मौत को लेकर 9 घंटे बाद सड़क जाम समाप्त हुआ। आपको बता दे कि सोमवार की शाम हुई सड़क हादसे में ग्राम ज्वार पहाड़पुर निवासी लीला देवी 35 वर्ष पति सूरज बास्के की मौत हो गई थी। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने मुआवजा की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया था। सड़क जाम सोमवार की शाम 6 बजे से लेकर मंगलवार की अहले सुबह 3.30 बजे तक लगा रहा। बाद में बरकट्ठा सीओ श्रवण कुमार झा, थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता एवं जिप सदस्य प्रतिनिधि सीके पांडेय कि मृतक के परिजन एवं ग्रामीणों के साथ लंबी वार्ता के पश्चात जाम समाप्त हुआ।थाना प्रभारी ने मौके पर मृतक के परिजन को अंतिम संस्कार के लिए अपनी ओर से आर्थिक सहयोग किया। सीओ श्रवण झा ने पीड़ित परिवारों को आश्वासन देते हुए कहा की सरकार से मिलने वाली सभी प्रकार की सहायता और राशि उपलब्ध कराई जाएगी। जिसमें तीन दिनों में परिजन को एक लाख रुपये देने और बाद में तीन लाख रुपये देने पर सहमति बनी। हादसे के बाद हुई सड़क जाम जीटी रोड़ के दोनों ओर लगभग 25-30 किलोमीटर तक लग गई।जिससे आवागमन कर रहे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### सांसद मनीष जायसवाल ने कियाआवाह्न, पीएम की सभा में अधिक से अधिक संख्या में हो शामिल

हज़ारीबाग।भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अक्टूबर यानी बुधवार को हजारीबाग में रहेंगे। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी हजारीबाग में आयोजित तीन आम कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जिसमें बिना भाव विश्वविद्यालय परिसर के बिनोदिनी पार्क में होने वाले पहले सरकारी कार्यक्रम में वह कई राष्ट्रीय योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। तत्पश्चात पीएम नरेंद्र मोदी मतवारी के गांधी मैदान पहुंचेंगे जहां दो अलग-अलग कार्यक्रमों का हिस्सा बनेंगे। यहां पीएम नरेंद्र मोदी आदिवासी समुदाय के लोगों से मुलाकात करेंगे और भाजपा के परिवर्तन यात्रा का परिवर्तन महासभा के माध्यम से समापन करेंगे ।हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल पूरे लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में घूम- घूमकर कई बैठक किए और कार्यकर्ताओं के साथ अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पीएम मोदी के कार्यक्रम को ऐतिहासिक और सफल बनाने का आवाह्न करते रहें।

## तंबाकू का सेवन न करने हेतु कार्यालय के सभी डॉक्टर पदाधिकारी एवं कर्मचारी को शपथ दिलाई गई

रांची : गांधी जयंती के पूर्व संध्या के उपलक्ष में सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में तंबाकू एवं तंबाकू जनित पदार्थ का सेवन न करने हेतु डॉ सीमा गुप्ता जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी तंबाकू नियंत्रण इकाई रांची के अध्यक्षता में कार्यालय के सभी डॉक्टर, पदाधिकारी एवं कर्मचारी को शपथ दिलाई गई। डॉक्टर सीमा गुप्ता द्वारा बताया गया कि , भारत में प्रतिवर्ष तम्बाकू का सेवन करने से लगभग 14 लाख लोगों की मौत हो जाती हैं। केवल वयस्कों की बात की जाए तो कुल मौतों का लगभग 9.5% है।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा वर्ष 2004 तक प्रकाशित साहित्य के विश्लेषण के आधार पर तम्बाकू का सेवन करने के कारण हृदयाघात (78 प्रतिशत), तपेदिक (65.6 प्रतिशत), इस्केमिक हृदय रोग (85.2 प्रतिशत), गंभीर मायोकार्डियल इनफ्रेक्शन (52 प्रतिशत) इसोफेजियल कैंसर (43 प्रतिशत) और मुंह का कैंसर (38 प्रतिशत) तथा फेफड़ों का कैंसर (16 प्रतिशत) बीमारी हो रहा है। तम्बाकू का धूम्रपान और साथ ही इसे चबाकर सेवन करने से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल परिणाम आए हैं जिसके कारण अकाल अथवा समय से पहले मृत्यु हो जाती है। सरकार द्वारा तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जरिए स्कूली बच्चों को तंबाकू के इस्तेमाल से बचाए हेतु टोबैको फ्री एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन के तहत गठित टीम द्वारा जागरूक किया जा रहा है।

तंबाकू के इस्तेमाल से लोगों को निजात दिलाने हेतु सदर अस्पताल एवं रिम्स में तंबाकू सजेशन सेंटर में परामर्श दिया जाता है जहां लोग आकर तंबाकू के लत से निजात पा सकते हैं। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए डॉक्टर अरविंद कुमार एसीएमओ रांची द्वारा बताया गया कि तंबाकू एवं तंबाकू जनित पदार्थ से लोगों को बचाव हेतु लोगों में जागरूकता लाना अति आवश्यक है इसके लिए विभाग की ओर से समय-समय पर न्यूजपेपर एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं बैनर ,माइकिंग ,नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाता है जिससे लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभाव संबंधित जानकारी से अवगत कराया जा सके कार्यक्रम के अंत में प्रवीण कुमार सिंह डीपीएम रांची ने अपने संबोधन में बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से कोटपा एक्ट 2003 के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खास तौर पर स्कूल एवं शिक्षण संस्थान के 100 गज के दायरे में मुहिम के तहत एनफोर्समेंट ड्राइव्स चलाया जा रहा है जिससे काफी हद तक पब्लिक प्लेसों पर तंबाकू के इस्तेमाल एवं बिक्री में रोकथाम लाई गई है । यह एक जन जागरूकता अभियान है जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक करते हुए इसमें कमी लाई जा सकती है। इसके लिए हमें अपने परिवार के लोगों ,अपने सहयोगियो एवं समाज के लोगों को जागरूक करना है तभी हम इसके दुष्प्रभाव से लोगों को निजात दिला सकते हैं।

## राज्यपाल संतोष गंगवार से चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने शिष्टाचार मुलाक़ात किया

रांची : झारखण्ड के राज्यपाल संतोष गंगवार से आज राजभवन में चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह जी एवं सदस्यों ने शिष्टाचार मुलाकात किया और पूजा आयोजन में आने के लिए आंमत्रित किया। इस अवसर पर राज्यपाल को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने अवगत कराया की हर वर्ष भारतीय इस वर्ष में रांची के चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति भव्य रूप से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर पूजा समिति के सदस्यों ने राज्यपाल को मां दुर्गा की प्रतिमा एवं चुनरी भेंट कर सम्मानित किया तथा उन्हें सपरिवार पूजा पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन करने हेतु सादर आमंत्रित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा झारखण्ड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष श्री रमेश सिंह जी, ज.द.यु के प्रदेश महासचिव एवं छपरा के पूर्व विधायक श्री रणधीर सिंह, नि वर्त्तमान पार्षद श्री अशोक गुप्ता, नि वर्त्तमान पार्षद श्री दिलीप गुप्ता जी एवं अन्य उपस्थित रहे।

## झारखण्ड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत का धरना स्थगित

रांची : झारखण्ड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत द्वारा 6 सूत्री मांगो को लेकर राजभवन( जाकिर हुसैन पार्क के पास ) , रांची के समक्ष अनिश्चितकालीन आमरण अनशन सह धरना प्रदर्शन 30 सितंबर को स्थगित कर दिया गया है । झारखंड आंदोलनकारी सह माननीय पूर्व विधायक श्री सूर्य सिंह बेसरा सुझाव और आग्रह पर स्थगित किया गया है । श्री सूर्य सिंह बेसरा ने सभी आमरण अनशनकारियों को नारियल का पानी पिला करआमरण अनशन तोड़वाया और कहा की खा पी कर लड़िए । आमरण अनशन में राज्य अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह , श्री बालेश्वर महतो, श्री परमेश्वर पासवान, प्रीतम कुमार पसवान और सत्य नारायण सरकार और निमाईचंद रजवार आमरण शामिल थे । जब तक चौकीदार दफादारों को न्याय नहीं मिल जाता है तब तक हमारा आगे भी जारी रहेगा ।

## 27 को आदिवासी युवा महोत्सव का आयोजन

रांची : रांची विश्वविद्यालय रांची के दीक्षांत मंडप सभागार में किया जा रहा है । यह कार्यक्रम 26 एवं 27 अक्टूबर 2024 को सम्पन्न होगा । इस साल कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए एक आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसका अध्यक्ष नामकूम पूर्वी क्षेत्र के युवा जिला परिषद् सदस्य ' श्री विपिन टोप्पो' जी तथा कार्यकारिणी अध्यक्ष युवा नेता श्री शशि पन्ना जी को चुना गया है। हेरिटेज बैंक्वेट हॉल, चापू टोली, अरगोड़ा रांची, में विधिवत रूप से मुख्य अतिथि माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत जी द्वारा पोस्टर लॉन्च किया गया। इस कार्यक्रम को करने का मुख्य उद्देश्य है आदिवासी समाज के युवाओं में अपने भाषा-संस्कृति, विशिष्ट जीवन-शैली तथा प्रकृति प्रेम के प्रति और जागरूक करना । साथ ही इस मंच के माध्यम से सांस्कृतिक कला और कलाकारों के साथ-साथ मॉडर्न आर्ट फॉर्म और कलाकार को बढ़ावा देना । इस महोत्सव में राज्य के 33 आदिवासी समुदाय एकसाथ भाग लेंगे, और पारंपरिक नृत्य, पारंपरिक गान, पारंपरिक खान-पान, रॉक बैंड शो, फैशन शो, ट्राईबल एंटरप्रेन्योर मेला सह डिबेट / पैनल डिसकसन, लीडरशिप डेवलोपमेन्ट प्रोग्राम, कैरियर कॉउंसलिंग इत्यादि का हिस्सा बनेंगे । आदिवासी जीवन दर्शन को प्रदर्शित करती सेल्फी पॉइंटस इस महोत्सव के लिए आकर्षण का केंद्र होगा.

## राज्यकर्मियों को कैशलेस कार्ड के साथ स्वास्थ्य बीमा की सौगात

रांचीः झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के प्रदेश संयोजक अमीन अहमद, विजय बहादुर सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार दास, आशुतोष कुमार, प्रेम प्रसाद राणा, मंगलेश्वर उरांव एवं शैलेंद्र कुमार सुमन सहित मोर्चा के तमाम शिक्षक प्रतिनिधि राज्य सरकार के द्वारा समस्त कर्मचारी एवं उनके परिजनों को उचित चिकित्सा व्यवस्था के लिए कैशलेस कार्ड के साथ स्वास्थ्य बीमा को व्यावहारिक रूप से पूर्ण करते हुए माननीय स्वास्थ्य मंत्री झारखंड सरकार श्री बन्ना गुप्ता जी के द्वारा बीमा कंपनी टाटा ए आई जी के साथ एम ओ यु करने एवं सहमति पत्र को पूर्ण कर मोर्चा की बहु प्रतिक्षित मांग को पूरा करते हुए स्वास्थ्य हित में सौगात प्रदान किया है। जिसके लिए मोर्चा, सरकार की सामाजिक सरोकार एवं कल्याणकारी दृढ़ इच्छा शक्ति प्रदर्शित करने के लिए कोटि-कोटि आभार व्यक्त किया है।

## झारखंड सरकार ने 10 वर्षो से लंबित कर्मचारियों को स्वास्थ बीमा का लाभ देना ऐतिहासिक निर्णय

रांचीः झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह ने प्रेस बयान जारी कर कहा की झारखंड सरकार द्वारा 10 वर्षो से लंबित कर्मचारियों/ सेवानिवृत कर्मियो को स्वास्थ बीमा का लाभ देने पर जो एएमयू हुई वो महासंघ इसे एक ऐतिहासिक निर्णय मानता है और राज्य सरकार से मिलनेवाला एक बड़ा तोहफा राज्यकर्मियों के लिए मिला है। वर्तमान झारखंड सरकार से ही महासंघ को उम्मीद है की यही सरकार केवल राज्यकर्मियों/ सेवानिवृत कर्मियो/ संविदाकर्मियों तथा दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की मांगे को चुनाव से पूर्व पूरा करेगी।

# रेल मंत्री ने वाडी बंदर कोचिंग डिपो का गहन निरीक्षण किया





मुंबईः रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा वाडी बंदर कोचिंग डिपो, मुंबई का गहन निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने डिपो के बुनियादी ढांचे, तकनीकी प्रगति और भविष्य की विस्तार योजनाओं की समीक्षा की। निरीक्षण में यात्री सुरक्षा, स्वच्छता और सेवा विश्वसनीयता बढ़ाने एवं नवाचार पर जोर दिया गया ।

निरीक्षण की मुख्य विशेषताएं - ट्रेन सुरक्षा और रखरखाव पर ध्यान - मंत्री ने एलएचबी (लिंके हॉफमैन बुश) कोचों में किए गए सुधारों का निरीक्षण किया, जिसमें स्प्रिंग विफलताओं को कम करने, सवारी आराम और सुरक्षा को बढ़ाने के लिए टीपीयू रिंग्स को जोड़ना शामिल है।

स्वच्छता और यात्री आराम में नवाचार - श्री वैष्णव ने 'बेस्ट फ्रॉम वेस्ट' प्रदर्शनी में प्रदर्शित इन-हाउस डिज़ाइन किए गए कूड़े कलेक्टर जैसे नवाचारों के माध्यम से, एक स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए डिपो के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने टॉयलेट सहित कर्मचारी सुविधाओं की सफाई का भी निरीक्षण किया। यात्रियों की सुविधा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करने हेतु श्री वैष्णव ने व्यक्तिगत रूप से वंदे भारत एक्सप्रेस की '14 मिनट चमत्कार' सफाई प्रक्रिया में इस्तेमाल किए गए डायसन वैक्यूम क्लीनर सहित उन्नत सफाई उपकरणों के उपयोग का प्रदर्शन किया । सुरक्षा और दक्षता के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी - निरीक्षण में एयर ब्रेक अखंडता सुनिश्चित करने के लिए अल्ट्रासोनिक एयर लीकेज डिटेक्शन सिस्टम और समय पर रखरखाव के लिए फ्लशिंग इंडिकेटर और ब्रेक एप्लीकेशन सिस्टम जैसे उन्नत उपकरण शामिल थे। ये प्रौद्योगिकियां पहले से ही राजधानी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में सुरक्षा बढ़ा रही हैं। इसके अतिरिक्त, मंत्री को कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए वर्चुअल रियलिटी के उपयोग और इंटरनेट पर आधारित वास्तविक समय जल स्तर निगरानी प्रणालियों के एकीकरण के बारे में जानकारी दी गई, जो यात्रियों के लिए स्वच्छ पानी तक निर्बाध पहुंच की गारंटी देते हैं। रखरखाव और प्रशिक्षण पर ध्यान- मंत्री ने वंदे भारत स्टोर का दौरा किया, जहां वंदे भारत ट्रेनों के लिए आवश्यक भागों को संग्रहीत किया जाता है, जिससे समय पर मरम्मत और सेवा विश्वसनीयता सुनिश्चित होती है। उन्होंने बेसिक ट्रेनिंग सेंटर का भी दौरा किया, एचएचबी कोच प्रशिक्षण के लिए इन-हाउस मॉडल का अवलोकन किया, जिससे सुरक्षा और सेवा मानकों को और मजबूत किया गया। तकनीकी मुद्दों को सुलझाने और देरी को कम करने, समग्र यात्री अनुभव में सुधार करने में कर्मचारियों की दक्षता बढ़ाने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए वीआर तकनीक के उपयोग की सराहना की गई। यात्री सेवाएँ और शिकायत निवारण - एकीकृत डेटा सेंटर में, श्री वैष्णव ने यात्री शिकायतों को संभालने के लिए जिम्मेदार रेलमदद टीम के साथ बातचीत की। उन्होंने यात्रियों की संतुष्टि बढ़ाने में योगदान देते हुए त्वरित और प्रभावी शिकायत समाधान प्रदान करने में उनके प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया। अग्नि सुरक्षा और आपातकालीन तैयारी - मंत्री को डिपो के भीतर अग्निशामक यंत्रों के प्रबंधन के लिए डिज़ाइन किए गए एक नए विकसित ऐप के बारे में भी जानकारी दी गई, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि सभी अग्नि सुरक्षा उपकरण अच्छी तरह से बनाए रखे गए हैं और आसानी से उपलब्ध हैं, जिससे यात्रियों की सुरक्षा और अधिक हो सके। श्री अश्विनी वैष्णव ने सुरक्षित, स्वच्छ और अधिक कुशल ट्रेन यात्रा सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों और नवाचारों को अपनाने में वाडी बंदर डिपो के प्रयासों की सराहना करते हुए निरीक्षण का समापन किया। यात्रा के दौरान उजागर किए गए सुधार यात्री सुरक्षा और आराम को बढ़ाने के लिए भारतीय रेलवे की निरंतर प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं।

# शेयर बाजार हल्की गिरावट पर बंद



मुम्बई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को हल्की गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट बिकवाली से आई है। आज सुबह बाजार की बढ़त के साथ शुरुआत हुई पर दूसरे सत्र में गिरावट से बाजार नीचे आ गया। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 33.49 अंक करीब 0.04फीसदी नीचे आकर 84,266.29 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 13.95 अंक तकरीबन 0.05 फीसदी नीचे आकर 25,796.90 के लेवल पर बंद हुआ। आईटी और स्मॉलकैप स्टॉक्स में हुई अच्छी खरीदारी से बाजार बड़ी गिरावट से बच गया। वहीं व्यापक सूचकांकों की बात की जाए तो निफ्टी स्मॉलकैप आज 0.79 फीसदी और निफ्टी मिडकैप 0.34 फीसदी बढ़कर बंद हुए। निफ्टी में आज केवल दो ऐसे स्टॉक्स रहे, जो 1 फीसदी से ज्यादा की बढ़त बना सके। ये निफ्टी आईटी और मीडिया स्टॉक्स हैं। निफ्टी आईटी के शेयरों ने आज ओवरआल 1.17 फीसदी और निफ्टी मीडिया के शेयरों ने 1.60 फीसदी की बढ़त बनाई। इसके अलावा आज सेक्टोरल इंडेक्सों में निफ्टी मेटल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, पीएसयू बैंक, फार्मा और ऑटो स्टॉक्स के शेयर रहे। सबसे ज्यादा गिरावट निफ्टी ऑयल एंड गैस के शेयरों में 0.67 फीसदी की रहीं। इसके अलावा, रियल्टी, प्राइवेट बैंक, एफएमसीजी, फाइनेंशियल सर्विसेज और बैंक के शेयर भी नीचे आये। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 14 शेयर बढ़त पर बंद हुए। इनमें सबसे ज्यादा उछाल दर्ज करने वाला शेयर टेक महिंद्रा का रहा। टेक महिंद्रा के शेयर आज 2.93 फीसदी की बढ़त के साथ ही बंद हुआ। इसके अलावा, महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयरों ने भी 2.22 फीसदी ऊपर आया। सबसे अधिक लाभ वाले शेयरों में इंफोसिस, कोटक महिंद्रा, एसबीआइ, एचसीएल टेक, अदाणी पोर्ट्स, नेस्ले इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट्स, बजाज फिनसर्व, सनफार्मा और बजाज फाइनेंस के शेयर रहे। इसी प्रकार निफ्टी के 21 शेयर भी ऊपर आकर बंद हुए। सबसे अधिक लाभ वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, ब्रिटानिया, इंफोसिस, अदाणी एंटरप्राइजेज, कोटक महिंद्रा बैंक जैसे स्टॉक्स शामिल रहे। सेंसेक्स पर आज इंडइंड बैंक के शेयरों में सबसे अधिक 2.68 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी। इसके अलावा, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलिवर, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, टाइटन. रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, एलएंडटी, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, आईटीसी, भारती एयरटेल, मारुति सुजुकी, एचडीएफसी बैंक और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर नीचे आये। वहीं निफ्टी में इंडसइंड बैंक के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट रही । इसके अलावा, ओएनजीसी, एशियन पेंट्स, बजाज ऑटो और टाटा स्टील के शेयर नीचे आये। बाजार जानकारों के अनुसार ग्लोबल मार्केट में नरम रुझान और एफआईआई की तरफ से जमकर शेयरों की बिकवाली के चलते बाजार भावना में गिरावट आई और इसी से बाजार नीचे आया। वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो गत दिवस अमेरिकी बाजार में तेजी रही। एशियाई बाजारों में, टोक्यो में बढ़त रही जबकि दक्षिण कोरिया, हांगकांग और चीनी बाजार छुट्टी के कारण बंद रहे। वहीं यूरोपीय बाजार बाजारों में मिश्रित कारोबार हुआ। इससे पहले आज सुबह आईटी स्टॉक्स में तेजी के चलते बाजार बढ़त के साथ खुले, जबकि बिक्री के मासिक डेटा जारी होने के बाद कुछ ऑटो कंपनियों के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 348.1 अंक चढ़कर 84,647.88 पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 96.75 अंक बढ़कर 25,907.60 पर पहुंच गया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, इंफोसिस और पावर ग्रिड के शेयर प्रमुख रूप से हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील और टाइटन के शेयरों में गिरावट देखने को मिली।

## आज शेयर बाजार बंद रहेगा

मुंबई (ईएमएस)। गांधी जयंती से लेकर क्रिसमस तक कई तरह की छुट्टियां हैं, जिसकी वजह से शेयर बाजार भी बंद रहेंगे। इसी दौरान बीएसई हॉलिडे कैलेंडर लिस्ट 2024 के अनुसार इन तीन महीनों में सिर्फ शेयर बाजार ही नहीं बल्कि इक्विटी डेरिवेटिव और एसएलबी सेगमेंट में भी कोई कारोबार नहीं होगा। शेयर बाजार की छुट्टियों की तारीखें इस प्रकार हैं-

2 अक्टूबरः महात्मा गांधी जयंती
1 नवंबरः दिवाली (सिर्फ सुबह का सेशन बंद रहेगा, स्पेशल मुहूर्त ट्रेडिंग सेशन शाम को होगा, जिसका समय अभी घोषित नहीं हुआ है)
15 नवंबरः गुरु नानक जयंती
25 दिसंबरः क्रिसमस

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज की छुट्टियां
2 अक्टूबरः दोनों सेशंस बंद रहेंगे (सुबह और शाम)
1 नवंबरः दिवाली पर सुबह का सेशन बंद रहेगा
15 नवंबरः गुरु नानक जयंती पर सुबह का सेशन बंद रहेगा
25 दिसंबरः क्रिसमस के दिन दोनों सेशंस बंद रहेंगे

शेयर बाजार की स्थिति
मौजूदा समय में शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर कारोबार कर रहा है और विशेषज्ञों के अनुसार साल के अंत तक सेंसेक्स 90,000 अंकों का स्तर पार कर सकता है। हाल ही में सेंसेक्स 85,978.25 अंकों के जीवनकाल के उच्चतम स्तर पर पहुंचा था। हालांकि, कारोबारी सत्र के अंत में यह 85,571.85 अंकों पर बंद हुआ। निफ्टी भी 37 अंकों की गिरावट के साथ 26,178.95 अंकों पर बंद हुआ था।

## रवि आहूजा सोनी पिक्चर्स एंटरटेनमेंट के अध्यक्ष एवं सीईओ बने

नई दिल्ली (ईएमएस)। जापान की सोनी ग्रुप कॉरपोरेशन और सोनी पिक्चर्स एंटरटेनमेंट (एसपीई) ने रवि आहूजा को अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की मंगलवार को घोषणा की। उनकी नियुक्ति दो जनवरी 2025 से प्रभावी होगी। सोनी समूह ने बयान में कहा कि एसपीई के ग्लोबल टेलीविजन स्टूडियोज के वर्तमान चेयरमैन, अध्यक्ष एचं मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) आहूजा एसपीई के अध्यक्ष एवं सीईओ टोनी विन्सीक्वेरा की जगह लेंगे। इसमें कहा गया, विन्सीक्वेरा दिसंबर 2025 के अंत तक गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में एसपीई के लिए सलाहकार की भूमिका में बने रहेंगे। बयान में कहा गया कि आहूजा सोनी ग्रुप कॉर्पोरेशन के चेयरमैन एवं सीईओ केनिचिरो योशिदा और सोनी ग्रुप कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष, सीओओ एवं मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) हिरोकी तोतोकी के अधीन काम करेंगे। आहूजा सोनी पिक्चर्स टेलीविजन (एसपीटी) के सभी निर्माण व्यवसायों और ग्लोबल टेलीविजन स्टूडियोज के चेयरमैन के रूप में स्टूडियो के भारत व्यवसाय की देखरेख के लिए 2021 में एसपीई में शामिल हुए थे। सोनी ग्रुप कॉरपोरेशन के चेयरमैन एवं सीईओ केनिचिरो योशिदा ने कहा कि रवि 2021 में एसपीई में शामिल होने के बाद से टोनी नीत दल के केंद्र में रहे हैं। रवि अपने साथ दुनिया की कुछ सबसे सफल मनोरंजन कंपनियों में काम करने का वर्षों का अनुभव लेकर आए हैं।

## टाटा के यूके के पोर्ट टैलबोट में स्टील प्लांट में उत्पादन बंद

### लगभग 2,800 कर्मचारियों की नौकरियां खत्म हो जाएंगी

नई दिल्ली (ईएमएस)। टाटा ग्रुप के युनाइटेड किंगडम (यूके) के पोर्ट टैलबोट में स्थित स्टील प्लांट में स्टील उत्पादन का काम बंद हो गया है। यह फैसला बुधवार से प्रभावी हो गया है। कंपनी ने वहां स्थित ब्लास्ट फर्नेस, सिंटर प्लांट और सेकेंडरी स्टील प्लांट तथा कुछ एनर्जी सिस्टम को भी बंद कर दिया है। टाटा स्टील ने पोर्ट टैलबोट प्लांट के एक ब्लास्ट फर्नेस और कोक ओवन को इस साल की शुरुआत में ही बंद कर दिया था। हालांकि, ब्लास्ट फर्नेस से इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस में इस बदलाव में लगभग 2,800 नौकरियां खत्म हो जाएंगी। दरअसल, यह प्लांट काफी पुरानी हैं और ये एसेट अपने जीवन के अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। इस प्लांट को वर्तमान स्वरूप में चलाना आर्थिक और पर्यावरणीय रूप से व्यवहार्य नहीं है। टाटा स्टील यूके के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम जानते हैं कि पोर्ट टैलबोट एक जाना माना स्टील प्लांट रहा है। इस प्लांट में उत्पादन को बढ़ाने के लिए हमेशा नई तकनीक अपनाने पर बल दिया गया है। यह प्लांट अक्सर अन्य स्टील निर्माताओं के लिए मानक निर्धारित करते हैं। उन्होंने कहा, उस परंपरा में, हम कम CO2 स्क्रैप-आधारित स्टीलमेकिंग में अपने £1.25 बिलियन के निवेश के माध्यम से एक उज्जवल, हरित भविष्य की योजना बना रहे हैं, जो पूरे ब्रिटेन में 5,000 से अधिक नौकरियों को बनाए रखेगा। यह पूरे ब्रिटेन में टाटा स्टील के कारोबार को प्रतिस्पर्धा में बनाए रखने में मदद करेगा। टाटा स्टील कुल 1.25 बिलियन पाउंड स्टर्लिंग के निवेश से यूके में इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस का निर्माण कर रही है। इस प्लांट के लिए टाटा स्टील को ब्रिटिश सरकार से 500 मिलियन पाउंड स्टर्लिंग की सब्सिडी भी मिलेगी।

## सेबी की नई परिसंपत्ति श्रेणी शुरू करने के प्रस्ताव पर लगी मुहर

### इनसाइडर ट्रेडिंग नियमों में किया गया संशोधन

मुंबई (ईएमएस)। बाजार नियामक सेबी के निदेशक मंडल ने उच्च जोखिम वाले निवेशकों के लिए एक नयी परिसंपत्ति श्रेणी शुरू करने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। नई परिसंपत्ति की इस श्रेणी में प्रति निवेशक न्यूनतम 10 लाख रुपये का निवेश किया जा सकता है। नया निवेश विकल्प आने से परिसंपत्ति निर्माण में लचीलापन लाया जा सकेगा और म्यूचुअल फंड एवं पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं (पीएमएस) के बीच की खाई को पाटने में मदद मिलेगी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी एक बयान में नियामक ने कहा कि ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) जैसे सूचकांकों पर नजर रखने से जुड़ी म्यूचुअल फंड योजनाओं (पैसेविली म्यूचअल फंड) के लिए नियामक ढांचे को ढील देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इससे अनुपालन जरूरतों को कम करने में मदद मिलेगी। सेबी के निदेशक मंडल की बैठक में कुल 17 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें भेदिया कारोबार नियमों में संशोधन और निवेश सलाहकारों एवं शोध विश्लेषकों के लिए पात्रता मानदंड और अनुपालन शर्तों में रियायत देना शामिल है। अमेरिकी शोध एवं निवेश फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की तरफ से सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच के खिलाफ लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद निदेशक मंडल की यह पहली बैठक थी।

## कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 48 रुपए तक बढ़ी

नई दिल्ली। अक्टूबर के पहले दिन कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत बढ़ गई है। 1 अक्टूबर से 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 48.50 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। ये नए भाव पूरे देश में लागू हो गए हैं और प्रमुख शहरों में सिलेंडर की नई कीमतें इस प्रकार हैं- दिल्ली में 1740, पिछले महीने 1691.50 रुपए, कोलकाता में 1850.50 रुपए, पिछले महीने 1802.50 रुपए, मुंबई में 1692 रुपए, पिछले महीने 1644 रुपए, चेन्नई में 1903 रुपए, पिछले महीने 1855 रुपए थी। हालांकि 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जो आम घरों के लिए राहत की बात हो सकती है। लेकिन कमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने से होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों पर खाने की कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना है, क्योंकि ये स्थान प्रमुख रूप से कमर्शियल गैस सिलेंडर का उपयोग करते हैं।

# छत्तीसगढ़ सरकार चालू खरीफ सत्र में 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदेगी



रायपुर (ईएमएस)। छत्तीसगढ़ सरकार ने चालू खरीफ विपणन सत्र के लिए 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जनसंपर्क विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि चालू खरीफ विपणन सत्र में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी और कस्टम मिलिंग की नीति की समीक्षा करने तथा सुझाव देने के लिए गठित मंत्रिपरिषद उप समिति की मंत्रालय नया रायपुर में हाल ही में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

उन्होंने बताया कि राज्य के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल की अध्यक्षता में हुई बैठक में समिति ने राज्य में किसानों से अनुमानित 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का निर्णय लिया। बैठक में मंत्री-मंडलीय उप समिति के सदस्य वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और 20 सूत्रीय क्रियान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि दीपावली के पर्व और राज्य स्थापना दिवस पर राज्योत्सव को ध्यान में रखते हुए धान खरीद 15 नवंबर से शुरू किए जाने के संबंध में भी चर्चा की गई। हालांकि, इस संबंध में अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदने का निर्णय भी लिया गया। सभी खरीद केंद्रों को इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन की व्यवस्था करने को भी कहा गया है। अधिकारी ने कहा कि मंत्रिमंडल उपसमिति ने जूट (पटसन) आयुक्त तथा जेम पोर्टल के जरिये जूट बैग खरीदने का भी निर्णय लिया ताकि धान की खरीद सुव्यवस्थित हो सके और किसानों को जूट बैग आसानी से उपलब्ध हो सकें। खरीफ के पिछले मौसम में राज्य में समर्थन मूल्य पर रिकॉर्ड 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गई थी और अनुमान लगाया जा रहा है कि चालू मौसम में यह 160 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच जाएगी। अधिकारी ने बताया कि राज्य में 2,058 सहकारी समितियों और 2,739 धान खरीद केंद्रों के जरिये खरीद की जाएगी।

## रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 4 पैसे की गिरावट के साथ ही 83.83 पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी की भारी निकासी के कारण रुपया आज शुरुआती कारोबार में दो पैसे की गिरावट के साथ 83.81 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर के मजबूत रुख के कारण स्थानीय मुद्रा पर दबाव पड़ा, हालांकि कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और घरेलू शेयर बाजारों में सुधार से गिरावट सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में 83.81 पर हरा जो पिछले बंद भाव से दो पैसे की गिरावट दिखाता है। वहीं रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.79 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 फीसदी बढ़त के साथ 100.54 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.29 फीसदी की गिरावट के साथ 71.77 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर की खुदरा बिक्री घटकर 4,588 इकाई हुई

नई दिल्ली(ईएमएस)। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की सितंबर में खुदरा बिक्री सालाना आधार पर आठ प्रतिशत घटकर 4,588 इकाई रह गई। कंपनी की सितंबर 2023 में खुदरा बिक्री 5,003 इकाई थी। जेएसडब्ल्यू ने बयान में कहाकि नये ऊर्जा वाहन (एनईवी) कंपनी की कुल बिक्री में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। पिछले महीने की बिक्री में इनकी हिस्सेदारी 49 प्रतिशत रही।कंपनी ने कहा कि वह अक्टूबर 2024 से वाहन मंच पर आ जाएगी। हालांकि कंपनी भारत में अपने परिचालन की शुरुआत से ही लगातार अपनी खुदरा बिक्री संख्या की जानकारी दे रही है, लेकिन वाहन मंच से जुड़ना समय के साथ इन संख्याओं की परिपक्वता तथा स्थिरता का एक स्वाभाविक परिणाम है। वाहन विनिर्माता ने कहा कि श्राद्ध और मानसून के लंबे समय तक जारी रहने के कारण मोटर वाहन उद्योग को बिक्री के मोर्चे पर कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, आगामी त्योहारों से बाजार में सकारात्मक रुख के साथ ग्राहकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

## बजाज ऑटो की बिक्री सितंबर में 20 प्रतिशत बढ़ी

मुंबई (ईएमएस)। बजाज ऑटो की वाहन बिक्री सितंबर में 20 प्रतिशत बढ़कर 4,69,531 इकाई हो गई, जो पिछले साल इसी महीने 3,92,558 इकाई रही थी। कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन महीने में घरेलू बिक्री सितंबर 2023 में बेची गई 2,53,193 इकाइयों से 23 प्रतिशत बढ़कर 3,11,887 वाहन हो गई। निर्यात सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 1,57,644 इकाई हो गया। इसमें कहा गया कि समीक्षाधीन महीने में दोपहिया वाहनों की बिक्री 4,00,489 इकाई रही, जो पिछले वर्ष इसी माह में बेची गई 3,27,712 इकाई से 22 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने कहा कि इसमें से घरेलू दोपहिया वाहनों की बिक्री 2,59,333 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 2,02,510 इकाइयों से 28 प्रतिशत अधिक है। निर्यात सालाना आधार पर 13 प्रतिशत अधिक 1,41,156 इकाई रहा, जबकि सितंबर 2023 में 1,25,202 इकाई था। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री पिछले महीने छह प्रतिशत बढ़कर 69,042 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 64,846 इकाई थी।

## एस्कॉर्ट्स कुबोटा की ट्रैक्टर बिक्री सितंबर में बढ़कर 12,380 इकाई हुई

नई दिल्ली (ईएमएस)। कृषि एवं निर्माण उपकरण विनिर्माता एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड की सितंबर में ट्रैक्टर बिक्री 2.5 प्रतिशत बढ़कर 12,380 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने उसने 12,081 ट्रैक्टर बेचे थे। एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि सितंबर 2024 में घरेलू ट्रैक्टर की बिक्री 11,985 इकाई रही। यह आंकड़ा सितंबर 2023 में बेची गई 11,334 इकाइयों के मुकाबले 5.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। कंपनी ने कहा कि समय पर व्यापक तथा औसत से अधिक मानसून के कारण जलाशयों में पुनः जल स्तर बढ़ने तथा व्यापार की अनुकूल शर्तों के कारण हम चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में बिक्री में अच्छी वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। इसमें कहा गया कि पिछले महीने ट्रैक्टर का निर्यात घटकर 395 इकाई रह गया, जबकि सितंबर 2023 यह 747 ट्रैक्टर रहा था।

## टोयोटा किर्लोस्कर की बिक्री 14 प्रतिशत बढ़ी




नई दिल्ली (ईएमएस)। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की सितंबर में थोक बिक्री सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 26,847 इकाई हो गई। वाहन विनिर्माता की पिछले साल सितंबर में थोक बिक्री 23,590 इकाई रही थी। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने बयान में कहा कि कंपनी ने घरेलू बाजार में 23,802 इकाइयां बेचीं और 3,045 इकाइयों का निर्यात किया। टीकेएम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि त्योहारों के शुरू होने के साथ ही उत्पादों को लेकर पूछताछ बढ़ रही है। यह हमें हमारे पंसदीदा त्योहारों के समय को लेकर आशावान बना रहा है। खासकर हमारे एसयूवी, एमपीवी और छोटी कार खंड में देश भर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसने सितंबर महीने में हमारी बिक्री में 90 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया है।

# सोना और सेंसेक्सः निवेश में जारी है मुकाबला, सोने ने दी चुनौती




नई दिल्ली (ईएमएस)। वर्तमान में सोना और सेंसेक्स दोनों में आगे निकलने के लिए दौड़ जारी है। इस समय सोने में तेजी देखी जा रही है, जिससे निवेशकों का उत्साह बढ़ा है क्योंकि सोने ने इस साल जनवरी से अब तक रिटर्न के मामले में बीएसई सेंसेक्स को पीछे छोड़ दिया है। बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले महिनों में सोने में और तेजी देखी जा सकती है। हालांकि, देखा जाए तो एक साल की अवधि में सेंसेक्स ने सोने को काफी हद तक पछाड़ दिया है। जुलाई में बजट के दौरान सोने पर सीमा शुल्क में कमी के बावजूद निवेशकों की निराशा केवल दो महीने में खुशी में बदल गई। दूसरी ओर जून में लोकसभा चुनाव के दौरान शेयर बाजार में आई गिरावट ने निवेशकों को चिंतित कर दिया था लेकिन इसके बाद सेंसेक्स ने 85,000 के आंकड़े को पार कर लिया है। यह पहली बार है जब सेंसेक्स ने इस उच्चतम स्तर को छुआ है। पिछले पांच सालों में सोने ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। सितंबर 2019 में सोने की कीमत लगभग 38,000 रुपये प्रति 10 ग्राम थी, जो अब बढ़कर करीब 75,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। इस तरह सोने की कीमत में 37,000 रुपये की बढ़ोतरी हुई है, जो कि 97 फीसदी का रिटर्न दर्शाता है। इस दौरान सोने ने हर साल औसतन 15.54 फीसदी रिटर्न दिया, जबकि 2020 में रिटर्न 34 फीसदी तक पहुंचा। वहीं सेंसेक्स ने इस अवधि में और भी बेहतर प्रदर्शन किया है। सितंबर 2019 में सेंसेक्स 38,800 अंकों पर था, जबकि वर्तमान में यह 85,500 अंक पर पहुंच चुका है। इस प्रकार सेंसेक्स ने 5 साल में 120 फीसदी का रिटर्न दिया, जो सोने के मुकाबले 23 फीसदी अधिक है। सेंसेक्स ने औसतन 19.20 फीसदी रिटर्न दिया, जिसमें सितंबर 2020 में सबसे ज्यादा 58 फीसदी का रिटर्न देखा गया। बाजार के विश्लेषकों का कहना है कि दिसंबर 2025 तक सेंसेक्स एक लाख के आंकड़े को छू सकता है। हालांकि विश्लेषकों का कहना है कि वह भी प्रति 10 ग्राम एक लाख रुपये तक पहुंचने में पीछे नहीं रहेगा। फेड रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती और मिडिल ईस्ट में तनाव को देखते हुए सोने की कीमतों में और बढ़ोतरी की संभावना है। इस प्रकार निवेशकों के लिए दोनों विकल्पों में चुनौतियां और संभावनाएं हैं।

# भारत में अमेरिकी दूतावास ने शुरू किए 2,50,000 अतिरिक्त वीजा अपॉइंटमेंट

### जारी किए गए नए स्लॉट से लाखों भारतीय आवेदकों को समय पर इंटरव्यू देने में मदद मिलेगी




नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने घोषणा की कि उसने भारतीय यात्रियों के लिए 2,50,000 अतिरिक्त वीजा अपॉइंटमेंट खोले हैं। अमेरिकी मिशन के अनुसार हाल ही में जारी किए गए नए स्लॉट से लाखों भारतीय आवेदकों को समय पर इंटरव्यू देने में मदद मिलेगी। अमेरिकी मिशन ने बताया कि उसने लगातार दूसरे वर्ष 10 लाख से अधिक गैर-आप्रवासी वीजा आवेदन प्राप्त किए हैं। इस गर्मी में स्टूडेंट वीजा सत्र के दौरान रिकॉर्ड संख्या में आवेदनों को प्रोसेस किया गया। सभी फर्स्ट टाइम छात्र आवेदकों को भारत में चार वाणिज्य दूतावासों में से किसी एक में अपॉइंटमेंट प्राप्त हुआ। दूतावास ने कहा कि अब हम परिवारों को एक साथ लाने, व्यवसायों को जोड़ने और पर्यटन को सुविधाजनक बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। 2024 में अब तक 1.2 मिलियन से अधिक भारतीय अमेरिका की यात्रा कर चुके हैं, जो 2023 की इसी अवधि की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है। अमेरिकी मिशन के अनुसार, कम से कम छह मिलियन भारतीयों के पास संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा करने के लिए पहले से ही गैर-आप्रवासी वीजा है। अमेरिकी दूतावास ने जोर देकर कहा कि अमेरिका की भारत के साथ साझेदारी इतिहास में किसी भी समय की तुलना में अधिक मजबूत, घनिष्ठ और अधिक गतिशील है। दूतावास ने यह भी बताया कि अमेरिकी सीनेट ने 30 सितंबर को अमेरिका-भारत साझेदारी दिवस के रूप में नामित किया है, जो दोनों देशों के बीच के योगदान और 21वीं सदी को परिभाषित करने वाले रिश्तों को मान्यता देता है। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडेन ने वीजा प्रक्रिया में सुधार और तेजी लाने के लिए एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया था। मुझे गर्व है कि हमने उस वादे को पूरा किया है। उन्होंने बताया कि दूतावास और चार वाणिज्य दूतावासों में उनकी कांसुलर टीमें बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। पिछले सप्ताह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान घोषणा की थी कि भारत सरकार बोस्टन और लॉस एंजेलेस में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलेगी।

# आईएमएफ दल ऋण समझौते पर श्रीलंका की नई सरकार के साथ करेगा चर्चा



कोलंबो (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का उच्च स्तरीय दल बुधवार को श्रीलंका पहुंचेगा और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके नीत सरकार के साथ नवीनतम आर्थिक सुधारों पर चर्चा करेगा। आईएमएफ ने 24 सितंबर को कहा था कि वह श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके नीत नई सरकार के साथ बातचीत शुरू करेगा। साथ ही वह 48 महीने के कर्ज के तहत जारी आर्थिक सुधारों की तीसरी समीक्षा के समय पर चर्चा करेगा। पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे नीत सरकार जुलाई में राष्ट्रपति चुनाव की घोषणा के समय 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर की तीसरी किस्त जारी करने के लिए आईएमएफ के साथ बातचीत कर रही थी। तीसरी समीक्षा के बाद करीब 36 करोड़ अमरीकी डॉलर के वितरण की उम्मीद थी, जिसे आईएमएफ ने चुनाव के अंत तक रोक दिया था।

जारी किए गए बयान के मुताबिक एशिया प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन नीत एक उच्च स्तरीय दल दो से चार अक्टूबर को कोलंबो की यात्रा करेगा, जहां वह राष्ट्रपति दिसानायके और नए आर्थिक दल से मुलाकात करेगा। साथ ही आईएमएफ द्वारा समर्थित श्रीलंका के आर्थिक कार्यक्रम के तहत नवीनतम आर्थिक वृद्धि तथा आर्थिक सुधारों पर चर्चा करेगा। श्रीलंका में नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) सरकार के 21 सितंबर को निर्वाचित होने के बाद आईएमएफ के साथ उनकी यह पहली बातचीत होगी। यह बैठक 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर की ऋण सुविधा की चौथी किस्त जारी करने के मुद्दे के लिए महत्वपूर्ण होगी। चुनाव के कारण तीसरी समीक्षा और चौथी किस्त को जारी करने से रोक दिया गया था। इससे पहले तीसरी समीक्षा पूरी होने के बाद चौथी किस्त इस साल दिसंबर में जारी करने की योजना थी। आईएमएफ के दौरे से पहले सोमवार को सरकारी नीति निर्माताओं ने कहा कि राष्ट्रीय विमानन कंपनी श्रीलंकन एयरलाइंस के पुनर्गठन की योजना को टाल दिया गया है।

हालांकि, इस बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया।घाटे में चल रही सरकारी कंपनियों के संबंध में आईएमएफ की गवर्नेंस डायग्नोस्टिक रिपोर्ट में विमानन कंपनी के पुनर्गठन का मुद्दा भी शामिल था।

# संक्षिप्त खबरें

## बुंडू में 50बेड का बनेगा अस्पताल, विधायक ने किया शिलान्यास

रांची (ईएमएस)। बुंडू में मंगलवार को नए अनुमंडलीय अस्पताल का शिलान्यास तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा द्वारा किया गया। शिलान्यास के मौके पर आमजनता को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि यह अस्पताल स्वास्थ्य क्षेत्र में लोगों के लिए वरदान साबित होगा। यह अस्पताल पांचपरगना क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेगा। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल 50 बेड का होगा और प्रि फेब्रिकेटेड फील्ड का बनेगा। जिसकी लागत 3 करोड़ 37 लाख से ज्यादा है।अस्पताल सभी सुविधाओं से लैस होगा। इस अस्पताल के बन जाने से पांचपरगना क्षेत्र के लोगों की रांची पर निर्भरता कम होगी। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की भी व्यवस्था होगी। पुराना अस्पताल भवन जर्जर हो गया था। जिसे तोड़कर नया बनवाना जरूरी था। विधायक ने कहा चूकि यह अस्पताल मेरे घर से सटा हुआ है। इसलिए इसे बनवाने की जिम्मेवारी उनकी ज्यादा थी। उनकी इच्छा है कि जल्द से जल्द लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिले। बुंडू नगर भी बहुत बड़ा है। नगर के लोगों को ज्यादा लाभ होगा। साथ ही आसपास के ग्रामीण इलाकों के आमजनों को भी यहां बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी।

## गोड्डा में पारिवारिक विवाद में युवती ने लगाई फांसी

गोड्डा(ईएमएस)।पारिवारिक विवाद से तंग आकर एक युवती काजल कुमारी (22 वर्ष) ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।घटना गोड़डा जिले के मेहरमा थाना क्षेत्र के वाजितपुर गांव में सोमवार की शाम की है।सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा भेज दिया।मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घरवालों सौंप दिया गया। घरवालों ने बताया कि पारिवारिक विवाद में काजल ने गुस्से में आकर आत्महत्या कर ली।इस बीच एक अन्य घटना में सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र के करमाटांड़ गांव में मंगलवार की सुबह पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद पत्नी ने गुस्से में आकर जहर खा लिया। स्थिति बिगड़ने पर घरवालों ने तत्काल उसे सदर अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के बाद महिला की हालत स्थिर बनी हुई है।घरवालों ने बताया कि दोनों ने आपस में प्रेम विवाह किया है।दोनों एक- दूसरे पर शक करते हैं, इसलिए आपस में अक्सर विवाद होते रहता है।

## धनबाद में गोपालीचक गोलीकांड का आरोपी गिरफ्तार

धनबाद(ईएमएस)।गोपालीचक कोल डंप गोलीकांड के नामजद आरोपी लोयाबाद के कनकनी निवासी शिवकुमार चौहान को पुटकी पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया।उसे न्यू ड्रिफ्ट पानी टंकी के पास शिव मंदिर के चबूतरा से दबोचा गया। उसके खिलाफ 24 जनवरी को आर्म्स एक्ट व हत्या के प्रयास का मामला पुटकी थाना में केस दर्ज किया गया था।तभी से वह फरार था।ज्ञात हो कि धनबाद के चर्चित घराने रघुकुल व सिंह मेंशन के समर्थकों के बीच वर्चस्व को लेकर गोपालीचक दो नंबर में एसएनआर आउटसोर्सिंग के कोयला लोडिंग पॉइंट के समीप बमबाजी व फायरिंग की घटना हुई थी। छापेमारी में थाना प्रभारी मनोहर करमाली, एसआई दिलीप पाल, एएसआई अमित कुमार समेत पुलिस के जवान शामिल थे। शिवकुमार के खिलाफ लोयाबाद थाना में कई अन्य आपराधिक मामले भी दर्ज हैं।

## चुनाव नजदीक, होने वाला है परिवर्तन : बाबूलाल मरांडी

पश्चिमी सिंहभूम (ईएमएस)।कोल्हान प्रमंडल के चाईबासा में मंगलवार को भाजपा की परिवर्तन सभा के समापन समारोह में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शिरकत की।उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव नजदीक है, परिवर्तन होने वाला है। राज्य की गठबंधन सरकार ने पिछले पांच सालों में राज्य की जनता को सिर्फ लूटने का काम किया है।जेएमएम कांग्रेस की सरकार ने झारखंड के जंगल, पत्थर और बालू से सिर्फ अपनी तिजोरी भरने का काम किया है।राज्य में जमीन की हेराफेरी कर सिर्फ लूटने का काम किया है।चुनाव निकट है, इसलिए हेमंत सोरेन 1 हजार रुपए महिलाओं के खाते में डालकर जनता के बीच चारा डाल रहे हैं।अब हमें हेमंत सोरेन के जाल में नहीं फंसना है। हेमंत सरकार ने उत्पाद सिपाही बहाली में युवाओं को दौड़ाकर उनकी जान ले ली। आज एक घर का जवान बेटा-बेटी मर गया। जेएमएम सरकार ने युवाओं को नौकरी तो नहीं दी, लेकिन मौत जरूर दे दी। राज्य की इस भ्रष्टाचार की सरकार को हटाने और झारखंड में विकास करने के लिए यह यात्रा चलती रहेगी, जब तक परिवर्तन नहीं होता है।उन्होंने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस जनता को ठगती है, लेकिन भाजपा जो कहती है, वह करती है।कोल्हान प्रमंडल के चाईबासा में आयोजित भाजपा की परिवर्तन सभा के समापन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के निर्माण में बलिदान देने वालों का एक लंबा इतिहास है।

## लातेहार में चहारदीवारी निर्माण में अनियमितता का आरोप

लातेहार(ईएमएस)।बरवाडीह प्रखंड के चुंगरू पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, अमवाटीकर में चहारदीवारी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं कराया जा रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि चहारदीवारी निर्माण कार्य में घटिया ईंट व सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा है. बता दें कि बरवाडीह में विकास योजनाओं में भ्रष्टाचार चरम पर है।गत सोमवार को चुंगरू पंचायत में ही एक निर्माणाधीन पुल ढलाई के कुछ ही घंटों बाद गिर गया था।लेकिन संवेदक पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।इस संबंध मे विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि क्षेत्र में जहां भी गलत काम हो रहा है, उस कार्य के कार्यकारी एजेंसियों व संवेदक पर कार्रवाई की जायेगी। ग्रामीणों का आरोप है कि वे अनियमितता की शिकायत जेई से करना चाहते हैं तो वे फोन नहीं रिसिव करते हैं।जेई सिर्फ संवेदक का ही फोन रिसिव करता है।

## आजसू पार्टी प्रदेशभर में करेगी झारखंड नवनिर्माण यात्रा, दो अक्टूबर से गोमिया विधानसभा से होगी शुरुआत

रांची(ईएमएस)।आजसू पार्टी राज्य के अलग अलग विधानसभा क्षेत्रों में झारखंड नवनिर्माण यात्रा का आयोजन करेगी। इसकी शुरुआत 2 अक्टूबर दिन बुधवार को गांधी जयंती के अवसर पर गोमिया विधानसभा से होगी। जिसके बाद यह यात्रा राज्य के विभिन्न विधानसभाओं में आयोजित होगी। गोमिया में यह यात्रा गोमिया हाई स्कूल से 1बी मार्केट होते हुए स्वांग डीएवी स्कूल तक जाएगी। इस यात्रा में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मुख्य रूप से शामिल होंगे। उनके साथ पार्टी के अन्य पदाधिकारी और हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे।पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो कल डुमरी और गोमिया विधानसभा स्तरीय अपना आजसू 24×7 सेवा केंद्र का शुभारंभ करेंगे। झारखंड नवनिर्माण यात्रा से पहले सुदेश महतो डुमरी के इसरी बाजार स्थित अपना आजसू 24×7 सेवा केंद्र की शुरुआत करेंगे फिर गोमिया में आयोजित यात्रा में हिस्सा लेने के पश्चात गोमिया विधानसभा अंतर्गत पेटरवार में अपना आजसू 24×7 सेवा केंद्र का शुभारंभ करेंगे। यह सेवा केंद्र क्षेत्र की जनता के लिए 24 घंटे उपलब्ध होगा।

## दो अक्टूबर से पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा बेतला नेशनल पार्क

लातेहार।बेतला नेशनल पार्क अब पर्यटकों के लिए एक बार फिर से गुलजार होने वाला है। लातेहार जिले में स्थित यह नेशनल पार्क दो अक्टूबर से पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा।यहां पार्क के खुलते ही देश-विदेश से सैलानी प्राकृतिक सुंदरता और वन्य जीवों का लुफ्त उठाने के लिए आने लगेंगे। भारत सरकार के निर्देशानुसार सभी नेशनल पार्क जुलाई से सितंबर तक बंद रहते हैं। यह समय वन्य जीवों का प्रजनन काल होता है।इस दौरान पार्क के कच्चे रास्तों पर बारिश के कारण कीचड़ से वाहन फंसने का भी खतरा रहता है। इसलिए पार्क को बंद रखा जाता है। दो अक्टूबर से पार्क खोलने के साथ-साथ नई सुविधाओं का भी इंतजाम किया गया है।

# आज हजारीबाग आएंगे पीएम मोदी देश को देंगे 83,300 करोड़ की सौगात

## 79,150 करोड़ से अधिक की 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' का करेंगे शुभारंभ

**प्रधानमंत्री 40 एकलव्य स्कूलों का उद्घाटन करेंगे और 25 एकलव्य स्कूलों की आधारशिला भी रखेंगे**

**प्रधानमंत्री-जनमन के अंतर्गत प्रधानमंत्री मोदी कई परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखेंगे**



हजारीबाग : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 अक्टूबर को झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री वैसे तो भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन कार्यक्रम में हजारीबाग आ रहे हैं। लेकिन इस अवसर पर वह यहां से झारखंड समेत देश को विभिन्न योजनाओं की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री मंत्री की अधिकांश परियोजनाएं जनजजातीय और आदिवासी समाज के कल्याण से जुड़ी हुई होंगी।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

प्रधानमंत्री देशभर में जनजातीय समुदायों के व्यापक और समग्र विकास को सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री 79,150 करोड़ रुपए से अधिक के कुल परिव्यय के साथ धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह अभियान 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 549 जिलों और 2,740 ब्लॉकों में 5 करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों को लाभान्वित करते हुए लगभग 63,000 गांवों को शामिल करेगा। इसका उद्देश्य भारत सरकार के विभिन्न 17 मंत्रालयों और विभागों द्वारा कार्यान्वित 25 हस्तक्षेपों के माध्यम से सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को दूर करना है।

### 40 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन

जनजातीय समुदायों के लिए शैक्षिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए, प्रधानमंत्री 40 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) का उद्घाटन करेंगे और 2,800 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 25 ईएमआरएस की आधारशिला रखेंगे।

### पीएम जनमत के तहत 1360 करोड़ की परियोजनाएं

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के तहत 1360 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। 1380 किलोमीटर से अधिक सड़कें, 120 आंगनवाड़ी, 250 बहुउद्देश्यीय केंद्र और 10 स्कूल छात्रावास शामिल हैं। इसके अलावा, वह पीएम जनमन के तहत कई ऐतिहासिक उपलब्धियों का भी अनावरण करेंगे, जिसमें लगभग 3,000 गांवों में 75,800 से अधिक विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के घरों का विद्युतीकरण, 275 मोबाइल मेडिकल इकाइयों का संचालन, 500 आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन, 250 वन धन विकास केंद्रों की स्थापना और 5,550 से अधिक पीवीटीजी गांवों को 'नल से जल' का लाभ प्रदान करना शामिल है। का शिलान्यास और उद्घाटन

## झारखंड में कांग्रेस चुनावी अभियान की शुरुआत करेगी महात्मा गांधी की जयंती से

रांची। झारखंड में कांग्रेस के चुनावी अभियान का आगाज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती दो अक्टूबर से होगा।मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनल शांति ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश द्वारा बापू वाटिका में महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद बीजूपाड़ा में स्वतंत्रता सेनानी सोमा टाना भगत की जयंती पर उनकी प्रतिमा के समक्ष विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-ऑक्शन सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई–नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार हैः–

1. **ई– नीलामी सूचीः** पे एंड यूज शौचालय **ई–नीलामी सूची सं.:** पीएनयू–43– 24, **ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरणः** 14.10.2024 15.00 बजे से । **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नामः** धनबाद स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया (आरक्षण कार्यालय के सामने) में प्री–फैब्रिकेटेड शौचालय का संचालन एवं रखरखाव 03 वर्षो के लिए।
2. **ई– नीलामी सूचीः** पार्किंग, **ई–नीलामी सूची सं.:** पार्किंग–39–24 **ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरणः** 15.10.2024, 15.00 बजे से **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नामः** वाणिज्यिक वाहन यानी पिकअप वैन, पार्सल ले जाने वाले वाहन आदि, कार, टैक्सी, टेम्पो, दोपहिया वाहन पार्किंग स्टैंड साउथ साइड स्टेशन पर डीएवी स्कूल से धनबाद रेलवे स्टेशन के अंडर पास (एलएचएस) तक पहुंच मार्ग के बगल में/सटा हुआ 03 वर्ष की अवधि के लिए पार्किंग स्टैंड।
वाणिज्यिक वाहन यानी पिकअप वैन, पार्सल ले जाने वाले वाहन आदि, कार, टैक्सी, टेम्पो, दोपहिया वाहन पार्किंग स्टैंड साउथ साइड स्टेशन पर अंडर पास (एलएचएस) से पुराना बाजार के संपर्क मार्ग के बगल में धनबाद रेलवे के मंदिर तक 03 वर्ष की अवधि के लिए पार्किंग स्टैंड
3. **ई– नीलामी सूचीः** पार्सल स्कैनर। **ई–नीलामी सूची सं.:** एमआईएससी – पीएस–डीएचएन –8, **ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरणः** 15.10.2024, 15.00 बजे से। **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नामः** 05 वर्षो के लिए धनबाद, बरकाकाना, गढ़वा रोड, डालटनगंज, गोमो, कोडरमा, चोपन, सिंगरौली रेलवे स्टेशन पर स्थित (पार्सल कार्यालय) में सभी आउटगोइंग पार्सल की स्कैनिंग के लिए पार्सल स्कैनर मशीन की स्थापना एवं संचालन के लिए ई–नीलामी।
4. **ई– नीलामी सूचीः** बैटरी ओपरेटेड कार्ट। **ई–नीलामी सूची सं.:** बीओसी– डीएचएन–2–24, **ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरणः** 16.10.2024, 15.00 बजे से। **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नामः** धनबाद रेलवे स्टेशनों के PF–01 से सर्कुलेटिंग एरिया तक बैटरी ओपरेटेड कार्ट की बॉडी पर विज्ञापन के साथ भुगतान के आधार पर यात्रियों को ले जाने के लिए बैटरी ओपरेटेड कार्ट की आपूर्ति, संचालन एवं रखरखाव 03 वर्षो के लिए।

सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई–नीलामी में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें।

रेल प्रशासन के पास किसी /समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल/धनबाद।

पीआर/01236/डीएचएन/सीओएमएल/एन/24–25/80


# वासेपुर के जमीन कारोबारी शहाबुद्दीन सिद्दिकी की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या



धनबाद(ईएमएस)।धनबाद के वासेपुर के जमीन कारोबारी शहाबुद्दीन सिद्दिकी की मंगलवार को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई।वारदात को बाइक सवार तीन अपराधियों ने अंजाम दिया है। शहाबुद्दीन को अपराधियों ने नवाडीह स्थित उनके कार्यालय के ठीक बाहर गोली मारी और फरार हो गए।इस हत्याकांड के पीछे गैंग्स ऑफ वासेपुर के शातिरों का नाम सामने आ रहा है। परिजनों के मुताबिक दो साल से शहाबुद्दीन से रंगदारी की मांग की जा रही थी।रंगदारी नहीं देने के कारण हत्या हुई है।वारदात के बाद पूरे वासेपुर में दहशत का माहौल है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सिटी एसपी अजीत कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है।वासेपुर पांडरपाला निवासी शहाबुद्दीन के भतीजे सद्दाम ने बताया कि असर्फी अस्पताल के समीप ही शान डेवलपर्स का कार्यालय है।शान डेवलपर्स के नाम से उनके चाचा शहाबुद्दीन रियल इस्टेट का कारोबार करते थे। वे झरिया से कार से अपने ऑफिस लौट रहे थे। ऑफिस के समीप वह जैसे ही कार से उतरे और कुछ दूर चले बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने उनके ऊपर गोली चला दी।एक राउंड फायरिंग करने के बाद अपराधी वहां से फरार हो गए।गोली की आवाज सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में शहाबुद्दीन को जख्मी हालात में असर्फी अस्पताल ले गए। गोली उनकी गर्दन पर लगी थी।जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वारदात की खबर पाकर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची।डीएसपी विधि व्यवस्था दीपक कुमार ने बताया कि सिटी एसपी के नेतृत्व में एसआईटी की टीम गठित कर दी गई है. जिसमें डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर, डीएसपी ट्रैफिक, डीएसपी हेड क्वार्टर-1, थाना प्रभारी धनबाद, थाना प्रभारी बैंक मोड़, थाना प्रभारी भूली और थाना प्रभारी केंदुआडीह शामिल हैं। बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया गया है। शहाबुद्दीन के करीबियों ने बताया कि उसे लगभग दो सालों से प्रिंस खान व गोपी खान की तरफ से धमकी दी जा रही थी।पहले उसे एक बॉडीगार्ड भी दिया गया था, जिसे बाद में वापस ले लिया गया। इधर काफी दिनों से अपराधी उसकी रेकी कर रहे थे।इस बात की भनक शहाबुद्दीन को भी हो चुकी थी।इसी कारण शहाबुद्दीन ने अपनी गतिविधियों पर काफी हद तक पाबंदी लगा दी थी।वह सार्वजनिक स्थलों पर जाने से परहेज करता था।यहां तक कि आफिस और घर आवागमन में भी काफी सतर्कता बरतते थे। बावजूद इसके अपराधियों ने उन्हें निशाना बना लिया।

## परसुडीह व सुंदरनगर थाना क्षेत्र में रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कार्रवाई की मांग

पूर्वी सिंहभूम (ईएमएस)। विश्व हिंदू परिषद्, परसुडीह प्रखंड मंत्री यशवंत शुक्ला के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को परसुडीह व सुंदरनगर थाना प्रभारी से मुलाकात की।इस दौरान दोनों को ज्ञापन सौंपकर थाना क्षेत्र में रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों से हो रही परेशानियों से अवगत कराया।यशवंत शुक्ला ने बताया कि विगत कुछ दिनों से क्षेत्र में गौ तस्करी, मोबाइल चोरी, छिनतई, छेड़खानी जैसी गतिविधियां बढ़ गई हैं। जिसमें बांग्लादेशी घुसपैठियों की संलिप्तता का संदेह है।उन्होंने ऐसे विदेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने वाले लोगों के खिलाफ भी विधिसम्मत कार्रवाई की मांग की।दोनों थाना प्रभारियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जल्द ही जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# राज्यपाल ने आर्यभट्ट सभागार स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन समारोह में भाग लिया

रांची(ईएमएस)।राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को आर्यभट्ट सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के समापन समारोह (17 सितम्बर से 1 अक्टूबर) को संबोधित करते हुए सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ और स्वस्थ भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में सक्रिय योगदान दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई का कार्य नहीं, बल्कि यह एक स्वस्थ और समृद्ध समाज की नींव है। उन्होंने सभी से अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। राज्यपाल महोदय ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का जीवन स्वच्छता और सादगी का प्रतीक था। उनका जीवन हमें सिखाता है कि स्वच्छता केवल एक बाहरी सफाई नहीं है, बल्कि यह हमारे आंतरिक मन और समाज का भी प्रतिबिंब है। उन्होंने स्वच्छता को एक स्वस्थ समाज के लिए अनिवार्य माना। 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान पूज्य बापू की इसी विचारधारा पर आधारित है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। राज्यपाल ने 'स्वच्छ भारत अभियान' की 10वीं वर्षगांठ का भी उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री द्वारा प्रारम्भ 'स्वच्छ भारत अभियान' आज एक जन आंदोलन बन चुका है और लोगों को स्वच्छता हेतु प्रेरित करता है। राज्यपाल ने एनएसएस स्वयंसेवकों का इस अभियान में सक्रिय भागीदारी हेतु सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज में स्वच्छता का सकारात्मक संदेश पहुँचाना भावी पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा का कार्य करेगा।इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ० अजीत कुमार सिन्हा, एन.एस.एस.,रांची के समन्वयक डॉ० ब्रजेश कुमार,राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकगण, विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण व कर्मीगण मौजूद थे।

## चतरा में ग्रामीणों ने किया समाहरणालय का घेराव

चतरा(ईएमएस)। ट्रांसपोर्टिंग और आम सड़क को अलग करने की मांग को लेकर टंडवा के 15 गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को समाहरणालय का घेराव किया।प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय प्रशासन से टंडवा में नो एंट्री लागू करने तथा कोल ट्रांसपोर्टिंग को पब्लिक रूट से नहीं किए जाने की अपील की। इस दौरान ग्रामीणों ने अपने मुद्दों को लेकर नारेबाजी की और प्रशासन पर जनता की उपेक्षा का आरोप लगाया। उनका कहना है कि कोल ट्रांसपोर्टिंग गतिविधियों के कारण आम लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल गिरिडीह**

**अतिअल्पकालीन दर उद्धरण आमंत्रण सूचना सं0 02/2024-25**

पथ प्रमण्डल, गिरिडीह कार्यालय अन्तर्गत सामग्रियों की आपूर्ति एवं अधिश्ठापन के लिए दर निर्धारण किया जाना है। इसके लिए ख्यातिप्राप्त आपूर्तिकर्ताओं से दर उद्धरण (Quotation) आमंत्रित किया जाता है। दर उद्धरण (Quotation) दिनांक 07.10.2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक प्राप्त की जायेगी, जो दिनांक 07.10.2024 को ही अपराह्न 3:30 में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित उद्धरणकर्ता/ उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष उपस्थिति/ अनुपस्थिति में खोली जायेगी। सभी सामग्री उच्च गुणवत्ता का होना अनिवार्य होगा। समुचित गुणवता के सामाग्रियों की ही आपूर्ति ली जायेगी। आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों की विस्तृत विवरणी निम्न प्रकार है :–

| Sl. No. | Item | Qty. | Quoted Rate (in Rs.) (without GST) |
|---|---|---|---|
| 1 | Hp Desktop (Model no. Hp280 G9- with Monitor.) | 1 | |
| 2 | HP Laser MFP 1188Fnw Printer | 1 | |
| 3 | Steel Almeerha (Godrej) Size 3 x 6.6, Slim Line | 1 | |
| 4 | Multifunction Xerox machine of HP or equivalent (Model no. Canon IR 2925 (Double Tray duplex and Network WiFi 25PPM | 1 | |
| 5 | Tube light (Havells) 32 Watt | 1 | |
| 6 | Exide Battery (225 Amp) | 1 | |
| 7 | Microtek Invertor (1250 VA) | 1 | |
| 8 | Ceiling Fan (Havells) 48" Samrat | 1 | |
| 9 | Table Glass (8mm) per sqft | 1 | |
| 10 | Monarch Sofa Set 3+1+1 Burgandy + Center Table | 1 | |
| 11 | Exhaust Fan (Havells) 9" DB | 1 | |
| 12 | Steel Rack (6 X 4) | 1 | |
| 13 | Conference Chair Godrej PCH-7112-V05 | 1 | |
| 14 | Executive Table (Nova integra table (5 by 2.5) | 1 | |
| 15 | Executive Chair (Damro) | 1 | |
| 16 | Water Cooler (Voltas) 40 Ltr. | 1 | |
| 17 | By Cycle. (Hercules/ Avon) 22" | 1 | |
| 18 | King Size Bed (Piyestra) | 1 | |
| 19 | Queen Size Bed (Piyestra) | 1 | |
| 20 | Side Table (Piyestra) | 1 | |
| 21 | Foam mattress 6" (Damro) | 1 | |
| 22 | Spring Mattress 6" (Piyestra) | 1 | |
| 23 | Conference Chair (Piyestra) | 1 | |
| 24 | Foam Pillow (Damro) | 1 | |
| 25 | 1.5 ton 3 Star Inv (LLOYD) AC | 1 | |
| 26 | Magnatorn 25 L (Havells) Geyser | 1 | |
| 27 | L Shape table 6 by 4 | 1 | |
| 28 | Nova Integra Table (5 by 2.5) | 1 | |
| 29 | SW-06 Table (4 by 2) | 1 | |
| 30 | Executive Boss Chair | 1 | |
| 31 | Boss Chair | 1 | |
| 32 | Boom Chair Mid Back | 1 | |
| 33 | Gylop Quarter Plate | 1 | |
| 34 | Milton Thermo steel (1 Ltr.) | 1 | |
| 35 | Milton Duo 1800 | 1 | |
| 36 | Morphy Kettle 1.5 Ltr. | 1 | |
| 37 | Bharat Cup | 1 | |
| 38 | Brossil Glass Large | 1 | |
| 39 | Milton Trey Large | 1 | |
| 40 | Cello Custer | 1 | |
| 41 | Tea Spoon 14G | 1 | |
| 42 | Piys Sofa Psfe003A+1A+1A | 1 | |
| 43 | Dam Coffee Table Lshcthe003 | 1 | |
| 44 | Dam Vist. Chair Hybrid Dhc001 | 1 | |

नोट :– 1. कोटेशनदाता दर उद्धत करने के पूर्व स्थल निरीक्षण अवश्य कर लेंगे बाद में किसी प्रकार का दर परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
2. उद्धरणकर्त्ता को दर उद्धरण में PAN एवं GST अंकित करना अनिवार्य होगा।
3. किसी भी उद्धरण को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
4. उद्धत दर में ढुलाई एवं अधिष्ठापन की राशि शामिल रहेगी।
5. यह दर उद्धरण आमंत्रण सूचना मात्र दर निर्धारण हेतु होगा।
6. समाग्रियों की आपूर्ति हेतु अलग से निविदा आमंत्रित की जायेगी।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, गिरिडीह

PR 337769 Road (24-25)_D


# भाजपा की पहली सूची को शिवराज सिंह की मुहर, सीटों पर आजसू के साथ वार्ता अंतिम दौर में



धनबाद। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की पहली लिस्ट नवरात्र में जारी करेगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड बीजेपी के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा है कि अक्टूबर के पहले सप्ताह में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी। जिसमें उम्मीदवारों के नाम तय किए जाएंगे। पहले हफ्ते में पहली सूची आएगी। 4अक्टूबर से नवरात्र शुरू हो रहा है। इसलिए भाजपा शुभ मुहूर्त में उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी। पहली सूची में दो दर्जन के आसपास उम्मीदवारों के नाम हो सकते हैं। इसमें अधिकांश आदिवासियों के लिए आरक्षित सीट शामिल होगी। भाजपा जिन सीटों पर 2019 के चुनाव में हार गई थी उन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा पहले होगी। ताकि उम्मीदवारों को जनता के बीच जाने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। पार्टी सभी प्रमुख चेहरों को चुनावी रण में उतरेगी। इधर, हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद चुनाव आयोग झारखंड और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की घोषणा करेगा।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा और आजसू के बीच सीटों को लेकर बातचीत अंतिम दौर में है। दिल्ली में कल रात पार्टी प्रमुख सुदेश महतो की गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, शिवराज सिंह चौहान सहित कई वरिष्ठ नेताओं के साथ सीटों पर बातचीत हुई है। भाजपा फिलहाल 9 सीट देने को तैयार है। लेकिन आजसू 9 से 10 सीट की मांग कर रही है। संभावना है कि भाजपा 9 से अधिक सीट आजसू को नहीं देगी। जिन सीटों पर विवाद है उनका हल जल्द निकाल लिया जाएगा। तमाड़, मांडू और बड़कागांव सीट पर आजसू की दावेदारी के कारण मामला फंसा हुआ है। इस महीने के अंत तक सीटों का बंटवारा भी एनडीए में हो जाएगा।

संसदीय बोर्ड के सदस्यों में नड्डा के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत, महासचिव (संगठन) बीएल संतोष शामिल हैं।

### इनका नाम लगभग तय

राजधनवार या मनिका -बाबूलाल मरांडी, दुमका - लुईस मरांडी, शिकारीपाडा - परितोष सोरेन, जमताड़ा - दुबराज मंडल या सीता सोरेन, जामा- सीता सोरेन या सुनील सोरेन, बेरमो- योगेश्वर महतोया(बाटुल) रवींद्र पांडेय, टुंडी - राजीव कुमार ओझा या विक्रम पांडेय, झरीया -रागिनी सिंह, बाघमारा-शेखर सिंह या शत्रुघ्न महतो, खूंटी- नीलकंठ सिंह मुंडा, सारयकेला- चंपाई सोरेन, जगन्नाथपुर- गीता कोडा, सिसई - अरूण उरांव, घाटशिला -बाबूला सोरेन, गुमला -मिसिर कुजूर, राजमहल - अनंत ओझा, गोड्डा - अमीत मंडल, भवनाथपुर - भानु प्रताप शाही

# भारतीय टीम ने दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर 2-0 से सीरीज जीती

## बुमराह, अश्विन और जडेजा ने लिए तीन-तीन विकेट




कानपुर (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम ने बारिश की बाधा के बाद भी दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में मेहमान टीम बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से जीत ली है। भारतीय टीम की जीत में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अलावा स्पिनर आर अश्विन और रविन्द्र जडेजा की अहम भूमिका रही। इन तीनों ने ही तीन-तीन विकेट लेकर मेहमान टीम को ढ़हा दिया। भारतीय टीम ने मैच के अंतिम दिन बांग्लादेश को दूसरी पारी में 146 रन पर आउट करने के बाद जीत के लिए मिले 95 रनों के छोटे से लक्ष्य को तीन विकेट पर 98 रन बनाकर आसानी से हासिल कर लिया। युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने पहली पारी की तरह ही दूसरी पारी में भी अर्धशतक लगाया और 45 गेंदों में 8 चौकों और छक्के की मदद से 51 रन बनाए जबकि विराट कोहली 28 रन बनाकर नाबाद रहे। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और कप्तान रोहित शर्मा केवल 8 रन और शुभमन गिल 6 रन बनाकर आउट हो गये। इसके बाद यशस्वी और विराट ने भारतीय टीम को जीत के बेहद करीब पहुंचा दिया। तभी यशस्वी आउट हो गये ओर ऐसे में बल्लेबाजी के लिए आये ऋषभ पंत ने विजयी चौका लगाकर टीम को 18वीं टेस्ट सीरीज जीत दिलाई। इस मैच में पहले दिन से ही बारिश के कारण बाधा आई थी। पहले दिन केवल 35 ओवर खेल हुआ और मेहमान टीम ने तीन विकेट पर 107 रन बनाए थे। इसके बादी दूसरे और तीसरे दिन खेल नहीं हुआ। इससे ये मैच ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था लेकिन चौथे दिन खेल शुरु होने पर भारतीय गेंदबाजों आर अश्चिन , रविन्द्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह ने बांग्लादेश को 233 रनों पर समेट दिया। इसके बाद भारतीय बल्लेबाजों यशस्वी जायस्वाल और शुभमन गिल ने तेजी से रन बनाकर टीम को पहली पारी में 285 तक पहुंचाया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 9 विकेट पर 285 रन पर पारी घोषित कर दी। इस प्रकार भारतीय टीम को पहली पारी के आधार पर 52 रन की बढ़त मिली।

वहीं दूसरी पारी में तेज गेंदबाज बुमराह, के अलावा स्पिन अश्विन और रवींद्र जडेजा ने 3-3 विकेट लेकर बांग्लादेश को बांग्लादेश को 47 ओवर में 146 रनों पर ही समेट दिया। इससे भारतीय टीम को जीत के लिए 62 ओवरों में 95 रन का लक्ष्य मिला। अंतिम दिन पहले सत्र की शुरुआत में बांग्लादेश का केवल एक विकेट गिरा था लेकिन दूसरे चरण में भारतीय गेंदबाजों ने सात विकेट लेकर उसे समेट दिसा। जडेजा और बुमराह के अलावा आकाश दीप ने भी एक विकेट लिया। आकाशदीप ने अच्छी बल्लेबाजी कर रहे शादमान 50 को पेवेलियन भेजा। अश्विन ने शुरुआत में ही दबाब बनाते हुए मोमिनुल हक को 2 रन पर ही पेवेलियन भेज दिया। इसके बाद शादमान इस्लाम और कप्तान नजमुल शांतो ने पारी संभालने का प्रयास किया। कम समय में इस जोड़ी ने 50 रन बनाये पर शांतो के आउट होने के बाद एक के बाद एक विकेट गिरते गये। बुमराह ने अंत में वापसी करते मेहमान टीम को दूसरी पारी में 146 रन पर ही रोक दिया।

बुमराह ने 17 रन पर तीन विकेट जबकि अश्विन और जडेजा ने भी 50 और 34रन देकर तीन-तीन विकेट लिए। आकाश दीप ने 20 रन देकर एक विकेट लिया।

### जडेजा ने पलटा मैच

बांग्लादेश की दूसरी पारी में जडेजा को शुरुआत 27 ओवर तक गेंदबाजी नहीं मिली थी पर एक बार गेंद हाथ आते ही जडेता ने मैच बदल दिया।

जडेजा ने दूसरी ही गेंद पर बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शांतो को बोल्ड कर दिया। नजमुल के विकेट के साथ ही बांग्लादेश की बल्लेबाजी को करारा झटका लगा। इसके अगले ही ओवर में शदमान को आकाशदीप ने आउट कर दिया। शदमान के विकेट के बाद जडेजा अपना दूसरा ओवर लेकर आए। इस ओवर के अंतिम गेंद पर उन्होंने लिटन दास को अपना शिकार बनाकर टीम इंडिया को छठी सफलता दिला दी। टेस्ट क्रिकेट में जडेजा ने लिटन दास को तीसरी बार आउट किया। लिटन को निपटाने के बाद जडेजा का अगला टारगेट बने अनुभवी शाकिब अल हसन।



कानपुर में भारतीय टीम के रविन्द्र जडेजा बांग्लादेश के नजमुल हुसैन का विकेट लेने पर उत्साहित नजर आये।

## भारतीय टीम की तूफानी पारी में बैज़बॉल रणनीति की झलक दिखी : वॉन



लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन बांग्लादेश के खिलाफ दूसरी पारी में भारतीय क्रिकेट टीम की तेज बल्लेबाजी देखकर हैरान हो गये। वॉन के अनुसार भारतीय टीम की ये पारी इंग्लैंड की बैज़बॉल (आक्रामक ) रणनीति की झलक दिखाती है। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल और कप्तान रोहित शर्मा ने चौथे दिन दूसरे सत्र में बांग्लादेश को 233 रनों पर आउट करने के बाद तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी शुरु की। टेस्ट मैच में भारतीय टीम के रनों की तेज गति को देखकर वॉन कुछ समझ नहीं पाये। वॉन ने कहा, मुझे लग रहा है कि भारत ने इंग्लैंड की बैज़बॉल रणनीति अपनायी है। बैज़बॉल रणनीति को इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने शुरु किया था।

अभी भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में शीर्ष पर है और बांग्लादेश के खिलाफ 2-0 से सीरीज जीत से उसकी स्थित पहले स्थान पर और मजबूत होगी। बांग्लादेश सीरीज के बाद भारतीय टीम को न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से खेलना है।

## अश्विन डब्लूटीसी के तीनों संस्करणों में 50 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने




कानपुर (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने बांग्लादेश के खिलाफ यहां खेले जा रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में तीन विकेट लेने के साथ ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम कर लिया। अब अश्विन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी) के तीनों की संस्करणों में 50 से ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गये हैं। अश्विन ने बांग्लादेश की पहली पारी में शाकिब अल हसन का विकेट लेते ही अपने 50 विकेट पूरे किये। अश्विन ने इसके बाद बांग्लादेश की दूसरी पारी में भी 2 विकेट लिए।

अश्विन के नाम अब डब्ल्यूटीसी के इस सत्र में 52 विकेट हो गए हैं। उनसे ज्यादा विकेट किसी अन्य गेंदबाज ने नहीं लिए हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड 51 विकेट के साथ ही दूसरे नंबर पर हैं, इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के ही पैट कमिंस 48 विकेट लेकर तीसरे नंबर पर हैं। अश्विन ने इससे पहले डब्ल्यूटीसी (2019-21) के पहले सत्र में 71 विकेट लिए थे। वे पहले सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में दूसरे नंबर पर थे। इसके बाद उन्होंने दूसरे सत्र में कुल 61 विकेट लिए। इस प्रकार अश्विन ने डब्ल्यूटीसी के तीन सत्रों के 37 मैचों में कुल 182 विकेट लिए हैं। अब उन्हें नाथन लायन 187 का रिकार्ड तोड़ने के लिए छह विकेट की जरुरत है। .

## बावुमा की कप्तानी में बांग्लादेश दौरे पर जाएगी दक्षिण अफ्रीकी टीम



### केशव , डेन सहित तीसरे स्पिनर के लिए सेनुरन शामिल

केपटाउन (ईएमएस)। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड ने इसी माह होने वाले बांग्लादेश दौरे के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस दौरे में दक्षिण अफ्रीकी टीम दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। टेम्बा बावुमा इस सीरी में टीम की कप्तानी करेंगें। टीम में इस सीरीज के लिए तीन स्पिनर रखे गये हैं। जिसमें केशव महाराज और डेन पीट के अलावा स्पिनर सेनुरन मुथुसामी भी शामिल हैं। सेनुरन की एक साल बाद टीम में वापसी हुई है। स्पिनर सेनुरन ने अब तक तीन टेस्ट मैच खेले हैं। इस टीम में एकमात्र गैर अनअनुभवी खिलाड़ी मैथ्यू ब्रीट्जके हैं। वहीं टेम्बा बावुमा दो मैचों की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीकी टीम की अगुवाई करेंगे। पहला टेस्ट ढाका में तथा दूसरा टेस्ट चटगाँव में खेला जाएगा।

दक्षिण अफ्रीका टीम के मुख्य टेस्ट कोच शुकरी कॉनराड ने कहा, ''बांग्लादेश का दौरा करना हमेशा से ही काफी कठिन रहा है। उन्होंने माना कि बांग्लादेश की टीम घरेलू मैदान पर काफी मजबूत है। इसलिए हमें मुकाबले के लिए तैयार रहना चाहिये। इसलिए हमने वहां के स्पिन हालातों के हिसाब से टीम का चयन किया है। उन्होंने कहा कि हमारे पास तीन मुख्य स्पिनर हैं जो जरूरत पड़ने पर किसी भी समय अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

टीम इस प्रकार है : टेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंगहैम, मैथ्यू ब्रीट्जके, नांद्रे बर्गर, टोनी डी जोर्जी, केशव महाराज, एडन मारक्रम, वियान मुल्डर, सेनुरन मुथुसामी, डेन पैटरसन, डेन पिड्ट, कैगिसो रबाडा, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेलटन और काइल वेरिन।

## ओलंपियन हार्दिक बोले, एयरपोर्ट पर लोगों ने हॉकी खिलाड़ियों को नहीं पहचान

### चायवाले के साथ खिंचा रहे थे तस्वीरें

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय हॉकी टीम के मिडफील्डर हार्दिक सिंह ने कहा है कि जब उनकी टीम ओलंपिक कांस्य पदक जीतकर लौटी थी तब भी एयरपोर्ट पर मौजूद लोगों ने उनकी उपेक्षा की थी। हार्दिक के अनुसार लोग भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों को पहचानने की जगह किसी डॉली चायवाला के साथ तस्वीरें खिंचा रहे थे। इस हॉकी स्टार ने कहा कि ये निराशाजनक बात है कि लोग ओलंपिक में पदक विजेता हॉकी टीम के खिलाड़ियों का तक नहीं पहचानते।

हार्दिक के इस वीडियो के सोशल मीडिया पर आते ही लोगों ने घटना पर अपनी नाराजगी जतायी है। एक यूजर ने लिखा, यह बेहद दुखद है कि हमारे देश का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को कोई नहीं पहचानता और एक चाय बेचने वाले को इतना महत्व मिला रहा है। वहीं कुछ अन्य यूजर्स ने कहा कि यह घटना बताती है कि हमें केवल क्रिकेट ही नहीं, बल्कि सभी खेलों के खिलाड़ियों का समान रुप से सम्मान करना चाहिए।

गौरतलब है कि डॉली चायवाला हाल ही में माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ एक वायरल सहयोग के बाद चर्चा में आए थे पर इसके बाद भी देश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों से उनकी तुलना नहीं हो सकती। इस घटना से अंदाजा होता है कि आज भी हमारे समाज में ओलंपिक जैसे खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों को वह पहचान और सम्मान नहीं मिलती जिसके वे अधिकारी हैं।

## मांजरेकर ने राहुल की प्रशंसा की

मुम्बई (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने भारतीय टीम के बल्लेबाज केएल राहुल की जमकर प्रशंसा की है। राहुल ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन केवल 43 गेंदों में 68 रन बना दिये थे जिसमें सात चौके और दो छक्के शामिल थे। राहुल ने ये रन 158.14 के शानदार स्ट्राइक रेट से बनाए थे।

मांजरेकर ने कहा, आप राहुल के बारे में जो देख रहे हैं, वह यह है कि पिछली दो पारियों में अच्छी बल्लेबाजी करते हुए दिखे, उनकी ये पारियां ऐसी थीं जहां उन्हें तेजी से बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया था। ऐसा लगता है कि इससे राहुल को निडर होकर खेलने का अवसर मिला। मुझे लगता है कि जब आप राहुल को आईपीएल या किसी अन्य प्रारूप में खेलते हुए देखते हैं तो उन्हें खुद के बारे में सोचना होता है और रास्ता तय करना होता है। तब वह इतना बेहतर खुलकर नहीं खेल पाते हैं। मांजरेकर ने कहा, इसलिए जब उन्हें कुछ कहा जाता है और जहां केवल एक एजेंडा होता है तब राहुल की क्षमता देखने को मिलती है।

## भारतीय महिला टीम ने टी20 विश्वकप के लिए काफी अच्छी तैयारी की : लक्ष्मण



बेंगलुरू (ईएमएस)। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने कहा है कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने टी20 विश्वकप के लिए काफी अच्छी तैयारी की है जिसका परिणाम टूर्नामेंट में मिलेगा। लक्ष्मण के अनुसार कप्तान हरमनप्रीत कौर की टीम ने सेंटर आफ एक्सीलैंस में लगाये गए शिविर में काफी अभ्यास करने के साथ ही मैच भी खेले हैं। भारतीय टीम चार अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला मैच खेलेगी।

लक्ष्मण ने कहा, 'उन्होंने जिस प्रतिबद्धता, समर्पण और ऊर्जा के साथ तैयारी की है, वह सराहना के योग्या है। मुझे उनकी तैयारियों पर गर्व है। यह काफी अच्छा शिविर था और मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने इस तरीके से तैयार किया था कि पहले चरण में मानसिक और शारीरिक पहलुओं पर ध्यान केन्द्रित किया गया। इसके बाद ब्रेक था और दूसरे चरण में कौशल तथा तकनीकी पहलू पर जोर दिया गया। इस दौरान टीम ने केवल नेट्स अभ्यास ही नहीं किया बल्कि मैच भी खेले। लक्ष्मण ने कहा कि महिला प्रीमियर लीग के आने के बाद देश में महिला क्रिकेट तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि महिला क्रिकेट का ग्राफ तेजी से ऊपर जा रहा है। युवा लड़कियों और अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों की तैयारी का स्तर पहले से अच्छा हुआ। प्रीमियर लगी से अवसर भी बढ़े हैं और अधिक से अधिक प्रतिभाएं सामने आ रही हैं।

## पीसीबी ने क्रिकेटरों से कहा फिटनेस सुधारे, नहीं तो होंगे बाहर

कराची (ईएमएस)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टीम के कई क्रिकेटरों को फिटनेस ठीक करने को कहा है। पीसीबी ने इन क्रिकेटरों से कहा है कि अगर वह ऐसा नहीं करते हैं तो उनका अनुबंध समाप्त कर दिया जाएगा। पीसीबी के अनुसार टीम के फिटनेस ट्रेनर और फिजियो एक और फिटनेस जांच करेंगे क्योंकि कई खिलाड़ी इस महीने की शुरू में ही फिटनेस मानदंडों पर खरे नहीं उतरे थे। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, 'जिन खिलाड़ियों के पास केंद्रीय और घरेलू अनुबंध हैं, उन्हें स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि फिटनेस पर कोई समझौता नहीं होगा और  और उन्हें टीम के फिटनेस विशेषज्ञों द्वारा तय जरुरी मानदंडों को पूरा करना होगा। इस अधिकारी ने कहा, 'मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी और गैरी कर्स्टन ने पीसीबी अध्यक्ष से कहा था कि फिटनेस के संबंध में किसी भी खिलाड़ी से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। पाक टीम का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से लगातार खराब रहा है और उसे बांग्लादेश तक से हार का सामना करना पड़ा। दोनो ही प्रारुपों के कोच ने समय-समय पर टीम की फिटनेस पर सवाल उठाये थे। उनका कहना था कि फिटनेस नहीं होने से खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं।

## भारत के पार्थ ने आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड निशानेबाज चैंपियनशिप में जीते दो स्वर्ण

लीमा (ईएमएस)। भारत के पार्थ राकेश माने ने पेरु में जारी आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड निशानेबाज चैंपियनशिप 2024 में अच्छा प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते हैं। राकेश ने 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक के बाद टीम इवेंट में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। पार्थ ने 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत खिताब जीतने के बाद, अजय मलिक और अभिनव शॉ के साथ मिलकर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में भी स्वर्ण पदक जीता। पार्थ ने 24-शॉट के फाइनल में 250.7 अंक हासिल किए और चीन के मौजूदा जूनियर एशियाई चैंपियन हुआंग लिवानलिन को 0.7 अंकों से पीछे छोड़ा। अमेरिका के ब्रेडन पीसर ने कांस्य पदक जीता जबकि स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन चौथे स्थान पर रहे। इसके अलावा रोमन औफ्रेर छठे स्थान पर रहे।

भारत के ही अन्य निशानेबाजों, अजय मलिक और अभिनव शॉ ने पांचवां और सातवां स्थान हासिल किया। अजय 186.7 अंक के साथ शूट-ऑफ में लिंडग्रेन से हार गए, जबकि अभिनव 144.2 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहे। पहले 62 प्रतियोगियों के क्वालीफिकेशन राउंड में, अजय दूसरे स्थान पर 628.8, पार्थ चौथे स्थान पर 627.7 और अभिनव छठे स्थान पर 627.0 रहे। भारत के अन्य दो प्रतियोगी, उमामहेश मड्डिनेनी 625.5 और तलवार सिंह 625.2 ने 13वें और 14वें स्थान पर समाप्त किया।इसके साथ ही पार्थ, अजय और अभिनव की टीम ने कुल 1883.5 अंक हासिल कर अमेरिका 1877.6 और जर्मनी 1873.9 को हराकर टीम स्वर्ण जीत लिया। वहीं भारत को तीसरा स्वर्ण महिलाओं ने जिताया। गौतमी भानोट, शंभवी क्षीरसागर और अनुष्का ठाकुर ने 10 मीटर एयर राइफल में ये पदक जीता।

## मैं जादूगर नहीं : बुमराह

कानपुर (ईएमएस)। यहां बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा है कि वह कोई जादूगर नहीं हैं। इससे पहले बुमराह को उनके शानदार प्रदर्शन के कारण जादूगर कहा गया था। इसी को लेकर इस खिलाड़ी ने कहा कि मैं इस प्रकार की बातों में विश्वास नहीं रखता। केवल हालातों के अनुसार अपने अनुभव का उपयोग करते हुए गेंदबाजी करता हूं। बुमराह ने कहा कि यह टेस्ट जीत बेहद खास है। ऐसी स्थिति में आप अपने अनुभव का उपयोग करते हुए बेहतर गेंदबाजी करते हैं। उन्होंने कहा कि चेन्नई की तुलना में यहां की जीत अलग रही। उन्होंने कहा कि आकाश दीप बढ़िया गेंदबाजी कर रहे हैं और जिस तरह से वह लगातार बेहतर कर रहे हैं, उसे देखकर मुझे खुशी हुई है। साथ ही कहा कि हमारा लंबा टेस्ट सत्र रहा है इसलिए टी-20 विश्वकप के बाद से ब्रेक भी जरूरी था। इससे सभी खिलाड़ी तरोताजा हो गये हैं। बुमराह ने बांग्लादेश की पहली पारी में 18 ओवर में 50 रन देकर तीन विकेट लिए थे जबकि दूसरी पारी में 17 रन देकर तीन विकेट लिए।



बीजिंग में विश्व टेबिल टेनिस में खेलती हुई फ्रांस की चार्लोट लुटज और कैमिला लुटज।

## चैंपियन्स लीग : रोनाल्डो के गोल से अल नस्र जीता



रियाद (ईएमएस)। स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल से सऊदी अरब के अल नस्र क्लब ने एएफसी चैंपियन्स लीग फुटबॉल में कतर के क्लब अल रेयान को 2-1 से हरा दिया। एलीट ग्रुप चरण के इस मैच में रोनाल्डो ने अल रेयान के खिलाफ मैच समाप्त होने से 14 मिनट पहले ही एक गोल कर अपनी टीम की जीत तय की। वहीं सादियो माने ने हाफ टाइम से ठीक पहले अल नस्र की ओर से पहला गोल दागा था। इसके बाद रोनाल्डो ने एक गोल कर टीम की बढ़त को 2-0 पहुंचा दिया। वहीं मैच समाप्त होने से तीन मिनट पहले अल रेयान की ओर से रोजर गुएडेस ने गोल दागा पर वह अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए। एक अन्य मुकाबले में सऊदी अरब के अल अहली क्लब ने यूएई के अल वासल क्लब को 2-0 से हराया।

## मोर्कल ने जडेजा को मैच विजेता खिलाड़ी बताया

कानपुर (ईएमएस)। भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा की जमकर प्रशंसा करते हुए उसे एक संपूर्ण खिलाड़ी बताया है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर रहे मोर्कल ने कहा कि जडेजा एक मैच विजेता खिलाड़ी हैं जो अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी के बल पर किसी भी मैच का रुख बदल सकते हैं। कोच ने कहा कि जिस प्रकार जडेजा ने 74 मैचों टेस्ट मैचों में ही 3000 रन और 300 विकेट हासिल किये उससे उनकी क्षमताओं का अंदाजा होता है। इससे पहले केवल इंग्लैंड के महान ऑलराउंडर इयान बॉथम ने 72 मैचों में 3000 टेस्ट रन और 300 विकेट लिए थे। जडेजा ने बांग्लादेश हसन महमूद को आउट कर अपने 300 विकेट पूरे किये। मोर्कल ने कहा कि मेरे लिए जडेजा एक ऐसा खिलाड़ी है जो किसी भी भूमिका चाहे वह बल्लेबाजी हो या गेंदबाज खरा उतरता है। हैवह मैदान पर ऐसा खिलाड़ी है जो जादू कर सकता है। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसे आप हमेशा अपनी टीम में रखना चाहेंगे। वह पिछले कई वर्षों से भारत के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।मोर्कल के अनुसार 300 क्लब में शामिल होना एक बड़ी उपलब्धि है। वह किसी भी मैच में अपनी ओर से पूरे प्रयास करता है। जडेजा ने आर अश्विन के साथ मिलकर विरोधी टीम के बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिया है। मोर्कल ने कहा कि ये दोनो ही बल्लेबाज को कोई अवसर नहीं देते हैं। आपको इहमेशा रन बनाने के तरीके खोजने होंगे। दोनों गेंदबाज अगर एक साथ गेंदबाजी करते है तो बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा वाडी बंदर, मुंबई का निरीक्षण



### यात्री संरक्षा और नवाचार पर विशेष ध्यान

मुंबई, (ईएमएस)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को मुंबई के वाडी बंदर कोचिंग डिपो का व्यापक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में उनके साथ, महाप्रबंधक मध्य रेल, धर्म वीर मीना, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता, सुनील कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने डिपो के बुनियादी ढांचे, तकनीकी प्रगति और भविष्य की विस्तार योजनाओं की समीक्षा की। निरीक्षण में यात्री संरक्षा, स्वच्छता और सेवा विश्वसनीयता बढ़ाने पर जोर दिया।

### निरीक्षण की मुख्य विशेषताएं

रेल मंत्री ने एलएचबी (लिंके हॉफमैन बुश) डिब्बों में किए गए सुधारों का निरीक्षण किया, जिसमें स्प्रिंग विफलताओं को कम करने, यात्री सुविधा और संरक्षा बढ़ाने के लिए टीपीयू रिंग्स को जोड़ना शामिल है।

### स्वच्छता और यात्री सुविधा में नवाचार

श्री वैष्णव ने बेस्ट फ्रॉम वेस्ट प्रदर्शनी में प्रदर्शित इन-हाउस डिज़ाइन किए गए कूड़े संग्रहकर्ता (कलेक्टर) जैसे नवाचारों के माध्यम से एक स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए डिपो के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कर्मचारी सुविधाओं की सफाई का भी निरीक्षण किया। मंत्री ने व्यक्तिगत रूप से वंदे भारत एक्सप्रेस की 14-मिनट चमत्कार सफाई प्रक्रिया में उपयोग किए जाने वाले डायसन वैक्यूम क्लीनर सहित उन्नत सफाई उपकरणों के उपयोग का प्रदर्शन किया, जिससे यात्री सुविधा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता रेखांकित होती है।

### संरक्षा और दक्षता के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी

निरीक्षण में एयर ब्रेक अखंडता सुनिश्चित करने के लिए अल्ट्रासोनिक एयर लीकेज डिटेक्शन सिस्टम और समय पर रखरखाव के लिए एफआईबीए (फ्लशिंग इंडिकेटर और ब्रेक एप्लीकेशन) सिस्टम जैसे उन्नत उपकरण शामिल थे। ये प्रौद्योगिकी पहले से ही राजधानी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में संरक्षा बढ़ा रही हैं।

इसके अतिरिक्त, मंत्री को कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए वर्चुअल रियलिटी (वीआर) के उपयोग और आईओटी-आधारित वास्तविक समय जल स्तर निगरानी प्रणालियों के एकीकरण के बारे में जानकारी दी गई, जो यात्रियों के लिए स्वच्छ पानी निर्बाध पहुंच की गारंटी देती हैं।

### रखरखाव और प्रशिक्षण पर ध्यान

रेल मंत्री ने वंदे भारत स्टोर का दौरा किया, जहां वंदे भारत ट्रेनों के लिए आवश्यक पुर्जे संग्रहित किए जाते हैं, जिससे समय पर मरम्मत और सेवा विश्वसनीयता सुनिश्चित होती है। उन्होंने बेसिक ट्रेनिंग सेंटर का भी दौरा किया, जहां एलएचबी कोच प्रशिक्षण के लिए इन-हाउस मॉडल देखे गए, जिससे संरक्षा और सेवा मानकों को और मजबूती मिली।

तकनीकी मुद्दों को हल करने और विलंब को कम करने, समग्र यात्री अनुभव में सुधार करने में कर्मचारियों की दक्षता बढ़ाने के लिए, व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए वीआर (वीआर) तकनीक के उपयोग की सराहना की।

### यात्री सेवाएं और शिकायत निवारण

एकीकृत डेटा सेंटर में, श्री वैष्णव ने यात्री शिकायतों को संभालने के लिए जिम्मेदार रेलमदद टीम के साथ बातचीत की। उन्होंने यात्रियों की संतुष्टि बढ़ाने में योगदान देते हुए त्वरित और प्रभावी शिकायत समाधान प्रदान करने में उनके प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया।

### अग्नि संरक्षा और आपातकालीन तैयारी

मंत्री को डिपो के भीतर अग्निशामक यंत्रों के प्रबंधन के लिए डिज़ाइन किए गए एक नए विकसित ऐप के बारे में भी जानकारी दी गई, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि सभी अग्नि संरक्षा उपकरण अच्छी तरह से रखे गए हैं और आसानी से उपलब्ध हैं, जिससे यात्रियों की संरक्षा और बेहतर तरीके से सुनिश्चित हो सके।

अश्विनी वैष्णव ने संरक्षित, स्वच्छ और अधिक कुशल रेल यात्रा सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों और नवाचारों को अपनाने में वाडी बंदर डिपो के प्रयासों की सराहना करते हुए निरीक्षण का समापन किया। यात्रा के दौरान उजागर किए गए सुधार यात्रियों की संरक्षा और सुविधाओं में वृद्धि हेतु भारतीय रेलवे की निरंतर प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### शारजाह के प्रॉपर्टी मार्केट में भारतीयों की हिस्सेदारी 29 फ़ीसदी

नई दिल्ली (ईएमएस)। दुबई के प्रॉपर्टी मार्केट में भारतीयों का निवेश बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहा है।शारजाह के प्रॉपर्टी मार्केट में भारतीयों का निवेश 29 फीसदी पर पहुंच गया है। दुबई में प्रॉपर्टी के दाम आसमान को छू रहे हैं। वही शारजाह में 40 फ़ीसदी कम दाम प्रॉपर्टी के हैं। जिसके कारण रियल एस्टेट मार्केट में भारतीय बड़ी मात्रा में निवेश कर रहे हैं। शारजाह में विदेशियों के लिए संपत्ति खरीदने के लिए बिल पास हो गया है। उसके बाद से रियल स्टेट में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। 7000 साल पुराने इस शहर में अब हजारों नए घर बन रहे हैं।डेवलपर यहां आकर पुराने टावर खरीदकर नया निर्माण कर रहे हैं।दुबई के लोग भी शारजाह में कम टैक्स होने और प्राकृतिक रूप से अनुकूल माहौल होने से यहां पर बड़ी संख्या में निवेश कर रहे हैं।

दुबई की संपत्तियों के रेट 4 साल से लगातार बढ़ रहे हैं।दुबई के किराए में भी वृद्धि हुई है।दुबई के मुकाबले में शारजाह में किराया की 40 फ़ीसदी कम है। जिसके कारण यहां की जनसंख्या भी तेजी के साथ बढ़ रही है।

### दिवाली और लक्ष्मी पूजन को लेकर ज्योतिषियों और पंडितों में मतभेद

नई दिल्ली (ईएमएस)। दीपावली को लेकर इस बार पंडितों में मतभेद हैं। पंडितों का कहना है, कि 1 नवंबर को अमावस्या नहीं है। इसलिए लक्ष्मी पूजन 31 अक्टूबर को ही संभव है। वहीं कई पंडितों का कहना है कि 1 नवंबर को भी लक्ष्मी पूजन का मुहूर्त है। 31 अक्टूबर को दीपोत्सव मनाने के बाद 1 नवंबर को लक्ष्मी पूजा की जा सकती है। उज्जैन के ज्योतिषियों का कहना है 31 अक्टूबर को दिवाली मनाना विधि सम्मत है। 1 नवंबर को प्रदोष काल में मां लक्ष्मी की पूजा होती है। इस दौरान अमावस्या नहीं रहेगी। ऐसी स्थिति में 31 अक्टूबर को ही दिवाली पूजन करना न्याय संगत होगा। वही ज्योतिषाचार्य आनंद शंकर व्यास के अनुसार चौदस और अमावस 31 अक्टूबर को रहेगी। 1 नवंबर को दोपहर 3:45 बजे तक अमावस्या मानी जाएगी। उसके बाद एकम तिथि शुरू होगी। 1 नवंबर को दोपहर 3:45 के पहले लक्ष्मी पूजन हो सकती है। दीपावली पर्व में,29 अक्टूबर को धनतेरस,31 अक्टूबर को रूप चतुर्दशी, 1 नवंबर को दीपावली,2 नवंबर को गोवर्धन पूजन,3 नवंबर को भाई दूज पंचांग के अनुसार शास्त्र सम्मत तिथि बताई जा रही हैं।कई पंडितों और ज्योतिषियों का मानना है 31अक्टूबर और 1 नवंबर दोनों दिन अमावस्या की तिथि है। 1 नवंबर को भी अमावस्या युक्त प्रतिपदा को माना जाएगा।

### साईं बाबा नहीं चांद मियां हैं, वाराणसी के मंदिरों से प्रतिमा हटाने पर राजनीति शुरू

#### सपा एमएलसी ने बीजेपी का स्टंट बताया

वाराणसी (ईएमएस)। काशी के मंदिरों से साईं बाबा की प्रतिमा हटने का मामला अब बढ़ता जा रहा है। साईं बाबा की प्रतिमा हटाने का सपा एमएलसी ने विरोध कर काशी का माहौल खराब करने का आरोप लगाया है। बीते एक हफ्ते में सनातन रक्षक दल के प्रदेश अध्यक्ष अजय शर्मा की अगुवाई में करीब 12 मंदिरों से साईं बाबा की प्रतिमा हटाई गई है। दो दिन पहले लोहटिया स्थित बड़ा गणेश मंदिर से साईं बाबा की प्रतिमा हटाने का वीडियो सामने आने के बाद से विवाद बढ़ गया। वहीं, दूसरी ओर सनातन रक्षक दल के शर्मा का कहना है कि हिन्दू मंदिरों में देवताओं के साथ किसी फकीर की मूर्ति पूजन कर के भगवान का दर्जा देने का कोई औचित्य नहीं है। शर्मा ने बताया कि सनातन संस्कृति और परंपरा में सनातन धर्मी वैदिक पूजा अर्चना हिन्दू भूल बैठे हैं। काशी के पौराणिक धर्मस्थलों में 33 कोटि देवी देवता विद्यमान हैं। इसके बाद काशी खंड के मंदिरों में विधर्मी चांद मियां उर्फ साईं की प्रतिमा को स्थापित करना दुर्भाग्यपूर्ण और महापाप है। हम लोग मंदिर के महंत और पुजारियों को समझा-बुझा कर प्रतिमाओं को हटा रहे हैं। धीरे-धीरे काशी खण्ड के बाहर भी ये जनजागृति का अभियान चलाया जाएगा। वहीं सपा एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने इस बीजेपी का स्टंट बताते हुए कहा कि महाराष्ट्र में जिस तरह से आम जनता बीजेपी के खिलाफ हैं, यह देखकर काशी में ये प्रयोग इशारे पर किया जा रहा है। काशी ने सभी धर्म और मत को हमेशा सम्मान दिया है। साईं का सबसे बड़ा केंद्र महाराष्ट्र में है और काशी से साईं के बारे में गलत प्रचार करके बीजेपी चुनाव को मुद्दों से भटकाने की कोशिश कर रही है। काशी में ही गलियों की हालत खराब है।

### पहचान छुपा रेप, कोर्ट ने दी आजीवन कारावास की सजा

बरेली (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश के बरेली में अदालत ने एक 25 वर्षीय व्यक्ति को अपनी पहचान गलत बताकर छात्रा से बलात्कार करने के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख का जुर्माना लगाया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट-प्रथम) रवि कुमार दिवाकर की अदालत ने दोषी के 65 वर्षीय पिता साबिर को भी अपराध में अपने बेटे की मदद करने के लिए दो साल के कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला सरकारी वकील दिगंबर सिंह पटेल ने कहा कि बरेली के एक कोचिंग सेंटर में कंप्यूटर कोर्स कर रही एक छात्रा ने मोहम्मद अलीम के खिलाफ अपनी पहचान छिपाकर उसके साथ बलात्कार करने का मामला दर्ज कराया था। छात्रा ने आरोप लगाया कि अलीम ने अपना नाम आनंद बताया। वकील पटेल ने बताया कि 13 मार्च 2022 को अलीम ने उसके साथ रस्मी शादी की और 10 दिन के अंदर कोर्ट में उससे शादी करने का वादा किया। इसके बाद अलीम ने कथित तौर पर छात्रों को कमरे में ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया और इस कृत्य का वीडियो भी बनाया। बाद में वीडियो को सार्वजनिक करने की धमकी देकर, छात्रा के साथ कई बार बलात्कार किया। जब वह गर्भवती हो गई तब उसने (अलीम) उससे (पीड़िता) बचना शुरू कर दिया। वकील ने कहा कि मई 2022 में उसे (पीड़ित छात्रा) जबरन गर्भपात कराने के लिए मजबूर किया। छात्रों को पता चला कि आनंद का असली नाम मोहम्मद अलीम है। अलीम के परिवार ने शादी के लिए उसका धर्म परिवर्तन करने की कोशिश भी की।

### रेलवे द्वारा 2 अक्टूबर को एलटीटी मुंबई और रक्सौल के बीच विशेष ट्रेन सेवा

मुंबई, (ईएमएस)। रेलवे ने यात्रियों की आवश्यकता के आधार पर एवं अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए मुंबई और रक्सौल के बीच वन वे विशेष ट्रेन सेवा चलाने का निर्णय लिया है। 01097 वन वे विशेष बुधवार दिनांक 02.10.2024 को 16.55 बजे एलटीटी मुंबई से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 07.45 बजे रक्सौल पहुंचेगी। ठहरावः कल्याण, इगतपुरी, मनमाड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज छिवकी, दीन दयाल उपाध्याय, पटना, बरौनी, समस्तीपुर, दरभंगा, कमतौल, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी और बैरगनियां। संरचना : 10 शयनयान श्रेणी, 9 सामान्य द्वितीय श्रेणी/द्वितीय श्रेणी सिटिंग जिसमें 1 लगेज सह गार्ड ब्रेक वैन और 1 जेनरेटर कार (20 एलएचबी कोच) शामिल हैं। आरक्षण : विशेष ट्रेन संख्या 01097 के लिए विशेष शुल्क पर बुकिंग सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.आईआरसीटीसी.को.इन पर पहले से ही खुली है। उक्त विशेष ट्रेन के ठहराव एवं समय की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.इन्क्वारी.इंडियनरेल.जीओवी.इन पर जाएं या एनटीईएस ऐप डाउनलोड करें। यात्रियों से रेलवे ने अनुरोध किया है कि वे इन ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन सेवाओं का लाभ उठाएं।

### सोनम वांगचुक से मिलने पहुंची आतिशी मिलने नहीं देने पर भाजपा पर बरसी

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली की सीएम आतिशी सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से मिलने बवाना पुलिस स्टेशन पहुंचीं। हालांकि, आतिशी का दावा है कि वांगचुक से उन्हें मिलने नहीं दिया गया है। आतिशी ने कहा कि लद्दाख के लोग राज्य का दर्जा चाहते हैं। उन्होंन कहा कि बापू की समाधि के दर्शन करने जा रहे वांगचुक और लद्दाख के लोगों को गिरफ्तार किया गया। ये बीजेपी की तानाशाही है। हम वांगचुक का पूरा समर्थन करते हैं।

आतिशी ने कहा कि लद्दाख में एलजी शासन खत्म होना चाहिए और उसी तरह दिल्ली में भी एलजी शासन खत्म होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि इन पुलिस अधिकारियों को एलजी साहब का फोन आया होगा कि आतिशी को वांगचुक से मिलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलना चाहिए और दिल्ली को भी पूर्ण राज्य का दर्जा मिलना चाहिए।

## ईशा फाउंडेशन के खिलाफ याचिका पर सनवाई के दौरान मद्रास हाईकोर्ट का सद्गुरू से सवाल

### अपनी बेटी की शादी कर दी, दूसरों की बेटियों को संन्यासी बनने के लिए क्यों कह रहे

चेन्नई(ईएमएस)। मद्रास हाई कोर्ट ने ईशा फाउंडेशन से सवाल किया कि जब आध्यात्मिक गुरु सद्गुरू जग्गी वासुदेव ने अपनी बेटी की शादी कर दी है, तो वह दूसरों की बेटियों को अपना सिर मुंडवाने और सांसारिक जीवन त्यागकर संन्यासियों की तरह रहने के लिए क्यों प्रोत्साहित कर रहे हैं।

दरअसल, कोयंबटूर में तमिलनाडु एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के रिटायर्ड प्रोफेसर एस कामराज ने ईशा फाउंडेशन के खिलाफ याचिका लगाई है। उनका आरोप है कि उनकी दो बेटियों- गीता कामराज उर्फ मां माथी (42 साल) और लता कामराज उर्फ मां मायू (39 साल) को ईशा योग सेंटर में कैद में रखा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईशा फाउंडेशन ने उनकी बेटियों का ब्रेनवॉश किया, जिसके कारण वे संन्यासी बन गईं। उनकी बेटियों को कुछ खाना और दवा दी जा रही है, जिससे उनकी सोचने-समझने की शक्ति खत्म हो गई है। जस्टिस एसएम सुब्रमण्यम और जस्टिस वी शिवगणनम की बेंच ने पुलिस को मामले की जांच करने और ईशा फाउंडेशन से जुड़े सभी मामलों की एक लिस्ट संकलित करने का निर्देश दिया है। एस कामराज ने हाईकोर्ट में अपनी याचिका में बताया कि उनकी बड़ी बेटी गीता यूके के एक यूनिवर्सिटी से एम.टेक ग्रेजुएट है। उसे 2004 में उसी यूनिवर्सिटी में लगभग 1 लाख के वेतन पर नौकरी मिली थी। उसने 2008 में अपने तलाक के बाद ईशा फाउंडेशन में योग क्लासेज में भाग लेना शुरू किया। जल्द ही गीता की छोटी बहन लता भी उसके साथ ईशा फाउंडेशन में रहने लगी। दोनों बहनों ने अपना नाम बदल लिया और अब माता-पिता से मिलने से भी इनकार कर रही हैं। माता-पिता ने दावा किया कि जब से बेटियों उन्हें छोड़ा है, उनका जीवन नर्क बन गया है।

## बड़ी चूक रेलवे प्रशासन की, टूटे हुए ट्रैक पर दौड़ गई केरल एक्सप्रेस

झांसी (ईएमएस)। रेलवे को लेकर एक चौंकाने और हैरान करने वाली घटना सामने आई है। दरअसल, केरल एक्सप्रेस मंगलवार को ललितपुर में टूटे हुए ट्रैक पर दौड़ गई। हालांकि, सौभाग्य से ट्रेन एक बड़ी दुर्घटना से बाल-बाल बच गई। जानकारी के मुताबिक, ललितपुर में रेलवे प्रशासन की गलती के कारण ट्रेन क्षतिग्रस्त ट्रैक पर दौड़ गई। जब ट्रेन आ रही थी, तब रेलवे स्टाफ ट्रैक पर काम कर रहा था। उन्होंने लाल झंडी दिखाई लेकिन जब तक लोको पायलट ने आपातकालीन ब्रेक लगाए, तब तक तीन डिब्बे ट्रैक के क्षतिग्रस्त हिस्से से गुजर चुके थे। बड़ा हादसा टल गया और घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। हालांकि, जब ट्रेन झांसी पहुंची, तब यात्री ट्रेन से उतरे और हंगामा करने लगे। हाल के सप्ताहों में ट्रेनों को पटरी से उतारने और दुर्घटनाओं को अंजाम देने की कोशिशें तेजी से बढ़ी हैं। सिर्फ यूपी में इसतरह के कई मामले सामने आए हैं। 28 सितंबर को महोबा जिले के मानिकपुर रेलवे लाइन के बांदा-महोबा रेलवे ट्रैक पर टूटे हुए खंभे का एक टुकड़ा रख दिया गया था। सतर्क लोको पायलट द्वारा समय पर आपातकालीन ब्रेक लगाने के कारण दुर्घटना टल गई। वहीं बलिया में रेलवे ट्रैक पर कुछ शरारती तत्वों ने एक बड़ा पत्थर रख दिया था।

## 22 श्रद्धालु नेपाल में फंसे

डिंडौरी (ईएमएस)। नेपाल में तेज बारिश के बीच मध्यप्रदेश के 22 श्रद्धालु काठमांडू में फंस गए हैं। सभी पशुपतिनाथ दर्शन करने गए थे। इनमें डिंडौरी जिले के 7, मंडला के एक, जबलपुर के 6 और रीवा के 8 श्रद्धालु हैं। काठमांडू से लौटने के दौरान काबरे जिले में तेज बारिश से ब्रिज और सडक़ बह गई। रास्ता नदी में तब्दील हो गया, जिसके कारण श्रद्धालु यहां फंस गए।

डिंडौरी जिले में मेहदवानी के कठोतिया गांव के श्रद्धालुओं ने मध्यप्रदेश और केंद्र सरकार से वापसी की गुहार लगाई है। श्रद्धालुओं का कहना है कि भारतीय दूतावास के अधिकारी कोई मदद नहीं कर रहे हैं। वहीं, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा, सबकी सकुशल वापसी के लिए भारत सरकार और नेपाल सरकार के अधिकारियों के बीच बातचीत जारी है।

### नेपाल सरकार की मदद से सुरक्षित पहुंचे काठमांडू

श्रद्धालु दुर्गा साहू ने बताया, मैं अपने साथियों के साथ 24 सितंबर को पशुपतिनाथ दर्शन करने आया था। सिंधुली घाटी और काठमांडू के बीच काबरे जिले के मंगलतार पाला क्षेत्र में रविवार को भारी बारिश हुई। सडक़ बहने के चलते हम आगे नहीं बढ़ पाए। हमने स्थानीय सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते को अपनी समस्या फोन करके बताई। लेकिन कोई मदद नहीं मिली। दुर्गा साहू ने बताया, नेपाल के बागमती के मुख्यमंत्री ने हमें हेलिकॉप्टर की मदद से सोमवार को धौली खेल अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद काठमांडू पहुंचाया गया। मेरे साथ संतोष साहू, खूबचंद साहू, दीपत मरावी, विनोद साहू, राजेश साहू, और रमेश साहू हैं। हम सभी निजी कार से नेपाल आए थे।

### दूतावास के अधिकारियों ने रुपए की डिमांड की

एक श्रद्धालु ने बताया, एक हमने भारतीय दूतावास में अधिकारियों से बात की लेकिन उन्होंने हमने 7 हजार रुपए की डिमांड की।

कोई सुनने को तैयार नहीं है। जानकारी मिल रही है कि उत्तरप्रदेश और बिहार के रास्ते भी बंद हैं। कोई वाहन नहीं चल रहे हैं।

## राहुल गांधी आरक्षण विरोधी खत्म करना चाहते हैं

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को दिल्ली के आईटीओ चौराहे पर पोस्टर लगाया है। पोस्टर में लिखा गया है कि राहुल गांधी आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। राहुल गांधी आरक्षण विरोधी हैं। पोस्टर में राहुल गांधी के अमेरिका में दिए गए बयान का हवाला देकर कहा गया है कि वह आरक्षण खत्म करने के बारे में सोच कर रहे हैं। वह नहीं चाहते हैं कि समाज का दबा-कुचला तबका आगे बढ़े। पोस्टर में कहा गया है कि 2004 से लेकर 2010 तक कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में पिछड़ों का हक मारकर मुस्लिमों को आरक्षण देने का मार्ग प्रशस्त किया, इस किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। भाजपा ने यह पोस्टर हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लगाया है।

भाजपा ने कहा कि कांग्रेस का असली चरित्र यही है, कि वह किसी भी कीमत पर आरक्षण को खत्म करना चाहती है, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देने वाले है।

बता दें कि अमेरिकी दौरे के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने छात्रों को संबोधित किया था। तभी राहुल गांधी से पूछा गया था कि भारत में आरक्षण की व्यवस्था कब तक रहेगी। इस पर कांग्रेस नेता ने कहा था कि हम आरक्षण खत्म करने के बारे में जरूर सोचेंगे, लेकिन मुझे लगता है कि अभी उचित समय नहीं है। जब उचित समय आएगा, तब हम इस पर निसंदेह विचार विमर्श करुंगा।

राहुल के बयान का भाजपा, बसपा सहित अन्य दलित संगठन ने लोगों के बीच यह निहितार्थ निकालना शुरू किया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आएगी, तब वहां दलितों के हितों पर कुठाराघात करते हुए आरक्षण समाप्त कर देगी। इसके बाद राहुल गांधी ने अपने बयान को लेकर सफाई दी।

## आपकी जेब से लगातार पैसा निकाला अपने अरबपति मित्रों को दे रहे मोदी : राहुल गांधी



गुरुग्राम (ईएमएस)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने हरियाणा के बहादुरगढ़ में मंगलवार को चुनावी रैली को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा कि हर कोई जानता है कि यहां ड्रग्स का मुद्दा है। मैं मोदी जी से पूछता हूं कि जब अडानी के मुद्रा पोर्ट पर हजारों किलो ड्रग्स पकड़ी गई, तब आपने क्या कार्रवाई की? राहुल गांधी ने दावा किया कि जब हम सत्ता में आएंगे, तब हरियाणा में हमारी सरकार 1200 रुपये में बिकने वाला (एलपीजी) गैस सिलेंडर अब 500 रुपये प्रति सिलेंडर पर उपलब्ध होगा। हम हरियाणा के किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य भी देने वाले है। राहुल गांधी ने कहा कि हरियाणा के लोग सेना में जाते थे, लेकिन नरेंद्र मोदी ने अग्निवीर योजना लाकर सेना में जाने का रास्ता भी बंद कर दिया है। अग्निवीर योजना हिंदुस्तान के जवानों से पेंशन, कैंटीन और शहीद का दर्जा चोरी करने का तरीका है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के दलितों, पिछड़ों, गरीबों को जो भी मिला है, वहां सभी संविधान की देन है। लेकिन भाजपा हमेशा संविधान पर हमला करती है। उन्होंने कहा कि जब आरएसएस के लोग देश के संस्थानों में अपने लोगों को भरते हैं और गरीबों, वंचितों को जगह नहीं देते- वहां संविधान पर आक्रमण करते हैं। जब नरेंद्र मोदी, अडानी-अंबानी की मदद करते हैं और हिंदुस्तान में रोजगार का सिस्टम खत्म करते हैं, वे संविधान पर आक्रमण करते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा संविधान को खत्म करती है, हम संविधान की रक्षा करते हैं। उन्होंने दावा किया कि आज के हिंदुस्तान में कुछ चुनिंदा अरबपतियों के पास सारा पैसा जा रहा है। वहीं पेट्रोल-डीजल, प्याज जैसी चीजों के दाम बढ़ाकर आपकी जेब से लगातार पैसा निकाला जा रहा है। सच यह हैं कि किसी एक सामान के लिए जितनी जीएसटी अडानी-अंबानी देते हैं, उतनी ही जीएसटी देश का सबसे गरीब किसान भी देता है। इसलिए मैंने मन बना लिया है, जितना पैसा नरेंद्र मोदी अडानी-अंबानी को दें, उतना ही पैसा हम देश के किसानों, गरीबों और महिलाओं को देने वाले है। उन्होंने कहा कि संविधान में लिखा है, कि हिंदुस्तान के सभी नागरिक एक समान हैं। लेकिन... जब नरेंद्र मोदी अरबपतियों का लाखों-करोड़ का कर्ज माफ करते हैं और गरीब, महिला, किसान का कर्ज माफ नहीं करते, तब वे संविधान पर हमला है। जब मोदी अडानी को फायदा पहुंचाने के लिए तीन काले कानून लाते हैं, तब संविधान पर हमला है। मोदी ने ऐसा ढांचा बना रखा है कि हिंदुस्तान में 25 लोग शादी में हजारों-करोड़ खर्च करते हैं और किसान कर्ज में डूबकर अपने बच्चों की शादी करता है। हम ये बदलना चाहते हैं।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो।
(सामान्य शाखा)

**आवश्यक सूचना**

निदेशानुसार चौकीदार संवर्ग की जिलान्तर्गत सीधी नियुक्ति हेतु शारीरिक दक्षता जाँच परीक्षा दिनांक–05/10/2024 को प्रातः 5:00 बजे से जैप–4, सेक्टर 12 के मैदान में निर्धारित है। शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु चयनित अभ्यर्थियों को निम्नांकित दस्तावेज के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा:–

1. लिखित परीक्षा का प्रवेश पत्र (Admit Card) जिस पर हाल का पासपोर्ट साईज फोटो चिपका हुआ हो।
2. वैध मूल फोटो आईडी प्रमाण पत्र यथा आधार कार्ड/पैन कार्ड/वोटर आईडी कार्ड।

उपरोक्त दस्तावेज के अभाव में अभ्यर्थी का प्रवेश अमान्य होगा।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला सामान्य शाखा, बोकारो।

PR 337718 (District) 24-25 (D)

झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार
बोकारो प्रक्षेत्र, बियाडा भवन, बालीडीह, बी०एस०सिटी०-14
दूरभाष संख्या–6542253731, Email.mdbiadabokaro@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सर्वश्री आदित्या इंडस्ट्रीज, प्रक्रम –I, प्लॉट नं0 – I//A-71, रकवा 1.00 एकड़, बोकारो औद्योगिक क्षेत्र, बालीडीह, बोकारो के सत्वाधिकारी श्री मुन्ना प्रसाद, द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में अन्य व्यवसाय में व्यस्त रहने के कारण इकाई को सुचारू रूप से चलाने हेतु इकाई को स्वत्वाधिकारी से साझेदारी में परिवर्तित किया जाना है। इकाई के प्रथम साझेदार श्री मुन्ना प्रसाद, 10 % एवं दूसरा साझेदार भास्कर कुमार शाही 90 % इकाई का नाम सर्वश्री आदित्या इंडस्ट्रीज से बदलकर सर्वश्री शाही इंडस्ट्रीज किया जाना है।

अतः उपर्युक्त प्रस्ताव पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 10 दिनों के अन्दर अपना लिखित आपत्ति दर्ज करें अन्यथा निर्धारित समय अवधि समाप्ति के उपरांत प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

क्षेत्रीय निदेशक,
जियाडा, बोकारो प्रक्षेत्र।

PR.NO.337808 Industries(24-25):D

# बीसीसीएल द्वारा स्कूली बच्चों के लिए मोटीवेशनल-सेमिनार का आयोजन

## निदेशक कार्मिक मुरलीकृष्ण रमैया ने दिया प्रेरक व्याख्यान, सम्मानित किये गये आठ प्रधानाध्यापक






धनबाद । मंगलवार को आज कोयला नगर सामुदायिक भवन में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड बीसीसीएल के परियोजना विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं के लिए "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" विषय पर एक मोटीवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में बीसीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री मुरलीकृष्ण रमैय्या द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और बीसीसीएल कार्मिकों को संबोधित करते हुए विशेष व्याख्यान दिया। लगभग दो घंटे चले इस सत्र में श्री रमैय्या द्वारा पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न तस्वीरों और उद्धरणों के माध्यम से बच्चों को प्रेरित करते हुए जीवन में आगे बढ़ने के गुर सिखाये। उन्होंने जोर देकर कहा कि चीजों और परिस्थितियों को देखने का हमारे नजरिया तय करता है कि हम सफल होंगे या असफल। अच्छी आदतों, ईमानदार प्रयासों और हमेशा सीखने का जुनून हो तो कोई भी मुश्किल आपकी सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकती। इस असर पर शैक्षिक क्षेत्र में विशेष योगदान और उत्कृष्ट सेवा के लिए 08 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को बीसीसीएल द्वारा विशिष्ट शील्ड और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले प्रधानाचार्यों के नाम इस प्रकार हैं – आर.के.सिन्हा, डीएवी पब्लिक स्कूल अलकुसा,प्रसेनजीत कुमार पॉल, डीएवी पब्लिक स्कूल दुग्दा, एन. एन. श्रीवास्तव, डीएवी, पब्लिक स्कूल कोयला नगर, झूमा महता, डीएवी पब्लिक स्कूल कुसुंडा, सुब्रत मोदक, डीएवी पब्लिक स्कूल लोदना,सुब्रत कुमार महंती, डीएवी पब्लिक स्कूल मुनीडीह,उत्तम कुमार मुखर्जी, सरस्वती विद्या मंदिर भूली,राकेश सिन्हा, सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह ।कार्यक्रम का आयोजन बीसीसीएल कल्याण विभाग के सौजन्य से किया गया। स्वागत वक्तव्य महाप्रबंधक (कल्याण) श्री सरोज पाण्डेय दिया और संचालन प्रबंधक राजभाषा श्री दिलीप कुमार सिंह ने किया। मौके पर महाप्रबंधक (कार्मिक) श्री बिद्युत साहा, श्री सुनील कुमार, श्री कुमार मनोज, विभागाध्यक्ष (प्रशासन) श्री सुरेन्द्र भूषण के साथ ही मुख्यालय के विभिन्न विभागों के सैकड़ों अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बीसीसीएल में स्वच्छता दौड़ के माध्यम से दिया गया स्वच्छता का संदेश



धनबाद । देश भर में चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत भारत कोकिंग कोल लिमिटेड में आज स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया। बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन के मुख्य द्वार से आरंभ इस स्वच्छता दौड़ में बीसीसीएल कार्मिकों, सीआईएसएफ जवानों और डीएवी विद्यालय के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं सहित 400 सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रातः 7:30 बजे निदेशक (कार्मिक) श्री मुरलीकृष्ण रमैय्या, निदेशक (वित्त) श्री राकेश कुमार सहाय एवं निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री संजय कुमार सिंह ने झंडा दिखाकर दौड़ की शुरुआत की। प्रतिभागियों द्वारा अपने हाथों में स्वच्छता संदेश लिखे बैनर और पोस्टरों के माध्यम से पूरे कोयला नगर में दौड़ते हुए स्वच्छता के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। दौड़ के समापन के बाद सभी प्रतिभागियों के लिए अंकुरित अनाज, फल, सलाद और नींबू पानी के साथ प्राकृतिक और स्वस्थ नाश्ता भी उपलब्ध कराया गया।

# को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी का चुनाव संपन्न



धनबाद। धनबाद कोल बोर्ड इम्पलाइज को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न हो गया। मतों की गिनती की परिक्रिया 5 बजे सुबह तक चली 1 जिसके बाद चुनाव परिणाम की घोषणा कर दी गई।अध्यक्ष पद पर गौरी शंकर चौहान विजयी हुए।वे 34 मतों के अंतर से जीते.सचिव पद पर कृष्ण कुमार सिंह एवं कोषाध्यक्ष पद पर छोटू राम निर्वाचित हुए।इसके अलावे 9 कार्यकारिणी सदस्य चुनाव को निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराने के लिए कुल 37 चुनाव पदाधिकारी नियुक्त किए गए थे। मतदान परिक्रिया को सुलभ बनाने के लिए 8 बूथ बनाया गया था और प्रत्येक बूथ पर 550 मतदाताओं को बांटा गया था। कार्यकारणी सदस्य कंचन कुमारी, जैनब खातून, चंद्रकला, दिलीप कुमार, रेखा देवी, समेत सभी पदाधिकारियों,कर्मचारियों को बहुजन समाज पार्टी के अभय कुमार ने हार्दिक शुभकामनाए एवं बधाई दी।

# ओल्ड एज होम में वृद्धजनों को सम्मानित कर मना अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस






धनबाद, सबलपुर, सहयोगी नगर स्थित वृद्धजनों का आश्रय स्थल ओल्ड एज होम में मंगलवार को बहुत ही श्रद्धा से अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि आश्रम में धनबाद के अवर न्यायाधीश सह डालसा के सचिव, राकेश रौशन, धनबाद जिला समाज कल्याण विभाग की पदाधिकारी अनीता कुजूर, समाज कल्याण विभाग नियाज अहमद समेत धनबाद के कई समाजसेवी संस्था के सदस्यों ने ओल्ड एज होम पहुंचकर समस्त वृद्धजनों को माला पहनाकर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। न्यायाधीश राकेश रोशन ने कहा आज बुजुर्गों के सम्मान का दिन है। धनबाद में दो वृद्धजनों का आश्रम है। इस अवसर पर अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने आग्रह किया की आज के दिन कम से कम 5 मिनट के लिए भी ओल्ड एज होम आए जो कोर्ट से नजदीक ही है। जबकि आज कोर्ट डे है, लेकिन उनका आदर सम्मान के लिए आजसे अच्छा कोई दिन नहीं हो सकता था 1 वृद्धजनो संग सेलिब्रेट करने का यह सोचकर आश्रम में उन्हें सम्मानित करने पहुंचा हूं।उन्होंने कहा धनबाद में जो दो ओल्ड एज होम है दिल से चाहेंगे कि यहां किसी आश्रम या ओल्ड एज होम में वृद्धजन ना हो, हमेशा चाहेंगे की ये खाली रहे। सभी वृद्ध जनों को अपने घर में भरपूर मान सम्मान व प्यार, सेवा मिले। लेकिन फिर भी आज सोसाइटी में जो भी ऐसे बेटे हैं जो इस हालत में अपने माता-पिता को छोड़ चुके हैं, उनसे प्रार्थना रहेगा की आपका ऐसा कोई दिन नहीं रहे जिस दिन आपको बिना मां-बाप के बिना जीना पड़े। मां को प्यार करने वाले इस बेचैन दुखी बेटे से पूछिए जिनकी मां नहीं है।

माता-पिता को सम्मान दीजिए। माता-पिता को बहुत आदर भाव से रखिए।जैसे जब आप बच्चे थे तो माता-पिता आपके जीवन पोषण के लिए कितना डेडीकेटेड रहते थे। इस तरह उतना ही डेडीकेटेड आपको माता पिता के प्रति होना चाहिए। जीवन में इस सेवा से मिला आत्मिक और हार्दिक शांति से बड़ा कुछ नहीं। उन्होंने कहा आश्रम में वृद्ध जनों की सुविधा शीघ्र ही बढ़ाई जाएगी। आश्रम के अध्यक्ष, नौशाद गद्दी ने कहा न्यायाधीश राकेश रोशन को हम सभी हृदय से धन्यवाद देते हैं कि अपना कीमती समय निकालकर अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस में वृद्ध जनों के बीच पहुंचकर उनको सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया । उन्होंने आगे कहा की जब से न्यायाधीश राकेश रौशन धनबाद आए हैं तभी से आश्रम के वृद्धजनों का बहुत ही ख्याल रख रहे हैं। कई स्वास्थ्य जांच और योजनाओं का लाभ वृद्धजनों को दे चुके है। साथ ही आज के दिन आश्रम में आए हुए पंख एक नई दिशा के सदस्याओं, रोटी बैंक एवं अन्य संस्थाओं का बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार प्रकट करता हूं 1 आश्रम पहुंच कर समस्त वृद्धजनों को सम्मान और सेवा दिया है। साथ ही साथ आश्रम में वृद्ध जनों के जीवन यापन एवं स्वास्थ्य के प्रति किसी तरह का सहयोग करने वाले सारे बेटे बेटियों का मैं नमन करता हूं जिनके सहयोग से जिन बच्चों ने अपने मां बाप को छोड़ दिया है उन असहाय प्यार के भूखे माता पिता तुल्य वृद्धजनों को हम सब प्यार, सम्मान अपनापन और सुविधा देकर आश्रम संचालित कर रहे हैं।इस अवसर पर जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी डॉक्टर मंजू दास, डी पी सी रेखा सिंह, लालदेव रजक जिला कार्यक्रम सहायक फाउंडेशन की अध्यक्ष, नीतू तिवारी, ऋतु गुप्ता, रंजना सिंह, नम्रता गुप्ता, पंख एक उड़ान की पिंकी गुप्ता, गायत्री गुप्ता, सोनी वर्मा, कल्पना रंजन, श्रुति गुप्ता, रवि कुमार, शशि शेखर गुप्ता, सुधा गुप्ता, शिव शंकर गुप्ता, रिंकू, आदि उपस्थित थे।

# विधायक राज सिन्हा ने पीसीसी पथ का किया उद्घाटन



धनबाद। विधायक राज सिन्हा नें कोला कुसमा स्थित स्नेहा अपार्टमेंट से दिलीप सिंह के मार्केट की ओर पी.सी.सी. पथ निर्माण कार्य का विधिवत उद्धघाटन कर जन सेवा में समर्पित किया।मौके पर बिन्देश्वरी बाबू, उमेश सिंह, विशाल सिन्हा, विकास मंडल, दिपक सिंह, अखिलेश झा सहित दर्जनों स्थानीय लोग उपस्थित रहें।

# एनएसयूआई ने की डीएसडब्ल्यू से मुलाकात

धनबाद, कुछ दिनों पहले एस एस एल एन टी साइकोलॉजी डिपार्टमेंट के रिजल्ट में हुई गड़बड़ी को लेकर एनएसयूआई ने कदम उठाए थे, जो की यूनिवर्सिटी की तरफ से कहा गया कि उसे ठीक किया जाएगा 1 लेकिन अभी तक उसका कुछ समाधान नहीं निकला, जिस कारण मंगलवार 1अक्टूबर को फिर से एनएसयूआई ने यूनिवर्सिटी डीएसडब्ल्यू से मुलाकात की और बताया कि अभी तक रिजल्ट ठीक ना किए जाने पर छात्रों को पीजी का फॉर्म भरने में परेशानी हो रही है। जिस कारण छात्रों का यह साल बर्बाद हो सकता है 1 यह सुन डीएसडब्ल्यू ने कहा कि इसका समाधान जल्दी किया जाएगा तथा पीजी के फॉर्म भरने की तिथि को भी बढ़ाया जाएगा। मौके पर मौजूद विश्वविद्यालय छात्र प्रतिनिधि राज रंजन सिंह,सुन्नी सिंह, प्रिया गुप्ता, आयुष सिंह, ध्रुव, दीपक,श्रुति,अलेक्चा ,अनु, दीक्षा तथा अन्य छात्र मौजूद थे।

# पर्सनल टीम बनी धनबाद रेलवे अंतर विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता के विजेता

धनबाद। रेलवे स्टेडियम में अंतर विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में पर्सनल की टीम 3--0 से कैरज एंड वैगन टीम को पराजित कर चैंपियन बना।पर्सनल टीम की और से डिविजनल स्पोर्ट्स ऑफिसर अजीत कुमार ने शानदार फील्ड गोल किए। लवदीप एवं हरमंदीप ने एक एक गोल किए। मैच में मुख्य अतिथि डीआरएम कमल किशोर सिन्हा एवं उनकी धर्मपत्नी गरिमा सिन्हा, एडीआरएम अमित कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किए एवं टीमों को पारितोषिक वितरण किए। मौके पर सीनियर डीसीएम, अमरेश कुमार, सीनियर डीएफएम राहुल कुमार, सीनियर डीएमई सी एस प्रसाद, सीनियर डीईएन कोऑर्डिनेटर प्रदीप कुमार, सीनियर डीएसटीई गौतम गुप्ता, डीएफएम हर्षवर्धन, डीपीओ अनूप सिन्हा, सीनियर डी ई ई जी भजनलाल के अलावा अन्य अधिकारीगण एवं भारी संख्या में दर्शक मैदान में उपस्थित थे। निर्णायक की भूमिका वीरेंद्र यादव, संजय हेंब्रम, सुदन लाल सोरेन, जेवियर टुडू ने निभाया।

# अज्ञात मोटरसाइकिल की चपेट में आने से छात्र हुआ घायल

धनबाद, (जोडापोखर) जोडापोखर सुंदरपुर के रहने वाले धर्मेंद्र यादव का आठ वर्षीय पुत्र सह रॉयल स्कूल जोडापोखर के कक्षा तीन का छात्र रितिक कुमार स्कूल से घर आने के क्रम में टाटा होलिपेड के निकट अज्ञात मोटरसाइकिल की चपेट में आने से घायल हो गया। रितिक को स्थानीय लोगों की मदद से घायलावस्था में जेलगोड़ा अस्पताल इलाज के लिए लाया गया।जहाँ उसकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने धनबाद एनएमसीएच बेहतर इलाज के लिए भेज दिया। घटना की खबर पाकर स्कूल के प्रचार्य पप्पू मिश्रा अन्य शिक्षकों के साथ मिलकर सहयोग को लेकर अस्पताल पहुचे ।स्थानीय लोगों ने बताया कि रितिक प्रत्येक दिन की भांति अपने घर से रॉयल स्कूल पैदल पढ़ने के लिए पहुँचा था।साढ़े 9 बजे स्कूल से छुट्टी हो गई।वह सड़क पर पैदल चलकर अपने घर जा रहा था तभी अज्ञात पल्सर मोटरसाइकिल सवार की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल रितिक का इलाज एनएमसीएच में चल रहा है। जहाँ उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

## ईसीआरकेयू धनबाद शाखा टू में विशेष बैठक आयोजित

# यू पी एस से ओ पी एस की दूरी अब ज्यादा नहीं : मो. ज्याऊद्दीन


धनबाद, ईसीआरकेयू की प्रकृति ही संघर्ष करना है । अब तक जो भी सुविधाएं और अधिकार वर्तमान में रेलकर्मियों को मिल रही हैं वह ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के आंदोलन और संघर्ष के जरिये प्राप्त की गई हैं। उक्त बातें ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पी एन प्रभारी मो ज़्याऊद्दीन ने कहीं। ईसीआरकेयू धनबाद शाखा टू में आयोजित एक विशेष बैठक में अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि एन पी एस समाप्त कर पेंशन की गारंटी के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन एआईआरएफ के नेतृत्व में पिछले 15 वर्षों से चल रही थी। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने 32 श्रमिक यूनियन को मिला कर पेंशन की लड़ाई लड़ी। विभिन्न चरणों में किए गए आंदोलन तथा स्तरों पर मांगपत्र देने का काम किया। वर्ष 2023 को प्रत्येक माह की 21 तारीख को शाखा स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर धरना प्रदर्शन किया गया। 10 अगस्त 2023 को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में लाखों केन्द्रीय और राज्य कर्मचारियों की महाजुटान के दबाव पर केंद्र सरकार ने पेंशन गारंटी के लिए कमिटी गठित की। इस कमिटी ने यू पी एस के तहत पेंशन की गारंटी की घोषणा की है।

# झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने टाटा स्टील प्रबंधन और डूमरी के ग्रामीणों के साथ की बैठक





धनबाद, ( जोड़ापोखर), टाटा स्टील द्वारा डुमरी मौजा के ग्रामीणों के साथ पानी व बिजली नियमित देने के मुद्दे पर झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह और टाटा स्टील प्रबंधन, डुमरी के ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित की गई 1 उक्त बैठक जामाडोबा महाप्रबंधक कार्यालय में महाप्रबंधक की उपस्थिति में आयोजित की गई । ज्ञात हो की ग्रामीणों और प्रबंधन के बीच विगत कुछ समय से बिजली-पानी जैसी मूलभूत समस्याओं को लेकर एक दूसरे पर केस दर्ज हुआ था 1 इसी को लेकर मंगलवार को विधायक के प्रयास पर सार्थक वार्ता हुई। बैठक में टाटा प्रबंधन को विधायक के उपस्थिति में ग्रामीणों ने एक एक कर अपने समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने महाप्रबंधक को कहा कि डूंगरी मौजा के रैयतों का बिजली और पानी से वंचित नहीं रखा जाए, इन्हें कम से कम 20 घंटा विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें।टाटा स्टील जामाडोबा के महाप्रबंधक संजय राजोरिया ने ग्रामीणों को प्रतिदिन 20 घंटे बिजली आपूर्ति करने, पेयजल सुनिश्चित करने तथा ग्रामीणों की अन्य समस्याओं को शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया । बैठक में विधायक प्रतिनिधि, केडी० पाण्डेय,टाटा स्टील के महाप्रबंधक,संजय राजौरिया, अधिकारी हेड एचआर पंकज दास, सिक्योरिटी हेड सुजीत कुमार झा,हेड एडमिनिस्ट्रेशन स्वेता मिश्रा, टीएसएफ से मदन मोहन सिन्हा, जामाडोबा चीफ रमन गुप्ता,ग्रामीणो की ओर से भीम महतो ,मनोज महतो छोटेलाल महतो, जोहर महतो कुंदन महतो अजय महतो ,दिनेश महतो, राजेश महतो, विक्की महतो, धनेश्वर महतो,दिलीप महतो एवं अन्य मौजूद रहे।ज्ञात हो कि एक पखवाड़े पूर्व टाटा स्टील द्वारा डुमरी मौजा के ग्रामीणों को पानी बिजली अनियमित करने पर ग्रामीणों ने महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव प्रदर्शन किया था, जिसके बाद दोनों तरफ से अलग अलग केस भी दर्ज किया गया था ।




स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।